www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 6 सितंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –128 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु



जन्माष्टमी आज

■ भारतीय अस्मिता और हिन्दू राष्ट्र
■ भारत के उच्च व्यापार घाटे के पीछे डंप चीनी निर्यात — पृष्ठ 4

■ शेख हसीना व मोदी की आठ सितम्बर को होगी मुलाकात
■ सूडान संघर्ष से 48 लाख लोग विस्थापित हुए : संरा — पृष्ठ 9

झेंग किनवेन यूएस ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहली बार खेलेंगी — पृष्ठ 10

# जी-20 रात्रिभोज के न्योते में 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' का इस्तेमाल

## कांग्रेस ने 'इंडिया' शब्द हटाने का लगाया आरोप

## गठबंधन 'इंडिया' को लेकर भाजपा नहीं है सहज

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली**, 5 सितम्बर (देशबन्धु)। राजधानी में इसी सप्ताह होने जा रहे जी-20 शिखर बैठक के दौरान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की ओर दिए जाने वाले रात्रिभोज के निमंत्रण को लेकर विवाद हो गया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया कि राष्ट्रपति भवन में 9 सितम्बर को जी-20 के नेताओं को दिए जा रहे रात्रि भोज के निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया है।

उन्होंने इसको लेकर मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद-1 में उल्लिखित भारत, जो इंडिया है, राज्यों का एक समूह होगा। लेकिन अब राज्यों के समूह पर भी हमला हो रहा है। इससे साफ है कि मोदी सरकार विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' से डरी है इसीलिए 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' शब्द का इस्तेमाल किया गया है।


On the occasion of G20 Summit

The President of Bharat
requests the pleasure of the company of

at Dinner
on Saturday, September 09, 2023 at 2000 hrs

### मोदी कहते हैं घमंडिया गठबंधन

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का लेकर भाजपा सहज नहीं है। इसीलिए प्रधानमंत्री इस गठबंधन का नाम इंडिया न कहकर घमंडिया कहते हैं तो गृहमंत्री अमित शाह इसे इंडी अलायंस कहने लगे हैं। यही नहीं संघ प्रमुख मोहन भागवत सहित भाजपा के नेता भी इंडिया की जगह भारत शब्द इस्तेमाल करने की मांग कर रहे हैं। ऐसे में खबर यह भी है कि 18 सितम्बर से शुरू हो रहे संसद में विशेष सत्र में मोदी सरकार संविधान से इंडिया शब्द हटाने की तैयारी कर रही है। हालांकि यह संविधान संशोधन दो-तिहाई बहुमत से ही संभव है। इसलिए राह आसान नहीं है। इस बीच सक्रिय राजनीति में उतरने का संकेत देते हुए पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने मांग की है कि खिलाड़ियों की जर्सी पर भी भारत लिखा जाना चाहिए। उन्होंने कहाकि भारत हमारे देश का नाम है और इस पर हमें गर्व करना चाहिए।

> किसी के पास अधिकार नहीं है कि वो देश का नाम बदल सके। मुझे समझ में नहीं रहा है कि सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी ऐसा क्यों कर रही है : शरद पवार, एनसीपी

> संविधान के अनुच्छेद-1 में उल्लिखित भारत, जो इंडिया है, राज्यों का एक समूह होगा। लेकिन अब राज्यों के समूह पर भी हमला हो रहा है : जयराम रमेश, कांग्रेस

> देश के इतिहास को फिर से लिखने की कोशिश की जा रही है। मैंने सुना है कि भारत का नाम बदला जा रहा है। जी-20 के निमंत्रण पत्र पर भारत लिखा हुआ है : ममता बनर्जी, टीएमसी

> फासीवादी बीजेपी शासन को उखाड़ फेंकने के लिए हमारे एकजुट होने और अपने गठबंधन को नाम 'इंडिया' देने के बाद अब बीजेपी 'इंडिया' को 'भारत' में बदलना चाहती है : एमके स्टालिन, डीएमके

### अमिताभ बच्चन का भारत के समर्थन में ट्वीट

दिग्गज सिने अभिनेता अमिताभ बच्चन भी नाम की इस सियासत में सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने इंडिया की जगह भारत नाम के समर्थन की मंशा प्रक्रट करते हुए ट्वीट कर लिखा कि भारत माता की जय।

# शिक्षकों के संकल्प और समर्पण से राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित : राज्यपाल



■ राष्ट्र और समाज के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका : भूपेश
■ राजभवन में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह

**रायपुर**, 5 सितम्बर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस के अवसर पर आज राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उत्कृष्ट शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि हमारे शिक्षकों का संकल्प और समर्पण छत्तीसगढ़ राज्य को शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करने में मद्दगार सिद्ध हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राष्ट्र और समाज के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

राजभवन के दरबार हॉल में शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे चार उत्कृष्ट शिक्षकों रायपुर जिले की सुश्री ममता अहार प्रधानपाठिका को डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्मृति पुरस्कार, कोण्डागांव जिले की श्रीमती मधु तिवारी प्रधान अध्यापिका को डॉ. मुकुटधर पाण्डेय स्मृति पुरस्कार, रायगढ़ जिले की श्रीमती राश्मि वर्मा व्याख्याता को डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति पुरस्कार और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले की श्रीमती इंदिरा चंद्रवंशी शिक्षक एल.बी. को गजानन माधव मुक्तिबोध स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी तरह प्रधान पाठक व्याख्याता, उच्च क्षेणी शिक्षक, शिक्षक, शिक्षक एल. बी. तथा सहायक शिक्षक एल. बी., वर्ग के 48 उत्कृष्ट शिक्षकों को वर्ष 2022-23 के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस गरिमामय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि शिक्षकों का महत्वपूर्ण कार्य विद्यार्थियों को केवल ज्ञान देना नही होता, बल्कि उन्हें नैतिक मूल्यों, सही दिशा में चलने की क्षमता और समृद्धि की दिशा में मार्गदर्शन करना भी होता है। हमारे बीच उपस्थित शिक्षकों ने इस कठिन मार्ग पर चलते हुए न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि समाज में भी सदाचार और सच्चाई की महत्वपूर्ण बातें सिखाई हैं। उन्होंने शिक्षा को एक नई दिशा की ओर ले जाने के लिए नवाचार किया है। हरिचंदन ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का स्मरण किया जिनकी जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। गुरू रविन्द्रनाथ टैगोर, अरविन्दो जैसे महान शिक्षाविदो का जिक्र किया जिन्होंने शिक्षकों के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

हरिचंदन ने कहा कि शिक्षकों से कहा कि आपका यह संघर्ष और मेहनत अनमोल है। आपने कई बार कठिनाइयों का सामना किया होगा, परंतु आपकी निष्ठा और प्रतिबद्धता ने उन सभी समस्याओं को पार करने में सफलता दिलाई है। हम सबके लिए आपका यह समर्पण एक प्रेरणा स्रोत है। राज्यपाल ने सभी पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि इन शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ की समृद्धि और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में अपना योगदान दिया है और हम सभी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को कृष्ण जन्माष्टमी की दी बधाई

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होंने सबके सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। राज्य शासन द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर 7 सितंबर को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य हेतु 'शुष्क दिवस' घोषित किया गया है। राज्य शासन द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर 7 सितंबर को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य हेतु 'शुष्क दिवस' घोषित किया गया है। इस दौरान प्रदेश में स्थित समस्त देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, होटल, बार, क्लब, भांग एवं भांग घोटा की फुटकर दुकानें बंद रहेंगी। उल्लंघन करने पर दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

### वायुसेना 30 सितम्बर को भोपाल में करेगी फ्लाई पास्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के भोजताल पर वायुसेना के 91वें वर्षगांठ समारोह के अवसर पर भारतीय वायुसेना द्वारा 3 सितम्बर को मल्टी एयरक्राफ्ट फ्लाई पास्ट का आयोजन किया जाएगा। फ्लाई पास्ट में लड़ाकू विमान (सुखोई -3, मिराज-2, जगुआर, एलसीए तेजस, हॉक), हेलीकॉप्टर (चिनूक, एमआई-17 वी 5, चेतक) और परिवहन विमान (सी13, आईएल-78 और एएन-32) शामिल होंगे। समारोह में सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम, सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम और आकाश गंगा टीम द्वारा हैरतअंगेज प्रदर्शन किए जाएंगे।

### ईडी ने नुसरत जहां को जारी किया समन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नेता व अभिनेत्री नुसरत जहां को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन जारी किया है, जिसमें एक रियल एस्टेट फर्म के साथ उनके कथित संबंध में 12 सितंबर को जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है। केंद्रीय एजेंसी ने सेवन सेंस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक राकेश सिंह को भी उसी तारीख को सुबह 11 बजे तलब किया है।

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने जागरूकता प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आज देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने यहां कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी में वर्ष 1951 से लेकर वर्तमान तक के निर्वाचन से जुड़े महत्वपूर्ण व्यक्तियों और घटनाओं के चित्रों को दर्शाया गया है। मतदाताओं को जागरूक करने के रचनात्मक प्रयास जैसे शुभंकर, प्रेस कव्हरेज आदि को भी प्रदर्शित किया गया है।

# विश्व कप के लिए भारतीय टीम घोषित

## रोहित शर्मा संभालेंगे कमान, हार्दिक को मिली उपकप्तानी

**कोलंबो**, 5 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को रोहित शर्मा की कप्तानी और हार्दिक पांड्या की उपकप्तानी में एकदिवसीय विश्व कप 2023 के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। चोट के कारण लंबी छुट्टी के बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले केएल राहुल और श्रेयस अय्यर विश्व कप टीम में बने हुए हैं। भारत की कोर टीम में विराट कोहली, शुभमान गिल, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जाडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। भारत ने आखिरी बार 2011 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में विश्व कप जीता था। एशिया कप के लिए चुने गए प्रसिद्ध कृष्णा और तिलक वर्मा विश्व कप टीम में जगह नहीं बना सके। संजू सैमसन को भी



15 खिलाड़ियों की स्कवाड में जगह नहीं मिली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को विश्व कप टीम सौंपने की समय सीमा पांच सितंबर है, लेकिन टीमें आईसीसी से अनुमोदन की आवश्यकता के बिना 28 सितंबर तक बदलाव कर सकती हैं। भारत एशिया कप के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन और एकदिवसीय मैच खेलेगा, जबकि उसे अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत आठ अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही करनी है।

### वनडे विश्वकप के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव।

## सूर्य मिशन

# इसरो ने आदित्य-एल1 की दूसरी बार बढ़ाई कक्षा

**चेन्नई**, 5 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को घोषणा की कि भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 को पृथ्वी से जुड़ी दूसरी कक्ष (ईबीएन 2) में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। इसरो ने कहा कि आदित्य-एल1 का अगला कक्ष 10 सितंबर को भारतीय समयानुसार लगभग दो बजकर 30 मिनट पर बदला जायेगा। इसरो के ग्राउंड स्टेशनों ने इस बदलाव के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया और इसकी पूरी जानकारी दी। इसरो ने कहा कि मॉरीशस, बेंगलुरु और पोर्ट ब्लेयर में इस्ट्रैक/इसरो के ग्राउंड स्टेशनों ने इस ऑपरेशन के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया तथा नयी कक्ष 282 किमी गुणा 40225 किमी प्राप्त की। एक अपडेट में इसरो ने पोस्ट किया, आदित्य-एल1 मिशन दूसरा पृथ्वी-बाउंड कक्ष बदलने का काम (ईबीएन-2) आईएसटीआरएसी, बेंगलुरु से सफलतापूर्वक किया गया है। मॉरीशस, बेंगलुरु और पोर्ट ब्लेयर के ग्राउंड स्टेशनों ने इस ऑपरेशन के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया।

■ अगली बार 10 सितंबर को बदला जाएगा कक्ष



**15 लाख किमी लंबी यात्रा पर निकला है यान**- अंतरिक्ष यान को दो सितंबर को एसएचएआर रेंज से लॉन्च किया गया था और यह सौर क्षेत्र की चार महीने की 15 लाख किमी लंबी यात्रा पर निकला है। चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद इसरो ने दो सितंबर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से देश का पहला सौर मिशन आदित्य-एल1 लॉन्च किया था। इस मिशन के तहत यान में सूर्य का विस्तृत अध्ययन करने के लिए सात अलग-अलग पेलोड भेजे गए हैं, इसमें से चार सूर्य से प्रकाश का निरीक्षण करेंगे और अन्य तीन प्लाज्मा तथा चुंबकीय क्षेत्र के इन-सीटू मापदंडों को मापेंगे।

# पीएम आवास योजना को लेकर मुख्यमंत्री ने मोदी को लिखा पत्र

**रायपुर**, 5 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र सरकार से राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत विद्यमान स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल 6,99,439 परिवारों के साथ-साथ, राज्य सरकार के सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 में पाए गए 47,090 परिवारों को आवास निर्माण के लिए केन्द्रांश की राशि जारी करने अनुरोध किया है।

प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने अवगत कराया है कि स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल 6,99,439 परिवारों और राज्य सरकार के सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 में पाए गए 47,090 परिवारों को राज्य सराकर के द्वारा आवास योजना का लाभ दिलाने राज्यांश की राशि जारी करने का भी निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि दिनांक 03 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में उनके द्वारा लिखे गए पत्र में स्थायी प्रतीक्षा में शामिल 6,99,439 परिवारों के साथ-साथ, आवास प्लस के 8,19,999 परिवारों के लिये राज्य सरकार को लक्ष्य प्रदान करने का अनुरोध किया गया था। साथ ही वर्ष 2021 22 हेतु आवंटित 7,81,999 आवास के लक्ष्य को भारत सरकार द्वारा वापस लेने की जानकारी दी गई थी। राज्य सरकार द्वारा किये गये इस अनुरोध पर भारत सरकार द्वारा की गई कार्यवाही से आज दिनांक तक अवगत नहीं कराया गया है।

■ राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के 6,99,439 तथा सामाजिक आर्थिक सर्वे में 47,090 परिवारों को आवास प्रदान करने केन्द्रांश की राशि जारी करने और आवास प्लस के 8,19,999 परिवारों के लिये राज्य सरकार को लक्ष्य प्रदान करने का किया अनुरोध

मुख्यमंत्री ने यह भी अवगत कराया है भारत सरकार द्वारा वर्ष 2011 में जनगणना के आधार पर स्थायी प्रतीक्षा सूची तैयार की गई थी। भारत सरकार द्वारा पुन: वर्ष 2018 में आवास प्लस सूची तैयार की गई, जिसमें स्थायी प्रतीक्षा सूची के अलावा 8,19,999 परिवार पात्र पाये गये। प्रत्येक 10 वर्षों में भारत सरकार द्वारा सामाजिक आर्थिक जातिगत जनगणना/बी.पी.एल. सर्वेक्षण कराया जाता रहा है, जो कि अभी तक नहीं कराया गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि राज्य सरकार के द्वारा, सामाजिक आर्थिक जातिगत -2011 के मापदण्डों के अनुसार, सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 कराया गया, जिसमें कुल 47,090 परिवारों को आवासहीन होना पाया गया है। अतएव, स्थायी प्रतीक्षा सूची के शेष 6,99,439 परिवारों तथा राज्य सरकार के द्वारा आर्थिक सर्वेक्षण 2023 में पाये गये आवासहीन 47,090 परिवारों को योजनांतर्गत आवास निर्माण कर लाभान्वित किये जाने हेतु राज्यांश राशि जारी कराने का निर्णय लिया गया है।

# मैहर बना मध्य प्रदेश का 55वां जिला

**भोपाल**, 5 सितम्बर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार सुबह मैहर को जिला बनाने की घोषणा की। शाम होते-होते तो नोटिफिकेशन भी जारी हो गया। इस फैसले को विंध्य, खासकर सतना और मैहर में भाजपा को मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। मैहर के भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी लंबे समय से पार्टी की परेशानी बढ़ा रहे थे। उनकी एक मांग मैहर को जिला बनाने की भी थी। इससे पहले 2018 में भी उन्होंने मैहर को जिला बनाने की घोषणा की थी, लेकिन तब सरकार नहीं बन सकी थी। इस बार उन्होंने घोषणा के साथ ही उसे लागू भी कर दिया है। सात दिन में प्रक्रिया पूरी होगी। 15 दिन में कार्यालय स्थापित होगा। आचार संहिता लागू होने से पहले मैहर में कलेक्टर और एसपी की नियुक्ति हो जाएगी

शिक्षक दिवस पर बोले राहुल

# विरोधियों को भी मानता हूं अपना गुरु



**नई दिल्ली**, 5 सितम्बर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बड़ा बयान दिया है। अपने संदेश में उन्होंने कहाकि वे अपने विरोधियों को ही अपना शिक्षक मानते हैं। जो अपने व्यवहार, झूठ और शब्दों से उन्हें सिखाते हैं कि वे जिस रास्ते पर चल रहे हैं वह बिल्कुल सही है। इस रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए हर कीमत कम है। उन्होंने देश नागरिकों के लिए भी कहाकि भारत के लोग भी शिक्षकों की तरह हैं, जो विविधता में एकता का उदाहरण देते हैं। वे हर समस्या से लड़ने के लिए प्रेरित करने वाले विनम्रता व तपस्या के प्रतीक हैं।

इस अवसर देश के महापुरुषों को याद करते हुए उन्होंने कहाकि वे महात्मा गांधी, गौतम बुद्ध, श्री नारायण गुरु जैसे महापुरुषों को अपना गुरु मानते हैं। जिन्होंने समाज में सभी लोगों को समानता और सभी के प्रति दया व प्रेम दिखाने का संदेश दिया। पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद कर राहुल गांधी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहाकि एक शिक्षक का जीवन में बहुत ऊंचा स्थान है। क्योंकि शिक्षक ही जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है और सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

# अनुच्छेद 370 पर सुनवाई पूरी सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली**, 5 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अनुच्छेद 370 को रद्द करने और पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, संजीव खन्ना, बीआर गवई और सूर्यकांत की पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 16 दिनों तक दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

कोर्ट ने सुनवाई के अंतिम दिन वरिष्ठ वकीलों कपिल सिब्बल, गोपाल सुब्रमण्यम, राजीव धवन, जफर शाह, दुष्यन्त दवे और अन्य की दलीलें सुनीं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता या उत्तरदाता की ओर से पेश कोई वकील लिखित दलील दाखिल करना चाहता है, तो वह अगले तीन दिनों में ऐसा कर सकता है। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि लिखित दलील दो पेज से ज्यादा की नहीं होनी चाहिए। पिछले 16 दिन में सुनवाई के दौरान अदालत ने केंद्र और हस्तक्षेपकर्ताओं की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ताओं- हरीश साल्वे, राकेश द्विवेदी, वी गिरि और अन्य को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का बचाव करते हुए सुना। वकीलों ने प्रावधान को निरस्त करने के केंद्र के 5 अगस्त 2019 के फैसले की संवैधानिक वैधता, पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित करने वाले जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम की वैधता, 20 जून 2018 को जम्मू कश्मीर में राज्यपाल शासन लगाए जाने, 19 दिसंबर 2018 को राष्ट्रपति शासन लगाए जाने और 3 जुलाई 2019 को इसे विस्तारित किए जाने सहित विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं को 2019 में एक संविधान पीठ को भेजा गया था। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के चलते पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया गया था।

### राहुल की संसद सदस्यता बहाली के खिलाफ याचिका

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल किए जाने के फैसले के खिलाफ लखनऊ के वकील अशोक पांडे ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। मोदी सरनेम केस में गुजरात की एक कोर्ट की तरफ से दोषी करार दिए जाने के बाद राहुल की सदस्यता 24 मार्च को रद्द की गई थी। इस मामले की सुनवाई के दौरान 4 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने राहुल की दोषसिद्धि पर रोक लगा दी थी। इसके बाद लोकसभा सचिवालय ने 7 अगस्त को उनकी सदस्यता बहाल कर दी थी।

## मौसम

## 1901 के बाद अगस्त सबसे गर्म रहा

# दिल्ली में 4 सितंबर को गर्मी का रिकॉर्ड टूटा, 85 सालों में सबसे गर्म दिन रहा

**नई दिल्ली, 5 सितम्बर (एजेंसियां)। सितम्बर का महीना शुरू हो गया है, लेकिन देश के लोगों को अभी भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही। इसकी बड़ी वजह सामान्य से कम बारिश होना है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 4 सितंबर तक देश में सामान्य से 11 फीसदी कम बारिश हुई।**

*इसीलिए इस बार अगस्त में एक सदी से भी ज्यादा समय यानी साल 1901 के बाद सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। उधर, दिल्ली में सोमवार (4 सितंबर) पिछले 85 सालों में सबसे गर्म दिन रहा। राजधानी का अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6 डिग्री ज्यादा है। यह पिछले 85 सालों में (1938 के बाद) सबसे ज्यादा है। भारत में एक सदी से भी ज्यादा समय में इस बार सबसे सूखा अगस्त रहा। जिसमें*



*सामान्य से 36 फीसदी कम बारिश हुई। मौसम एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस बार मानसून सामान्य रहेगा और सितंबर में बारिश की कमी पूरी हो जाएगी। 4 सितंबर के बाद बारिश में तेजी आएगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने अगस्त में बारिश में कमी के लिए अल नीनो को जिम्मेदार ठहराया था। यह एक मौसमी घटना है, जो मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर में समुद्र का तापमान सामान्य से ऊपर बढ़ने से पैदा होती है।*

# जीपीएम से आदित्य शर्मा को राज्यपाल ने किया सम्मानित



**गोरेला पेंड्रा मरवाही,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस के अवसर पर गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले से भी दो शिक्षक सम्मानित हुए जिसमें पेंड्रा की अदिति शर्मा एवं गौरेला से भीष्म त्रिपाठी को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया शिक्षकों ने जिले का नाम रोशन कर शिक्षकों में एक आदर्श प्रस्तुत किया है।

शिक्षक दिवस के अवसर पर राजभवन के दरबार हाल में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में 52 शिक्षकों को सम्मानित किया गया. इनमें से 48 शिक्षक राज्य शिक्षक सम्मान और 4 शिक्षकों को प्रदेश के महान साहित्यकारों के नाम पर स्मृति पुरस्कार शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के मुख्य आतिथ्य में राजभवन के दरबार हॉल में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इन शिक्षकों में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले की शिक्षिका आदित्य शर्मा का नाम भी शामिल है आदित्य शर्मा अपने उत्कृष्ट कार्य से अपने विद्यालय एवं वहां पढ़ने वाले बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम किया है जिसके लिए उन्हें राज्यपाल शिक्षक दिवस के दिन उन्हें राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया. इस दौरान अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे और विशिष्ट अतिथि के तौर पर संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव मौजूद थे। समारोह में राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित 48 शिक्षिकों में से प्रत्येक को 21-21 हजार रुपए की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया. इसके अलावा प्रदेश के महान विभूतियों की स्मृति में दिए जाने वाले पुरस्कार से सम्मानित होने वाले प्रत्येक शिक्षक को 50-50 हजार रूपए और प्रशस्ति पत्र दिया गया.

सीएम भूपेश बघेल ने सभी बधाई देते हुए कहा कि डॉ. राधाकृष्ण के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के मनाया जाता है. आज राष्ट्रनिर्माण समाज निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका है. आज चंद्रमा अभियान सफल रहा है, इसके पीछे भी गुरुओं का महत्वपूर्ण योगदान है. आज आपके सामने खड़े हैं, उसके पीछे भी गुरुओं का बड़ा योगदान है. वहीं आगामी वर्ष में राज्यपाल सम्मान से सम्मानित होने के लिए आज शिक्षक दिवस के दिन ही जिले की स्वप्निल पवार एवं अर्चना सैमुअल मशीह के नाम की घोषणा की गई...

# अवैध शराब के साथ 6 गिरफ्तार



## 90 लीटर अंग्रेजी शराब व 18 लीटर महुआ बरामद , एक सुमो वाहन जब्त

## आरोपियों से मध्यप्रदेश की शराब बरामद



**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। जिला पुलिस को अवैध शराब तस्करी के मामले में बढ़ी कामयाबी मिली हे, जिसमे पुलिस ने तीन मामलों में कच्ची महुआ शराब सहित दो आरोपी तो एक मामले में मध्यप्रदेश की अंग्रेजी शराब सहित सूमो वाहन और 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है पुलिस सभी मामलों में आगे की कार्यवाही कर रही है।

जिला पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधिक्षक योगेश पटेल द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में बताया गया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि मध्य प्रदेश में बिक्री हेतु अंग्रेजी शराब को कुछ लोग वाहन क्रमांक छ्व॥ 08ष्ट 0407 में लेकर छत्तीसगढ़ में बिक्री हेतु दोपहर के रास्ते ला रहे हैं। थाना प्रभारी पेंड्रा की टीम के द्वारा कार्यवाही की गई तथा सकोला एवं पथर्रा में होटल संचालकों से 08 ,10 लीटर महुआ शराब जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसी प्रकार धोबहर के पास नाकाबंदी कर वाहन को रोक कर चेक किया गया जिस पर मध्य प्रदेश में बिक्री हेतु अधिकृत शराब को आरोपियों के द्वारा छत्तीसगढ़ में बिक्री हेतु लाना पाए जाने पर कुल 10 पेटी 90 लीटर अंग्रेजी शराब को एवं सुमो वाहन को आरोपियों से जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक धर्म नारायण तिवारी उप निरीक्षक गंगा प्रसाद बंजारे सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र प्रताप सिंह, चंदन सिंह ,प्रधान आरक्षक अरूण तिर्की, आरक्षक हेमसिंह, आशीष कुमार विकास पांडे एवं प्रमोद खलखो का सराहनीय योगदान रहा।

## आकाशीय बिजली गिरने 10 बकरियों की मौत

तखतपुर, 5 अगस्त (देशबन्धु)। आकाशीय बिजली गिरने से दस बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। बकरी चरवाहा ने मामले की रिपोर्ट तखतपुर थाने में दर्ज कराया है।

ग्राम पंचायत चनाडोंगरी निवासी हरिशंकर कौशिक पिता जुठेल राम कौशिक उम्र 18 वर्ष कल हर रोज की तरह भी कल सोमवार को गांव के नजदीक खम्हरियां खार में अपनी बकरियों को चरान ले गया था। जहां पर बारिश होने के कारण बकरी चरवाहा शिवशंकर कौशिक सनत मंडल के कृषि फार्म में चला गया। चरवाहा ने बताया कि दोपहर तीन से चार बजे के बीच आकाशीय बिजली गिरने से वहां दस बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी रिपोर्ट चरवाहा ने तखतपुर थाना में दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान



**तखतपुर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन इन्फेंट एवं पब्लिक स्कूल तखतपुर में किया गया सर्वप्रथम सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

बच्चों में शैक्षणिक गुणों के विकास के साथ कौशल दक्षता में निखार होता है इस बात को ध्यान में रखकर बच्चों में शिक्षक बनो प्रतियोगिता का अयोजन किया गया जिनमे छोटे बच्चों को अध्ययन कराकर बच्चों ने जिस तरह से अपनी भावनाओं को आकार दिया है यह तारीफ के काबिल रहा है। शाला संचालक दिलीप तोलानी ने बताया कि समय समय पर इसी तरह के आयोजन कर बच्चों को एक मंच दिया जाता है ।ताकि वे अपने संस्कृति के साथ-साथ योग्यता को भी पहचान सके ।इस आयोजन में प्रथम आँचल देवांगन द्वितीय मिस्टी शर्मा, रही । चयनित छात्र छात्रों को पुरस्कृत किया गया इसके साथ ही सभी सहभागी छात्रों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया ।इस अवसर पर आकांक्षा स्वर्णम, रोशनी वाधवानी, अलका राय, रोशनी कसेर, नैंसी केसरवानी, अंजलि पटेल, रीता शिवहरे, पुष्पा देवांगन, प्राची ठाकुर, सुषमा ठाकुर,संतोषी देवांगन, रीना ठाकुर संहित अन्य उपस्थित रहे।

# निषाद पार्टी ने गृह मंत्री और शिक्षा मंत्री का किया पुतला दहन



बिलासपुर,5 सितंबर ( देशबन्धु) । निषाद केवट समाज और निषाद पार्टी ने कलेक्टर, जिला शक्ति, छत्तीसगढ़ को आवेदन दिया था। इस आवेदन में कहा गया था कि निषाद केवट समाज और निषाद पार्टी के खिलाफ छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू और रविंद्र चौबे के द्वारा एक बयान जारी किया गया था। जिसमें निषाद केवट समाज और निषाद पार्टी को अस्तित्व विहीन कँहा गया और तंज कसा है, और इस बयान को एक हफ्ते के भीतर वापस नहीं लिया जाता है, तो पुतला दहन किया जाएगा। इस संबंध में, जिलाधिकारी को आवेदन दिया गया था।

लेकिन इसके बावजूद, एक हफ्ता गुजर चुका है, लेकिन छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू और रविंद्र चौबे अभी तक अपने बयान को वापस नहीं लिए हैं, जिसके कारण निषाद केवट समाज और निषाद पार्टी बहुत आक्रोशित था। इसी कारण आज छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू और रविंद्र चौबे के खिलाफ शक्ति चौक के सामने पुतला दहन किया गया। इस पुतला दहन में प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय सचिव संजय सिंह राजपूत, , युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सूरज निषाद,प्रदेश अध्यक्ष द ग्रेट निषाद युवा वाहिनी इनल निषाद, जिला अध्यक्ष बिलासपुर राजकुमार निषाद ,जिला अध्यक्ष जांजगीर चांपा तिरुपति नाथ कैवर्त जिलाध्यक्ष शक्ति भुवन प्रकाश राही, प्रदेश अध्यक्ष द ग्रेटनिषाद युवा वाहिनी इंनल निषाद,बिलासपुर जिला उपाध्यक्ष गोविंद केवट , बेलतरा विधानसभा अध्यक्ष माधव निषाद बिलासपुर विधानसभा , जिला उपाध्यक्ष पवन केवट, धनेश निषाद मस्तूरी,सरोज निषाद, हजारी प्रसाद कैवर्थ्य, बसंत कैवर्थ्य, भागीरथी पटेल, घनश्याम पटेल,और अन्य युवा साथी सहित हजारों की संख्या में निषाद पार्टी और निषाद समाज के लोग

## कुदुदंड में माताओं ने की हलषष्टी पूजा



**बिलासपुर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। कुदुदंड ने माताओं ने हलषष्टी व्रत रखते हुये पूजा अर्चना की। पंडित लोकेश पांडेय ने बताया कि पूजा करने से पुत्र की प्राप्ति होती है पूजा मे श्रीमती शोभा यादव, श्रीमती लक्ष्मी यादव, श्रीमती रेणु यादव, श्रीमती पुष्पा यादव ,श्रीमती उषा यादव, श्रीमती दीपमाला केशरवानी, श्रीमती रजनी पांडेय, श्रीमती उमेश्वरी ठाकुर, श्रीमती पूनम यादव, श्रीमती सावित्री यादव, श्रीमती भगवती देवी मरावी, श्रीमती लेखनी देवांगन, श्रीमती भूरी देवांगन, श्रीमती रेखा कश्यप, श्रीमती राधा केशवानी एवं महिलाये अपने पुत्रो की लम्बी आयु के लिए पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## अमोरा शाला में छात्राओं को सायकल वितरण



तखतपुर, 5 अगस्त (देशबन्धु)। शा. उ. मा. शाला अमोरा में कक्षा नवमी में अध्ययनरत बीस बालिकाओ को सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत नि:शुल्क सायकल का वितरण किया गया इस अवसर पर जनपद सदस्य तमेश्वरी चन्द्रहास पटेल ने शासन की महिला व बालिका विकास सम्बन्धी योजनाओ का विस्तृत जानकारी सभी के समक्ष देते हुये ज्यादा से ज्यादा बालिकाओ को आगे आकर लाभ उठाने का आह्वान किया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

### शिक्षकों के संकल्प और समर्पण से...

को इस बात का गर्व है कि हमारे राज्य में ऐसे समर्पित और प्रेरणास्रोत शिक्षक हैं। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा में रचनात्मकता को बढ़ावा दिया जाय तथा शिक्षकों को रचनात्मक शिक्षण विधि से पढ़ाने के लिए सशक्त बनाया जाना चाहिए।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र और समाज के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज हम जिस जगह पर खड़े है वहां तक पहुंचाने में हमारे गुरूओं का योगदान है। भारत के चंद्रयान को चंद्रमा तक पहुंचाने के लिए वैज्ञानिकों ने जो सफलता हासिल की है, उसमे भी उनके गुरूओं का बड़ा योगदान है। बघेल ने कहा कि प्रदेश, जिला, ब्लाक से लेकर स्कूलों तक शिक्षा का वातावरण तैयार करना सबसे जरूरी है। शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यो से शिक्षा का वातावरण राज्य में बना जिसकी चर्चा पूरे देश में है। प्रदेश सरकार द्वारा 30 हजार से ज्यादा शिक्षकों की नियुक्ति तथा स्कूलों का जीर्णोद्धार, साफ-सफाई एवं सौंदर्यकरण के लिए 1 हजार 37 करोड़ रूपये स्वीकृत किया गया और इसके लिए आगे भी राशि की कमी नहीं होगी। बघेल ने कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में शिक्षकों की भर्ती, नियमित परीक्षा का आयोजन तथा कोरोनाकाल में राज्य की शिक्षण व्यवस्था की राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा हुई। स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने वर्ष 2023-24 के राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार हेतु चयनित शिक्षकों के नाम की घोषणा की।

## जेएमपी कालेज में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

तखतपुर, 5 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और स्वीप के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय था लोकतांत्रिक सहभागिता एवं सुव्यवस्थित मतदान में युवाओं और महिलाओं की भूमिका।

## हलषष्टी व्रत रखकर माताओं ने की पूजा

तखतपुर, 5 अगस्त (देशबन्धु)। हलषष्टी व्रत रखकर विधायक श्रीमती रश्मि सिंह ने पूजा अर्चना कर संतान की सुखसमृद्धि की कामना की।


**इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़**
**संक्षिप्त निविदा सूचना**

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों हेतु रूसा अंतर्गत Almirah, Book Shelf & Lockers क्रय किये जाने हेतु बंद लिफाफा में निविदा कुलसचिव, इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में दिनांक 04.10.2023 को दोपहर 01:30 बजे तक जमा लिया जावेगा। निविदा की शर्तें विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.iksv.ac.in में उपलब्ध है।

संवाद 38361/2 (कुल सचिव)

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**संभाग बलरामपुर जिला- बलरामपुर-रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)**

E-Mail ID: ee-res.balrampur@gov.in

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/ 1661/ एस.ए.सी./ ग्रा.यां.से./ 2023-24 बलरामपुर, दिनांक 04.05.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में ''डी'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | Electrification work in 2 nos additional room in school buildings of Kusmi Package 01 & 02 | 2389820.00 Each package | 13.09.2023 |
| 2 | Electrification work in 2 nos additional room in school buildings of Shankargarh | 3270280.00 | 13.09.2023 |
| 3 | Zonal Tender for various type of civil construction work for sub division of :- Balrampur - Group \01 to 08 Rajpur - Group 01 to 07 Shankargarh- Group 01 to 08 Kusmi - Group 01 to 10 | 4000000.00 (Each Approximate) | 13.09.2023 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://res.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जी- 04983/2

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,संभाग बलरामपुर
जिला- बलरामपुर -रामानुजगंज

**न्यायालय-सप्तम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश रायपुर ( छ.ग. )**

प्रकरण क्रमांक-760/22
प्रोसेस क्रमांक 782
पेशी दिनांक 27.09.2023
श्रीमती संतोषी चौहान व अन्य — आवेदक
विरूद्ध
जितेन्द्र पाल व अन्य — अनावेदक

सुरेन्द्र सिंह पिता श्री दर्शन सिंह निवासी फ्लैट नं. 301 सांई शरण अपार्टमेंट सांई मंगलम व्यापार विहार बिलासपुर छ.ग.

आवेदक द्वारा आवेदन पत्र मोटरयान अधिनियम 1988 के धारा 166 के तहत प्रस्तुत किया है।

अत: अनावेदक को इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा नियत पेशी दिनांक 27.09.2023 को उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है, इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है।

अनावेदक/प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोट:- यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 31 माह 08 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

तारीख 31.08.2023

श्रीमती वंदना दीपक देवांगन
सप्तम अतिरिक्त मो.दु.दा.अधिकरण
रायपुर ( छ.ग. )

**आम सूचना**

एतद् द्वारा जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार बुधवारा बाई यादव पति उमेंदराम यादव निवासी वार्ड नं.5 ग्राम अमोरा जिला: जांजगीर- चांपा (छ.ग.) की ओर से अधिकृत होकर एवं उसके निर्देशानुसार यह आम सूचना प्रकाशित करवा रहा हूं, कि मौजा अमोरा वार्ड नं.5 तहसील नवागढ़ जिला: जांजगीर- चांपा प.ह.नं. 4 रा.नि.मं. नवागढ़ जिला जांजगीर-चाम्पा में खसरा नंबर 633/41 रकबा 0.99 एकड़ भूमि एवं जिसमें मकान स्थित हैं, जिसे मेरा पक्षकार विक्रेता राजेश कुमार पिता संतराम धोबी निवासी ग्राम बरगांव जिला: जांजगीर- चाम्पा से पंजीकृत दिनांक 15.03.2023 दस्तावेज क्र. 1439 का विक्रय का आधिपत्य में है, जिसके आधार पर मेरे पक्षकार द्वारा स्वतंत्र माईक्रो हाउसिंग फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर से मकान बंधक हेतु लोन स्वीकृत करायी गयी, जिसमें पूर्व रजिस्ट्री जो कि राकेश कुमार पिता रीटू व हेतराम पिता संतराम कर्ष से पंजीकृत विलेख 07.09.2022 के माध्यम से निष्पादित किया गया था, वह मूल प्रति मेरे पक्षकार के पास उपलब्ध थी, जो भूलवश उक्त विक्रय विलेख कहीं गुम हो चुकी हैं, जिसके सत्यप्रतिलिपि उप पंजीयक कार्यालय जांजगीर से प्राप्त की गयी, जिसके आधार पर लोन की कार्यवाही की जा रही है एवं पुराने रजिस्ट्री पत्र गुम हो जाने के संबंध में यह आम सूचना प्रकाशित किया जा रहा है। अत: जिस व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्ध्दशासकीय, बैंक निकाय या वित्तीय संस्थान या हित रखने वाले व्यक्ति के पास उक्त मूल रजिस्ट्री मिला हो या रहन- गहन रखा हो तो इस प्रकाशित आम सूचना के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर नीचे लिखे पते पर अपना दस्तावेज सहित सूचित करने की कृपा करें।

अत: सूचना जानें।

दिनांक 04/09/2023

भवदीय
Deepak Kumar Bajaj
Advocate in front of PHC/ Shiv Pustak Bhawan Main Road, Korba, Distt.-Korba (C.G.)
Mo.9827113505, 9987189879

**CHHATTISGARH STATE BIODIVERSITY BOARD**
Aranya Bhavan, North Block, Sector-19, Atal Nagar, Dist- Raipur (Chhattisgarh)
Phone No. 0771-2512807, Email- cgmsbdb@gmail.com Website-www.cgsbb.in
Ref......./2023/1574 Raipur, Dated 04/09.2023

**Request for Proposal for Accounting in Double Entry System**

Chhattisgarh State Bio Diversity (CGBDB) invites request for Proposal (RFP) from suitabley reputed Chartered Accountant Professional for the accounting in Double entry system of Chhattisgarh State Bio Deversity Board and selected Biodevercity Committees across the state.

Interested CA Fulifilling the criteria may Purchase RFP document by paying DD of Rs, 1000.00 in the name of "Chattisgarh State Biodiversity Board" Raipur or can download from the website (www.cgsbb.in & www.cgforest.com) and application fees will be payable on submission with the RFP.

Last date of purchase and submission or RFP is 27.09.2023 up to 3.00 PM. Technical bid of RFP will be opened on same day at 7.00 PM.

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग, खण्ड- बलरामपुर (छ.ग.)**

E-Mail eebalrampur-phe-cg@nic.in

निविदा क्र./52/ले.शा./ज.जी.मि./का.अ./लो.स्वा.यां. वि./2023 बलरामपुर, दिनांक 04.09.023

**ऑन लाईन तृतीय निविदा आमंत्रण**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल प्रदाय योजना के विभिन्न कार्यों के लिए प्रतिशत दर फार्म अ में निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सि.नि.क्र. | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | सि.नि.क्र. | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 146541 | 112.60 | 146547 | 86.74 |
| 146543 | 126.46 | 146548 | 346.46 |
| 146544 | 442.56 | 146550 | 222.16 |
| 146545 | 414.42 | 146551 | 406.46 |
| 146546 | 261.12 | 146552 | 81.26 |

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवरण यथा धरोहर राशि, बिड वैधता की तिथि कार्य की अवधि, निविदाकार की श्रेणी एवं कार्यों तथा स्थल संबंधी जानकारी ऑन लाईन ई- प्रोक्युरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 11.09.2023 से देखी जा सकती है तथा निविदा दिनांक 29.09.2023 तक बिड डाली जा सकती है। निविदा में आगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जावेंगे। अत: निविदाकार ऑन लाईन निविदा प्रक्रिया में सतत संपर्क में रहें। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग, खण्ड बलरामपुर में देखे जा सकते हैं।

जी-04961/7

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड- बलरामपुर (छ.ग.)

**Chhattisgarh Rural Roads Development Agency**
**VIKASH BHAVAN, CIVIL LINES, RAIPUR (C.G.)**
**E-Procurement Tender Notice**
**NIT No. 924 & 925 / TC-T/CGRRDA/ 2023 Dated 09/2023**

Chief Engineer (Tender Cell), CGRRDA, Raipur on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic Tendering system for PMGSY Road Balance work. sanctioned for different districsts of the state as per B.O.Q.from the eligible contractors / Firms registered with unified registration system (e-registrtion) for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e-procurement :

| S. No | NIT No | Work Name | Amount (Rs.in Lakhs) | Districts | Rate invited |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 924 | PMGSY Road Balance work | Total Cost 524.77 Lakhs (Const. Cost 452.77 Lakhs, Maint. Cost 72.00 lakhs.) | Bijapur | Percentage Rate of PMGSY SOR 04.02.2016 issued by CE,CGRRDA Raipur. |
| 02 | 925 | PMGSY Road Balance work | Total Cost 159.54 Lakhs (including GST) (Const.Cost 145.62 Lakhs, Maint.Cost 13.92 lakhs.) | Sukma | Percentage Rate of PMGSY SOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur. |

Availbility of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Detailed NIT and other details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in. from 04.09.2023 from 5:30 PM & onwards.In future any related corrigendum would be seen in the notice section of this website.

Samvad - 38346/2

Chief Engineer (Tender Cell)
Chhattisgarh Rural Road Development Agency
Civil Lines, Raipur (C.G.)
E-mail : pmgsyrc4@yahoo.co.in

# देश

उवाच “

समान नागरिक संहिता हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच एकता लाएगा, इसके अलावा यह कानून बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने में मदद करेगा। संविधान में बदलाव की कोई जरूरत नहीं है।

–रामदास अठावल,आरपीआईए के अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36° | 27° |
| मुंबई | 3° | 27° |
| कोलकाता | 31° | 27° |
| चेन्नई | 29° | 28° |

# इंडिया शब्द से घबराई केंद्र सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। जी-20 सम्मेलन के रात्रिभोज कार्यक्रम के निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखने के बाद इसे लेकर बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। विपक्षी पार्टियां इसे लेकर सरकार पर निशाना साध रही हैं। इस बीच कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने संविधान में

- **संविधान में संशोधन कर इंडिया का नाम बदलने की अटकलों पर की टिप्पणी**
- **भाजपा के अंदर का डर मोदी का भय दिखाता है**

संशोधन कर इंडिया का नाम बदलने की अटकलों पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इंडिया शब्द से यह सहम गए हैं। क्या वे इस हद तक चले जाएंगे कि वे संविधान बदल देंगे। संविधान में लिखा है, इंडिया दैट इज भारत... भाजपा के अंदर का डर मोदी जी का भय दिखाता है। इधर इंडिया का गठन हुआ उधर भाजपा का बोरिया बिस्तर समेटना शुरू हुआ... आप इंडिया शब्द को धरती से नहीं मिटा सकते। हमें अपने भारत और इंडिया पर गर्व है।

कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि हमारे संविधान के आर्टिकल-1 में साफ तौर पर लिखा गया है कि हमारा नाम इंडिया भी होगा और भारत भी। मोदी और संघ के लोग लगातार हमारे संविधान के साथ खिलवाड़ करना चाहते हैं। इनको बाबा साहब के संविधान से दिक्कत है। आपकी नफरत आपका डर आपकी बौखलाहट साफ है, आप इंडिया से घबराते हैं। अब ये सनक बन चुका है, अपने देश और अपनी मां का



**इंडिया शब्द को आप धरती से नहीं मिटा सकते हमें अपने भारत व इंडिया पर गर्व है : प्रमोद तिवारी**

नाम कौन बदलता है। मोदी हमसे डरते हैं हमें अपना शत्रु मानते हैं, लेकिन दुश्मनी आज आप देश से निभाने लगे। वे अच्छे से जानते हैं उनके पास राज्य सभा में बहुमत नहीं है।

### चुनाव के दौरान इंडिया भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगा : स्टालिन

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए उन्होंने माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि भाजपा ने भारत को बदलने का वादा किया था, लेकिन केवल नाम बदला। द्रमुक अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा इंडिया को भारत में बदलना चाहती है।

दक्षिण भारतीय राज्य के सीएम ने यह भी दावा किया कि भगवा पार्टी विपक्षी गुट के नाम इंडिया शब्द से घबरा गई है। स्टालिन ने अपनी पोस्ट में लिखा कि फासीवादी भाजपा शासन को उखाड़ फेंकने के लिए गैर-भाजपा ताकतों के एकजुट होने और अपने गठबंधन को इंडिया देने के बाद अब भाजपा इंडिया को भारत में बदलना चाहती है। उन्होंने यह भी लिखा कि भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता में आने से पहले भारत को बदलने का वादा किया था, लेकिन नौ साल बीतने के बाद भी हमें सिर्फ बदले हुए नाम मिले। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा लगता है कि बीजेपी इंडिया नाम के एक शब्द से घबरा गई है क्योंकि वे विपक्ष के भीतर एकता की ताकत को पहचानते हैं। उन्हें मालूम है कि चुनाव के दौरान, इंडिया बीजेपी को सत्ता से बाहर कर देगा।

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि वैसे तो इंडिया को भारत बुलाने पर कोई संवैधानिक आपत्ति नहीं है। यह देश के दो नामों में से एक है। मैं उम्मीद करता हूं कि सरकार इतनी बेवकूफ नहीं होगी कि इंडिया नाम को पूरी तरह से हटा दे, जिसकी सदियों में बनी एक ब्रांड वैल्यू है। हमें दोनों ही नामों का इस्तेमाल जारी रखना चाहिए। एक नाम जो पूरी दुनिया में पहचाना जाता है।

## कहां-कहां बदलेंगे नाम : तेजस्वी



**पटना।** देश में भारत बनाम इंडिया को लेकर चल रही सियासत पर बिहार के उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन बनने के बाद से भाजपा घबराई हुई है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कहां-कहां नाम बदलेंगे। राजद कार्यालय में आयोजित एक परिचर्चा में भाग लेते हुए तेजस्वी ने कहा कि देश में जब से इंडिया गठबंधन बना है इनको बेचैनी है जबकि हमारा नारा है कि 'जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया'। उन्होंने कहा कि जी-20 की बैठक के लिए जो निमंत्रण जारी किया गया है उसमें प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखकर दिया जा रहा है। ये भाजपा की संविधान के प्रति क्या सोच है स्पष्ट करता है, जबकि भारत के संविधान की प्रस्तावना में ही उल्लेख है कि इंडिया अर्थात भारत है। लेकिन, आज भाजपा प्रस्तावना को ही बदलने पर उतारू है। जबकि, हम सभी वी प्राउड ऑफ इंडिया कहलाने में गौरवान्वित महसूस करते हैं। विदेश में जब भारतीय जाते हैं तो उन्हें इंडियन और भारत के प्रधानमंत्री को प्राइम मिनिस्टर ऑफ इंडिया कहकर संबोधित किया जाता है। आज किस तरह की राजनीति केंद्र सरकार कर रही है यह देश के लोग देख रहे हैं। राजद नेता ने कहा कि विपक्षी दलों द्वारा इंडिया गठबंधन नाम दिए जाने के बाद से ही इन्हें बेचैनी हो रही है। उन्होंने लोगों को सतर्क करते हुए कहा कि ऐसे दुष्प्रचार करने वाले से बचने की आवश्यकता है जो राजनीति के लिए कुछ भी कर रहे हैं, जो देश हित में नहीं है।

# आज के युवा 247 के भारत का भावी योद्धा : जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं को विकसित भारत यात्रा का योद्धा करार देते हुए कहा है कि भारत अब विश्व की आशा का केंद्र है। धनखड़ ने मंगलवार को राजस्थान के कोटा में शिक्षक दिवस पर आयोजित 'शिक्षकों तथा केंद्र और राज्य सरकार के सेवा निवृत्त कर्मचारियों' के अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युवा वर्ष 2047 के भावी योद्धा हैं जो भारत को विकसित बनाएंगे। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष और कोटा के सांसद ओम बिरला तथा केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी सहित क्षेत्र के अनेक विधायक, पूर्व जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी गण और बड़ी संख्या में शिक्षक समुदाय एवं सेवा निवृत्त सरकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। हाल के वर्षों में राष्ट्र की प्रगति की चर्चा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि विगत दस वर्षों में भारत फ्रेजाइल फाइव से बढ़कर दुनिया के पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इस यात्रा में हमने ब्रिटेन को पछाड़ा जिन्होंने भारत पर सदियों राज किया। उन्होंने इस परिवर्तन का श्रेय जनता के पुरुषार्थ को दिया।



- **उपराष्ट्रपति ने शिक्षक दिवस पर आयोजित समारोह को किया संबोधित**
- **भारत अब विश्व की आशा का केंद्र**

धनखड़ ने कहा कि गत वर्ष भारत के कुल डिजिटल लेनदेन, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं के कुल डिजिटल लेनदेन का चार गुना था। उन्होंने बताया कि भारत में प्रति व्यक्ति इंटरनेट डाटा प्रयोग, चीन और अमेरिका दोनों के कुल जमा डाटा से अधिक है। उपराष्ट्रपति ने कहा डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर (डीबीटी) से बिचौलिए समाप्त हो गए हैं, प्रशासन में भ्रष्टाचार समाप्त हो गया है और पारदर्शिता बढ़ी है।

## आज भारत विश्व की आशा का केंद्र

भारत में स्टार्ट अप के लिए परिवेश तैयार हो रहा है। आज भारत विश्व की आशा का केंद्र है, नवाचार और निवेश का केंद्र बन कर उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रगति के बावजूद भी चंद लोग विरोध कर रहे हैं। ऐसे लोग सिर्फ विरोध ही करते हैं, लेकिन विमर्श या बहस नहीं करते। इस संदर्भ में उन्होंने चिंता व्यक्त की कि ऐसे वर्ग संस्थाओं की कार्यवाही में व्यवधान पैदा करते हैं और उनकी प्रतिष्ठा गिराते हैं। उपराष्ट्रपति ने तात्कालिक लाभ के लिए, जनता के स्थायी सशक्तिकरण की जगह, उनको नि:शुल्क लाभ देने की प्रवृत्ति की आलोचना की।

## सार संक्षेप

### किश्तवाड़ में आतंकवादी ठिकाने का किया भंडाफोड़

**जम्मू।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादी के ठिकाने का भंडाफोड़ किया। किश्तवाड़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खलील पोसवाल ने कहा कि पुलिस ने सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ मिलकर हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादी जहांगीर सरूरी के ठिकाने को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादी ठिकाने से दो कंबल, खाद्य वस्तुएं और निजी उपयोग की वस्तुएं बरामद की गईं, जो ठिकाने में आतंकवादी की मौजूदगी का संकेत देती हैं।

### मोदी 14 सितम्बर को आएंगे बीना

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 14 सितम्बर को मध्य प्रदेश के सागर जिले के बीना के पास भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की रिफाइनरी में लगभग 5 हजार करोड़ रुपयों के निवेश संबंधी कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यहां अपने निवास से विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर चौहान ने अपने संबोधन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्री मोदी 14 सितम्बर को बीना आएंगे।

### मेघालय में दो करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त

**शिलांग।** मेघालय पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने मंगलवार को एक अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया और हेरोइन जब्त की जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में दो करोड़ रुपए आंकी गई है। आरोपी की पहचान मिजोरम के आइजवाल निवासी थांगसियामाविया पाइते के रूप में हुई है। उसे राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की जांच के दौरान पूर्वी जैंतिया हिल्स जिले के उम्त्यरा इलाके से गिरफ्तार किया गया। वाहन की जांच के दौरान पुलिस को एक छोटा भूरे रंग का कार्टन बॉक्स मिला जिसमें 2 साबुन के डिब्बे थे, जिनमें 252 ग्राम वजन का पीला नारंगी पाउडर भरा हुआ था, जिसमें हेरोइन होने की पुष्टि हुई।

### छात्रों को हीरे की तरह तराशते हैं शिक्षक : सिन्हा

**श्रीनगर।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को शिक्षक दिवस पर कहा कि शिक्षक छात्रों को हीरे, जवाहरात और मोतियों की तरह तराशता है। शिक्षक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने शिक्षक को रत्न विज्ञानी बताते हुए कहा कि वह विविध प्रतिभाओं वाले हीरों को परखता है और उन्हें तराशता है। उपराज्यपाल ने कहा कि शिक्षक एक जौहरी है और बहुमूल्य रत्नों को सही आकार और चमक देता है।



# अरुणाचल विधानसभा में दो अहम विधेयक पारित

**ईटानगर,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा ने मंगलवार को यहां चार दिवसीय मानसून सत्र के दूसरे दिन ध्वनिमत से दो महत्वपूर्ण सरकारी विधेयक पारित किए। नगर नियोजन मंत्री कामलुंग मोसांग ने सोमवार को अरुणाचल प्रदेश हवाई अड्डा क्षेत्र योजना एवं विकास प्राधिकरण विधेयक, 2023 सदन में रखा था, जिसे बिना किसी चर्चा के सदन ने पारित कर दिया। विधेयक पर एक संक्षिप्त वक्तव्य देते हुए मंत्री मोसांग ने कहा कि होलोंगी हवाई अड्डा (जिसे आधिकारिक रूप से डोनी पोलो हवाई अड्डा कहा जाता है) और पासीघाट और तेजू में हवाई अड्डों के निर्माण के साथ राज्य में देश और विदेश से पर्यटकों के आने की उम्मीद है और इसलिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार आसपास के क्षेत्रों में हवाई अड्डों का विकास बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित योजना एवं विकास के लिए इसे एक समर्पित टीम द्वारा विनियमित करने की आवश्यकता है। विधेयक का उद्देश्य हवाई अड्डों के आसपास के क्षेत्रों के विकास को विनियमित करना है। विस में संक्षिप्त चर्चा के बाद अरुणाचल प्रदेश न्यायालय शुल्क विधेयक को भी पारित किया गया।

# एक देश, एक चुनाव केंद्र को प्रभुत्व दिलाने का एजेंडा : पिनराई

**तिरुवनंतपुरम,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को

- **लोकतांत्रिक समाज को इसके खिलाफ होना चाहिए खड़ा**



भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार की आलोचना की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि इस तरह का कदम केंद्र को 'प्रभुत्व' दिलाने के इरादे से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत की अवधारणा, संसदीय लोकतांत्रिक प्रणाली और संवैधानिक मूल्य 'गंभीर खतरे' में हैं। सीएम पिनराई ने अपने बयान में बताया कि एक राष्ट्र-एक चुनाव यह नारा एक संघ द्वारा उठाया गया है जो इस खतरे को और गंभीर बना रहा है। यह केंद्र को प्रभुत्व दिलाने का एक एजेंडा है और लोकतांत्रिक समाज को इसके खिलाफ खड़े होना चाहिए। सीएम पिनराई विजयन का यह बयान केंद्र सरकार द्वारा पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में एक देश-एक चुनाव के लिए समिति के गठन के बाद आया। यह समिति एक साथ चुनाव कराने के लिए संभावनाएं तलाशेगी। समिति संविधान, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम और किसी भी अन्य कानून एवं नियमों की पड़ताल करेगी तथा विशिष्ट संशोधनों की सिफारिश करेगी क्योंकि एक साथ चुनाव कराने से इनमें संशोधन की जरूरत पड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कि एजेंडा राज्य सरकारों को अस्थिर करने के लिए तैयार किया गया है, जो केंद्र के आदेशों के सामने झुकने से इनकार करते हैं और ऐसे राज्यों में सत्ता को शॉर्टकट तरीके से हासिल करने के लिए करते हैं।

### विस चुनावों में हार के डर से संघ परिवार ने उठाया कदम

केरल के मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का कोई भी कदम राज्यसभा की राजनीतिक विविधता को खत्म कर देगा। इस साल होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में हार के डर से संघ परिवार ने ऐसा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का संविधान और संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था देश की चुनाव प्रणाली को खत्म नहीं होने देगी जैसा कि संघ परिवार चाहता है।

# एमईएस में फर्जी भर्ती घोटाले का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

**श्रीनगर,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को कुपवाड़ा जिले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर सैन्य इंजीनियरिंग सेवा (एमईएस) में फर्जी भर्ती घोटाले का भंडाफोड़ करने का दावा किया। पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए कुपवाड़ा एमईएस में युवा नौकरी चाहने वालों की आकांक्षाओं को प्रभावित करने वाले एक फर्जी भर्ती घोटाले का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कहा कि एक सितंबर, 2023 को गुंड जोनरेशी चौकीबल निवासी मुमताज अहमद मीर ने क्रालपोरा पुलिस थाने में एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि उनका पुत्र मोहम्मद सामी मीर फर्जी भर्ती घोटाले के चंगुल में फंस गया है। फर्जी घोटाले को अंजाम देने वाले आरोपी की पहचान दूलीपोरा त्रेहगाम निवासी नजीर अहमद खान के रूप में हुई। आरोपी खान को बाद में घोटाले के संबंध में गिरफ्तार कर लिया गया और पूछताछ के बाद नए खुलासे सामने आए हैं। आरोपी ने एमईएस में नौकरी चाहने वाले बेरोजगार युवाओं को धोखा देने के लिए एक विशिष्ट कार्यप्रणाली को नियोजित करने वाले घोटालेबाजों के एक गिरोह के साथ अपने संबंध होने का भी खुलासा किया है।

# गुरुकुल स्कूलों के 567 शिक्षक होंगे नियमित : चंद्रशेखर राव

**हैदराबाद,**5 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने पिछले 16 वर्षों से तेलंगाना समाज कल्याण गुरुकुल स्कूलों में काम कर रहे 567 अनुबंध शिक्षकों को नियमित करने के आदेश जारी किए हैं।

- **छह महीने का मातृत्व अवकाश देने की घोषणा की**



सरकार ने समाज कल्याण विभाग के गुरुकुलों में कार्यरत संविदा शिक्षकों को 12 महीने का वेतन, मूल वेतन और छह महीने का मातृत्व अवकाश देने की घोषणा की है। गुरुकुल विद्यालयों के संविदा शिक्षकों का नियमितीकरण तुरंत होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृदेवोभव: पितृदेवोभव: आचार्यदेवोभव: का भाव माता-पिता के बाद शिक्षक की प्राथमिकता को बताता है। तेलंगाना सरकार छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ शिक्षकों और छात्रों के कल्याण और विकास के लिए प्रभावी गतिविधियों को लागू कर रही है। तेलंगाना ने शिक्षकों ने शिक्षा के क्षेत्र में देश के लिए एक मिसाल कायम की है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके भावी पीढ़ी को सक्षम बनाने में सबसे आगे है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा लागू की जा रही योजनाओं के लगातार अच्छे परिणाम आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना सरकार की नीतियों से आज सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र पढ़ाई और खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम दुनिया भर में फैला रहे हैं। यह शैक्षणिक प्रगति के प्रति तेलंगाना सरकार के समर्पण और ईमानदारी का प्रमाण है। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने पिछले 16 वर्षों से तेलंगाना समाज कल्याण गुरुकुल स्कूलों में काम कर रहे 567 अनुबंध शिक्षकों को नियमित करने के आदेश जारी किए हैं। सरकार ने समाज कल्याण विभाग के गुरुकुलों में कार्यरत संविदा शिक्षकों को 12 महीने का वेतन, मूल वेतन और छह महीने का मातृत्व अवकाश देने की घोषणा की है।

# मप्र विस चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर

**भोपाल,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय तथा अरुण गोयल ने मतदान के प्रति जागरुकता बढ़ाने संबंधी अभियान की शुरुआत की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन यहां विशेष जागरुकता अभियान मिशन 50 एट द रेट ऑफ 230 की शुरूआत की।

इस अभियान के जरिए राज्य के कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में न्यूनतम 50 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा राजीव कुमार और अन्य वरिष्ठ निर्वाचन अधिकारियों ने यहां कुशाभाऊ ठाकरे सभागार परिसर में ही मतदाता जागरुकता प्रदर्शनी की शुरूआत की। इस अवसर पर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन भी मौजूद थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को यहां पहुंचे और उन्होंने पहले दिन विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव के संबंध में चर्चा की और उनके सुझाव सुने। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चुनाव संबंधी तैयारियों को लेकर जानकारी हासिल की। राज्य में विधानसभा चुनाव नवंबर दिसंबर माह में प्रस्तावित हैं। इनकी तैयारियां प्रशासनिक स्तर पर काफी समय से चल रही हैं।

# पटना विवि के कार्यक्रम में पैर फिसलने से गिरे नीतीश

**पटना,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को पटना विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम में पैर फिसलने की वजह से जमीन पर गिर गए। उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने

- **सुरक्षाकर्मियों ने उठाया**

तत्काल सहारा देकर उठाया। इस मौके पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर भी मौजूद थे। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ?

दरअसल, पटना विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस के मौके पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पटना विश्वविद्यालय के नए सीनेट हॉल का भी उद्घाटन किया जाना था। कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर और मुख्यमंत्री



नीतीश कुमार दोनों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान नीतीश कुमार अपने सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों के साथ उद्घाटन स्थल पर पहुंचते हैं। जैसे ही वह उद्घाटन के लिए शिलापट्ट पर लगे पर्दे के पास जाते हैं, इसी दौरान उनका पैर फिसल जाता है और वह गिर पड़ते हैं।

अचानक मुख्यमंत्री के गिरने से मौके पर लोग आवाक रह गए। सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल मुख्यमंत्री को सहारा देकर उठाया। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री को ज्यादा चोट नहीं है। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए।


**एतराज** *कोल माइन्स के लिए जमीन अधिग्रहण के केंद्र के प्रस्तावित बिल पर झारखंड सरकार ने जताया एतराज,कहा*

# आदिवासियों व मूल निवासियों के अधिकारों का होगा हनन

**रांची, 5 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में कोल माइन्स के लिए जमीन अधिग्रहण से संबंधित केंद्र सरकार के प्रस्तावित बिल पर झारखंड सरकार ने कड़ा ऐतराज जताया है। इस बिल के कानून बन जाने पर कोयले के भंडार वाली जमीनों का अधिग्रहण कोल माइन्स के संपूर्ण जीवन काल के लिए किया जा सकेगा। झारखंड सरकार का कहना है कि।**

यह बिल देश और राज्य हित में नहीं है। इसके जरिए ऐसे बदलाव प्रस्तावित किए हैं, जिससे झारखंड जैसे राज्यों को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। इससे राज्य के आदिवासियों और मूल निवासियों के हक-अधिकारों का हनन होगा।

झारखंड सरकार के खान एवं भूतत्व विभाग ने इस बिल पर आपत्तियां दर्ज कराते हुए केंद्र सरकार को पत्र भेजा है। बता दें कि द कोल बियरिंग एरिया (एक्वीजीशन एंड



- **खान व भूतत्व विभाग ने आपत्तियां दर्ज कर केंद्र सरकार को पत्र भेजा**

डेवलपमेंट) अमेंडमेंट बिल, 2023 को भारत सरकार के कोयला मंत्रालय की ओर से प्रस्तावित किया गया है। इसे लेकर केंद्र ने राज्यों से राय मांगी है। इस पर झारखंड सरकार ने कहा है कि इस बिल के जरिए कोल बियरिंग एरिया एक्ट में बदलाव के जो प्रस्ताव हैं, वह जनभावना के भी विपरीत हैं।

झारखंड सरकार की ओर से केंद्र को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि पहले से जो कानून अस्तित्व में हैं, उसके तहत सरकारी कंपनियों को आवंटित किए जाने वाले कोल माइन्स पट्टा एक निश्चित अवधि तक के लिए आवंटित किए जाते हैं। अब केंद्र सरकार द्वारा इस बिल के जरिए यह प्रावधान लाया जा रहा है कि कोल माइन्स का खनन पट्टा तब तक के लिए मान्य होगा, जब तक माइन्स में कोयला शेष है। झारखंड सरकार ने अपनी आपत्ति में कहा है कि यह खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 8 तथा खनिज समनुदान नियमावली 1960 के नियम-24 (सी) के विपरीत है। इसी तरह मौजूदा नियम-कानूनों के अनुसार कोल माइन्स के खनन पट्टा का विस्तार किए जाने की स्थिति में राज्य सरकार को अतिरिक्त राशि मिलती है, लेकिन नए प्रस्तावित संशोधन के अनुसार जब खनन पट्टा माइन्स की पूरी अवधि तक के लिए जारी किया जाएगा तो राज्य सरकार को अतिरिक्त राशि नहीं मिल पाएगी।

इससे राज्य के राजस्व का नुकसान होगा। कोल बियरिंग एरिया एक्वीजीशन एंड डेवलपमेंट एक्ट 1957 के प्रावधान के मुताबिक कोयला खनन एवं इससे संबंधित गतिविधियों के लिए ही सरकारी कंपनियों के लिए भू-अर्जन का प्रावधान है। कोल माइन्स के संचालन के लिए स्थायी आधारभूत संरचना कार्यालय, आवासीय सुविधाओं व अन्य के लिए एलए एक्ट 1894 के तहत जमीन अधिग्रहित की जाती है, लेकिन प्रस्तावित संशोधन लागू होने पर सरकारी कंपनियों के लिए अधिग्रहित की गई जमीन को निजी संस्थाओं को भी दी जा सकती है।

बिलासपुर, बुधवार 6 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# जी-20 का भारत और यथार्थ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि चमकाने का नया मौका दिन-ब-दिन करीब आता जा रहा है। साथ ही यह भी पता चल रहा है कि इसके लिये किस बड़े पैमाने पर पैसा खर्च किया जा रहा है। 9 और 10 सितम्बर को दिल्ली में आयोजित जी-20 के दौरान इवेंटबाजी में सिद्धहस्त मोदी भारत की एक ऐसी चमकदार तस्वीर पेश करने जा रहे हैं जिसके पीछे देश की बदहाली का अंधेरा छिप जाये। वैश्विक नेताओं के सामने वे खुद को एक उदार, लोकतांत्रिक तथा समतावादी नेता साबित करने की कोशिश करने जा रहे हैं ताकि पिछले नौ वर्षों के दौरान उनके सारे लोकतंत्र विरोधी कृत्यों पर पर्दा पड़ जाये। वे खुद और साथ ही कमजोर होती हुई उनकी भारतीय जनता पार्टी इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन का भरपूर लाभ आंतरिक राजनीति में उठाने पर आमादा दिखलाई पड़ रही है। इसके लिये एक तरफ आयोजन स्थलों को बेतहाशा सजाया-संवारा जा रहा है, तो दूसरी तरफ मोदी इस आशय के बयान दे रहे हैं हैं मानों उन्होंने मुल्क को ज़न्नत बना दिया हो।

पहले बात करें साज-सज्जा की। दिल्ली के हृदय स्थल पर बने प्रगति मैदान में 'भारत मंडपम' के नाम से भव्य आयोजन स्थल बनकर लगभग तैयार हो चुका है। 26 देशों के राष्ट्राध्यक्ष यहां भारत के आध्यात्मिक-सांस्कृतिक गौरव और परम्परा का प्रस्तुतिकरण देखेंगे। बाहरी मुल्कों से आने वाले जी-20 के संख्या में बहुत कम लेकिन बेहद प्रभावशाली राष्ट्राध्यक्षों को दिखलाने और आत्मसंतुष्टि के लिये मंडप के अलग-अलग हिस्सों में भारत का केन्द्रीय भाव 'वसुधैव कुटुम्बकम्' अभिव्यक्त हो रहा है। सांस्कृतिक वीथिका में 29 भाषाओं में बतलाया गया है कि 'संसार एक परिवार है।' हिन्दू धर्म से जुड़े कई प्रतीक चिन्ह भी यहां हैं- मोर पंख है तो शंख भी। यहां पंचतत्व है, सूर्य शक्ति है, योग है और वेद की पाण्डुलिपि भी। यानी वह सब कुछ जो प्राचीन भारत की देन है। हालांकि इस सम्पूर्ण वास्तु के दौरान यह भी ध्यान रखा गया है कि वर्तमान सत्ता को इन तमाम उपलब्धियों एवं अर्जित विकास का श्रेय देना है। 'जीरो से इसरो' इसी प्रयास की एक कड़ी है। तीन दर्जन सभा कक्षों वाली चार मंजिला इमारत में 14 हजार लोगों के बैठने तथा 5500 कारों की पार्किंग के लिये जगह है। शंखनुमा झूमर के साथ इतना आलीशान सभा कक्ष कि कोई देश की गरीबी का अंदाजा भी न लगा सके।

इसके साथ ही बात करनी ज़रूरी है उस साक्षात्कार की जो प्रधानमंत्री ने जी-20 सम्मेलन के अवसर पर एक समाचार एजेंसी को दिया है। उन्होंने इसमें बताया है कि पहले भारत को एक अरब भूखे लोगों का देश माना जाता था परन्तु अब वह एक अरब महत्वाकांक्षी दिमाग तथा 2 अरब कुशल हाथों में रोजगार का देश बन गया है। भारत के जल्दी ही दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाने का दावा दोहराते हुए मोदी साहब बतलाते हैं कि 2047 तक, यानी आजादी के सौ साल पूरे होने पर देश एक विकसित राष्ट्र बन जायेगा। विकास के लिये 4-डी का फार्मूला देते हुए मोदी यह भी बताते हैं कि अब दुनिया का भारत को देखने का नजरिया बदल गया है। डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी और डायवर्सिटी के साथ डेवलपमेंट शब्द को जोड़ते हुए प्रधानमंत्री ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि भारत का 1000 वर्षों के विकास का रास्ता प्रशस्त हो चुका है। एक अच्छे समाज सुधारक की तरह उन्होंने भ्रष्टाचार, जातिवाद एवं साम्प्रदायिकता से दूर रहने की सलाह दी है। इसके साथ ही उन्होंने देशी व अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र पर अपनी गहरी पकड़ व अनुभव के बल पर छोटे विकासशील देशों को सलाह भी दी है कि वे कर्जों के जाल में न फंसें। इसके अलावा भी उन्होंने अनेक बातें कही हैं जो भारत के नागरिक आधारित मॉडल, फेक न्यूज़ के खतरे, कोरोना काल में भारत द्वारा 150 देशों को टीके व दवाइयां देने और 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' से सम्बन्धित है।

अगर मोदी के उपरोक्त साक्षात्कार के अलग-अलग हिस्सों पर विचार करें तो साफ है कि भारत में कम से कम ऐसा कुछ भी होता हुआ नहीं दिख रहा है। देश में रोजगार की स्थिति सर्वज्ञात है। देश की विकास दर निम्न स्तर पर है। देश में लोकतंत्र के जितने खराब दिन अभी चल रहे हैं, वैसे नागरिकों ने कभी भी नहीं देखे। मानवाधिकार कानून ताक पर रख दिये गये हैं, सारी संवैधानिक संस्थाएं इतनी कमजोर कर दी गई हैं कि वे एक तरह से सरकार की हां में हां मिला रही हैं। सत्ता से सवाल पूछने वाले जेलों में डाल दिये गये हैं। लोकतंत्र की जननी होने का दावा करने वाले मोदी का 9 साल का कार्यकाल नागरिकों के बुनियादी हकों और समावेशी संस्कृति को मटियामेट कर चुका है। जातिवाद और साम्प्रदायिकता का आलम यह है कि दलित महिलाओं से बलात्कार होते हैं, आदिवासियों पर पेशाब की जाती है तथा ट्रेन में बाकायदा शिनाख्त करते हुए मुस्लिमों को गोलियों से भुना है। संविधान बदलने की बात होती है और विपक्ष मुक्त भारत बनाया जा रहा है।

आधी से ज्यादा दिल्ली को ठहराकर या बन्द कराकर मोदी स्वयं को बाहरी लोगों के सामने देश का सबसे शक्तिशाली और देशवासियों के समक्ष एक लोकप्रिय वैश्विक नेता साबित करना चाहते हैं। आंतरिक राजनीति में अपनी कमजोर होती स्थिति को सुधारने के लिये मोदी बड़े पैमाने पर खर्च कर रहे हैं वरना नयी दिल्ली और उसके आसपास ऐसे सैकड़ों स्थल हैं जहां ये आयोजन सादगीपूर्ण ढंग से हो सकते हैं। दरअसल यह मोदी द्वारा वैश्विक नेताओं के समक्ष प्रस्तुतिकरण के लिये तैयार किया गया भारत है। असली हिन्दुस्तान बिलकुल अलग है- बदहाल, विपन्न, विभाजित और पिछड़ता हुआ।

# भारतीय अस्मिता और हिन्दू राष्ट्र

■ अरुण कुमार डनायक

भारत कभी हिन्दू राष्ट्र बन सकता है? क्या 'हिन्दी, हिन्दू, हिन्दुस्तान' का नारा कभी धरातल पर उतर सकता है? ये यक्ष प्रश्न हैं। इनका उत्तर 1947 के बहुत पहले, शायद सौ वर्षों से खोजा जा रहा है, लेकिन अभी तक जवाब नहीं मिला है। इस परिकल्पना में जीते अनेक हिंदूवादी संगठन अपना अस्तित्व अतीत को भेंट कर चुके हैं, जनता ने उन्हें कई बार सिरे से नकार दिया है, लेकिन एक संगठन जिसे हम फासिस्टवादी हिटलर और मुसोलिनी से प्रेरित बताते हैं, जिसका विस्तार आज़ादी की पूर्व संध्या तक केवल महाराष्ट्र के कतिपय ब्राह्मणों तक सीमित था और बंटवारे के समय वह कुछ सिंधी और पंजाबी शरणार्थियों पर असर डालने में सफल हुआ, आज भारत का सबसे प्रभावशाली संगठन बन गया है। उपरोक्त नारे इसी संगठन की दिमागी उपज हैं और एक मोटे अनुमान से कहा जा सकता है कि देश की पच्चीस से तीस प्रतिशत आबादी का विश्वास इन नारों में है।

भारत की इस आबादी के मनो-मस्तिष्क में यह बात भर दी गई है कि हिंदुत्व और भारतीयता एक-दूसरे के पर्याय हैं। हिन्दू शब्द का अस्तित्व वैदिक या पौराणिक नहीं है। इसकी उत्पत्ति ही पश्चिमी आक्रान्ताओं के, सिन्धु नदी को इंडस और इस भूभाग को इंडिया कहने से हुई। यही इंडस और इंडिया आगे चलकर हिन्दू और हिन्दुस्तान हो गए। इस आधार पर अगर विदेशी विद्वान यहां के सभी निवासियों को हिन्दू मानते हैं तो भला क्या आपत्ति हो सकती है, लेकिन आपत्ति तो उन लोगों को सबसे ज्यादा है जो 'हिन्दी, हिन्दू, हिन्दुस्तान' का नारा देते हैं। उनकी निगाह में हमारी धार्मिक मान्यताओं से परहेज रखने वाले अहिंदू हैं। ये अहिंदू उनके साथ बैठ तो सकते हैं, लेकिन उनका स्थान बराबरी का नहीं होगा। जब तक यह समानता स्वीकार नहीं की जायेगी, अहिंदू स्वयं को भारतीय कहलाने में तो गर्व महसूस करेंगे, लेकिन हिन्दू कहलाना कतई पसंद नहीं करेंगे।

फिर भारत तो ऐसा देश है जहां धर्म, आध्यात्म, संस्कृति और सामाजिक विचारों की अनेक धाराएं आकर समाहित हो गई हैं। हमारे देश में ऐसे लाखों-करोड़ों लोग हैं जो किसी धर्म को नहीं मानते। उस वैदिक संस्कृति, आर्य सभ्यता पर भी उनका विश्वास नहीं है जिसे हिन्दुत्ववादी संगठन राष्ट्रीय स्वाभिमान से जोड़कर देखते हैं। इसलिए हमारी राष्ट्रीय पहचान हिंदुत्व व हिन्दू की जगह भारतीय रहनी चाहिए। भाषा को भी संस्कृत, उर्दू, हिन्दी के पचड़े से दूर रखना चाहिए। हमारे पूर्वज भले चाहे किसी भी भाषा को सम्प्रेषण का माध्यम मानते रहे हों, लेकिन यदि हम जिस भाषा को पढ़-लिख नहीं सकते वह हमारी मातृभाषा नहीं हैं। ऐसा मानने में क्या हर्ज है?

जब हम अंग्रेजों की गुलामी की बेड़ियों से मुक्त हुए तब विभाजन का दंश झेलना पड़ा। पाकिस्तान का जन्म धर्म के आधार पर हुआ, लेकिन हमारे तत्कालीन नायकों ने बहुसंख्यक हिन्दू आबादी वाले देश को हिदुस्थान मानने की बजाय 'इंडिया देट इज भारत' कहा। हमने धार्मिक आधार पर बंटवारे को सिरे से नकार दिया। हम लम्बे समय तक भारत विभाजन के लिए जिन्ना की कट्टरवादिता और हिन्दू-मुस्लिमों के बीच अविश्वास की गहरी खाई को दोषी मानते रहे, लेकिन इसके लिए हमारे इतिहासकारों ने कभी भी सुल्तानों और मुग़ल बादशाहों के अत्याचारों, धर्म परिवर्तन, आस्था स्थलों की तोड़-फोड़ को दोष नहीं दिया, वरन हमने अंग्रेजों की 'फूट डालो, राज करो' की नीति को हिन्दू-मुस्लिम वैमनस्यता का दोषी माना।

अब जो प्रयास इतिहास पुनर्लेखन को लेकर हो रहे हैं वे इन स्थापित धारणाओं के विपरीत हैं। विभाजन के आधार को यदि पुनर्जीवित कर इसे धार्मिक आधार देने का प्रयास सफल होता है तो इसका मतलब यही होगा कि जिन्ना, गोलवलकर, सावरकर एक ही हैं। जिन्ना ने यदि भारत को इस्लाम के नाम पर विखंडित कर दिया तो हिंदुत्व के नाम से यह नया प्रयास एक और विखंडन को जन्म देगा।

भारतीय मानसिकता जिसका मूलाधार वेदान्त में निहित है, राज धर्म की बात करता है। वह शासक से अपेक्षा करता है कि धर्म, जाति, विचारों के आधार पर प्रजा के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिये। भारत के संविधान निर्माताओं में बहुसंख्यक सदस्य वेद-पुराण में वर्णित राजनीतिक सिद्धांतों व नीति उपदेशों से प्रेरित थे। वे महात्मा गांधी के अनुयायी नहीं, तो

भारतीय मानसिकता जिसका मूलाधार वेदान्त में निहित है, राज धर्म की बात करता है। वह शासक से अपेक्षा करता है कि धर्म, जाति, विचारों के आधार पर प्रजा के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिये। भारत के संविधान निर्माताओं में बहुसंख्यक सदस्य वेद-पुराण में वर्णित राजनीतिक सिद्धांतों व नीति उपदेशों से प्रेरित थे। वे महात्मा गांधी के अनुयायी नहीं, तो प्रशंसक अवश्य थे।

प्रशंसक अवश्य थे। उन्होंने जिस संविधान की रचना कर भारत के लोगों को समर्पित किया था उसमें धर्म आधारित राज्य को तरजीह देने की जगह धर्मनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे में शामिल किया गया था।

यदि भारत के संविधान का आधार हिन्दू धर्म होता तो क्या होता? यह कल्पना ही मन को झकझोर देती है। हमारे दिमाग में सीरिया, सउदी अरब, ईरान, पाकिस्तान की आवाम का चित्र आ जाता है। भारत का संविधान भारतीय लोगों का संविधान है, वह हिन्दू संविधान नहीं है। इसीलिये यह देश हिन्दुस्थान नहीं भारत है और यहां के निवासी हिन्दू नहीं भारतीय हैं।

इतना कहने मात्र से हम साम्प्रदायिकता के जहर से मुक्त नहीं हो सकते। देश की बहुसंख्यक आबादी को यह भरोसा दिलाने की आवश्यकता है कि भले चाहे संविधान के अनुच्छेद 25 (धर्म को मानने और प्रचार करने का समान हक), अनुच्छेद 26 (धार्मिक संस्थाओं की स्थापना और पोषण की स्वतंत्रता), अनुच्छेद 28 (शिक्षा संस्थाओं में धार्मिक शिक्षा या धार्मिक उपासना में उपस्थित होने की स्वतंत्रता) और अनुच्छेद 29 (नागरिकों के किसी भी वर्ग को अपनी विशिष्ट भाषा, लिपि या संस्कृति को संरक्षित करने का अधिकार) आदि प्रावधान अल्पसंख्यकों में भेदभाव-रहित राज्य की कल्पना के लिए जोड़े गए हैं, लेकिन वे बहुसंख्यकों के अधिकारों का हनन नहीं करते और इन अनुच्छेदों के प्रावधान उन्हें भी अपने धर्म का पालन करने संबंधी पर्याप्त छूट देते हैं।

अल्पसंख्यकों को भी कतिपय मामलों में अपने विचार बदलने होंगे। वे भले ही हिन्दू आदर्शों को अपना नहीं मानें, लेकिन कुतबुद्दीन ऐबक, अलाउद्दीन खिलजी, औरंगजेब जैसे धर्मांध मुस्लिम शासकों को, जिन्होंने राजधर्म निभाने में चूक की, अपना आदर्श नहीं बताएं। उन्हें गैर-कानूनी व आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त अपने सजातीय बंधुओं की न केवल भर्त्सना करनी होगी, वरन उन्हें प्रश्रय देना भी बंद करना होगा। ऐसा करने में यदि उनकी जान भी चली जाय तो उन्हें उसकी परवाह नहीं करनी चाहिए। देश की एकता और अखंडता अक्षुण रखने के लिए कम-से-कम इतने बलिदान की अपेक्षा तो की जा सकती है।

मुसलमानों में भी बहुत सी सामाजिक कुरीतियां, जैसे-बहु-पत्नी प्रथा, पर्दा प्रथा, उत्तराधिकार, तलाक, असमानता आदि हैं। उन्हें इन पुरातन नियमों में परिवर्तन के लिए स्वयं आगे आना होगा। कुरआन ईश-निंदा की इजाजत नहीं देता। बहुसंख्यक समुदाय भी प्रायः अल्लाह, पैगम्बर साहब के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करता है, लेकिन कुछ मामलों में चूक हो ही जाती है। ऐसे में मुस्लिम समुदाय को फतवा देने से बचना चाहिए। अगर ऐसे कुछ उपाय मुसलमान करेंगे और सरकारें भी धार्मिक आधार पर आयोजनों से परहेज करेंगी तो यह देश भारत के संविधान के अनुसार चलता रहेगा।

**( लेखक सामाजिक कार्यकर्ता हैं )**

# भारत के उच्च व्यापार घाटे के पीछे डंप चीनी निर्यात

■ नन्तु बनर्जी

यह समझना मुश्किल है कि भारत लगातार चीन का शिकार क्यों हो रहा है, अगर वह पूरी तरह से जानता है कि चीन निर्यात में भारी डंपिंग कर रहा है और वह अक्सर 'कच्चे माल की लागत से कम पर माल की आपूर्ति कैसे करता है?'

यह सवाल भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के हाल ही में दिल्ली में जी-20 देशों के व्यापार मंत्रियों के साथ एक पैनल चर्चा में मॉडरेटर के रूप में नाराजगी के संदर्भ में प्रासंगिक है, जहां उन्होंने चीनी उप मंत्री (वाणिज्य) वांगशौवेन से खुले तौर पर पूछा: 'आप सामान की आपूर्ति कैसे कर सकते हैं,कच्चे माल की लागत से भी कम पर?'

गोयल को यह बताना चाहिए कि भारत पिछले नौ वर्षों में चीन से इतनी भारी मात्रा में आयात करने के लिए क्यों मजबूर है, यह जानते हुए भी कि चीन माल डंप कर रहा है? चीन से डंप किये गये आयात भारत के समान वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों को कैसे प्रभावित कर रहे हैं? 2014 में जब भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार सत्ता में आई, तो चीन से भारत का आयात लगभग 58 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था। पिछले साल, यूएन कॉम ट्रेड डेटा बेस के अनुसार, चीन से भारत का व्यापारिक आयात बढ़कर .102.25 बिलियन हो गया।

जबकि गोयल ने बताया कि, चीन के साथ उच्च व्यापार घाटे के डर से भारत आरसीईपी में शामिल क्यों नहीं हुआ, चीनी उप मंत्री (वाणिज्य) वांग शौवेन ने कहा, 'इसके विपरीत, आरसीईपी कार्यक्रम से बाहर निकलने के भारत के फैसले के बावजूद भारत-चीन व्यापार लगातार बढ़ रहा है।' चिंता थोड़ी अलग है, द्विपक्षीय व्यापार चीन के पक्ष में झुका हुआ है। उद्योग जगत का मानना है कि अगर हम आरसीईपी में शामिल होते तो व्यापार जरूर बढ़ता, लेकिन व्यापार घाटा और बढ़ जाता,' गोयल ने कहा।

भारतीय वाणिज्य मंत्री ने आगे कहा कि चीन को भारत सहित दुनिया के कई हिस्सों से अधिकतम एंटी-डंपिंग और एंटी-सब्सिडी प्रश्नों का प्राप्तकर्ता होने के कारण, आयातकों को आश्चर्य होता है कि चीन अपने निर्यात की कीमत कैसे तय करता है। उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसी बात है कि मुझे लगता है कि सभी मंत्री यह जानना चाहेंगे कि आप कच्चे माल की लागत से कम पर सामान की आपूर्ति कैसे कर सकते हैं।'

हालांकि, चीनी मंत्री लापरवाह थे। वांग ने व्यावहारिक रूप से गोयल को फटकार लगाई और चीनी निर्यात डंपिंग के बारे में भारतीय वाणिज्य मंत्री की टिप्पणियों पर बहुत कम ध्यान दिया क्योंकि उन्होंने कहा कि आरसीईपी से बाहर रहने के भारत के फैसले के बावजूद, दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं।

'पिछले साल, द्विपक्षीय व्यापार 130 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। यदि द्विपक्षीय या आरसीईपी संदर्भ में कोई एफटीए होता है, तो व्यापार क्षमता का हमारे दोनों देशों के लाभ के लिए और अधिक दोहन किया जायेगा। आरसीईपी में शामिल होने का निर्णय आपका है, लेकिन भारत के लिए आरसीईपी के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे, 'वांग शौवेन ने जवाब दिया।

वांग के बयान से यह आभास होता है कि भारत के पास चीन से अधिक से अधिक आयात करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यहां तक कि दोनों देशों के बीच बढ़ती कूटनीतिक कड़वाहट और लद्दाख क्षेत्र से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक भारत की भूमि सीमाओं पर चीन की लगातार सैन्य ताकत चीन के साथ भारत के बेहद बढ़ते घाटे वाले व्यापार को प्रभावित करने में विफल रही है।

क्या गोयल के पास वांग की टिप्पणियों का कोई विशिष्ट उत्तर है? भारत चीन से इतना अधिक आयात क्यों करता है? भले ही भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दावा करता है, देश तेजी से आयात पर निर्भर होता जा रहा है और व्यापार घाटा लगभग हर साल बढ़ रहा है। पिछली बार भारत में व्यापार का अनुकूल संतुलन 1976-77 में देखा गया था - जिसे 'आपातकालीन' वर्ष के रूप में जाना जाता है - 86 करोड़ रुपये तक, जब एक अमेरिकी डॉलर का मूल्य केवल 8.5 रुपये के आसपास था। भारत ने पहली बार 1972-73 में अनुकूल व्यापार संतुलन दिखाया था। यह रकम 104 करोड़ रुपये थी और तब विनिमय दर एक अमेरिकी डॉलर के लिए 7.5 रुपये थी।

ये दो वित्तीय वर्ष स्वतंत्र भारत के इतिहास में एकमात्र ऐसे कालखंड हैं, जिनमें देश का व्यापार संतुलन अनुकूल रहा। वर्तमान में, भारत का व्यापार अधिशेष केवल अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, यूनाईटेड किंगडम और वियतनाम जैसे कुछ देशों के साथ है। 2022-23 में भारत का कुल निर्यात (माल और सेवाएं संयुक्त) साल-दर-साल 13.84 प्रतिशत बढ़कर 770.18 बिलियन डॉलर हो गया। पिछले वित्त वर्ष के दौरान कुल आयात 17.38 प्रतिशत की तेज गति से बढ़कर 892.18 अरब डॉलर हो गया। भारत का कुल व्यापार घाटा 2022-23 में बढ़कर 122 बिलियन डॉलर हो गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष में 83.53 बिलियन डॉलर था।

नवंबर 2019 में चीन के नेतृत्व वाले 15 देशों के व्यापार ब्लॉक, क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी ( आरसीईपी ) से भारत के बाहर निकलने के बावजूद, ऐसा माना जाता है कि यह स्वदेशी जागरण मंच के आदेश पर किया गया है, जो अखिल भारतीय दक्षिणपंथी आरएसएस की रक्षा और रक्षा करने वाली शाखा है और मानता है कि सरकार भारतीय व्यापार और उद्योग का विकास करे।

जब विशेष रूप से व्यापारिक निर्यात की बात आती है, तो भारत की वैश्विक रैंक केवल 447.46 बिलियन डॉलर के निर्यात के साथ 19वीं थी। 2022 में, चीन ने दुनिया भर में 3.59 ट्रिलियन डॉलर का सामान निर्यात किया, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। भारत की आयात-आधारित आर्थिक वृद्धि के विपरीत, निर्यात ने चीन की अर्थव्यवस्था को अमेरिका के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रेरित किया।

1995 से चीन लगातार व्यापार अधिशेष की बुकिंग कर रहा है। 2022 में, व्यापार अधिशेष 31 प्रतिशत बढ़कर 876 बिलियन डॉलर हो गया - जो कि 1950 में चीन द्वारा रिकॉर्ड बनाये रखना शुरू करने के बाद से सबसे अधिक है- फिर निर्यात सात प्रतिशत बढ़ा और आयात केवल एक प्रतिशत बढ़ा। चीन के व्यापार अधिशेष, पिछले साल, अकेले भारत के कारण .101.02 बिलियन था, जो 2021 में 69.38 बिलियन के स्तर से बढ़ रहा है।

नवंबर 2019 में चीन के नेतृत्व वाले 15 देशों के व्यापार ब्लॉक, क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसीईपी) से भारत के बाहर निकलने के बावजूद, ऐसा माना जाता है कि यह स्वदेशी जागरण मंच के आदेश पर किया गया है, जो अखिल भारतीय दक्षिणपंथी आरएसएस की रक्षा और रक्षा करने वाली शाखा है और मानता है कि सरकार भारतीय व्यापार और उद्योग का विकास करे। अब समय आ गया है कि गोयल और उनकी चुनावी सरकार कूटनीतिक रूप से आक्रामक चीन से आयात को नियंत्रित करने और 'डंपिंग' मुद्दे से निपटने के बारे में एक मजबूत निर्णय ले।

भारत चीन से जो कुछ भी आयात करता है वह दुनिया के अन्य हिस्सों में उपलब्ध नहीं है। वर्तमान सरकार मई 2014 से सत्ता में है। संतुलित आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने वाली आयात-निर्यात नीति बनाने और उसे लागू करने में काफी समय लग गया है।

चीन के साथ तनावपूर्ण राजनयिक संबंध रखने वाले अधिकांश देश चीन से आयात में कटौती कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिकी जनगणना ब्यूरो के अनुसार, 2023 के पहले पांच महीनों के दौरान, चीन से अमेरिकी आयात एक साल पहले की समान अवधि से 24 प्रतिशत कम था। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि देश की कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए अपनी आपूर्ति लाइनों का स्थान बदल रही हैं, या तो प्रतिद्वंद्वी महाशक्तियों के बीच दबने के जोखिम से बचने के लिए या ग्राहकों के करीब सामान का उत्पादन करने की दीर्घकालिक रणनीति के हिस्से के रूप में। भारत को चीन से आयात में भारी कटौती करने के लिए इसी तरह की प्रथा का पालन करना चाहिए।

## पावन प्रसंग

# युवाओं की ऊर्जा एवं बुजुर्गों का अनुभव

यह हमेशा से रहा है कि पुरानी पीढ़ी नई पीढ़ी को नासमझ व भटका हुआ समझती है और नई पीढ़ी पुरानी पीढ़ी की परवाह नहीं करती। यह इसी मतभेद और विरोधाभास का विरोधाभासी होती है। अब आज के दौर को ही लें। साहित्यकारों से लेकर समाजशास्त्रियों तक की एक मुकम्मिल पुरानी पीढ़ी, आज के युवाओं को बेपरवाह, लापरवाह, भटकी हुई और गलत दिशा का राही मानती है, जबकि किशोर इस विस्फोटक सूचना के प्रौद्योगिकी युग में पुरानी पीढ़ी को चुका हुआ समझता है।

पुरानी पीढ़ी के पारंपरिक बुद्धिजीवी नई पीठी को अपने ढंग से परिभाषित करने की कोशिश कर रहे हैं और नई पीढ़ी उनकी इस हास्यास्पद कोशिश पर तरस खा रही है। नई पीढ़ी के साथ अपने दबाव और अपनी सम्मस्याएं होती हैं तो यह भी सही है कि उसकी अपनी एक सहूलियत भी होती है। मई पीढ़ी अगर पुरानी पीढ़ी से कुछ मामलों में पीछे होती है तो बहुत मामलों में आगे भी होती है लेकिन यह विरोधाभास ज्यादातर लोगों को समझ में नहीं आता। इसलिए नई और पुरानी पीढ़ी के बीच मतभेद होते हैं। दोनों ही पीढ़ियां एक दूसरे के महज नकारात्मक पहलुओं पर ही दृष्टि केंद्रित करती हैं और नतीजा यह होता है कि दोनों एक दूसरे को समझ नहीं पातीं और खारिज कर देती हैं।

कुछ बुजुर्गों का कहना है कि नई पीढ़ी पूरी तरह से मुगालते में है। वह भटकी हुई है। भ्रम में जी रही हैं। नई पीढ़ी जिसे अपनी सफलता, अपनी आजादी, रंगों और सपनों से भरी अपनी दुनिया मान रही है, वह दरअसल यह एक धोखा है और हकीकत में वह उसके पतन की प्रक्रिया है। नई पीढ़ी को लगता है वह नृत्य कर रही है,लेकिन वह नृत्य नहीं कर रही, बल्कि उनके पैरों के नीचे की धरती हलचल करते हुए खिसक रही है। दरअसल उनकी उछल कूद उनके पैरों के नीचे से खिसकती जमीन का नतीजा है। अगर इस कल्पना की नकारात्मकता की तह तक पहुंचेंगे तो केवल कल्पना ही नजर आती है। आखिर नई पीढ़ी क्यों और कैसे इस कदर मुगालते में हो सकती है? महज रुमानियत से भरी और अव्यावहारिक हैं? क्या वह मेहनत नहीं करती? क्या वह नया नहीं सोचती? क्या उस पर बेहतर साबित होने के दबाव नहीं है? क्या वह कल्पनाशील नहीं है? क्या वह दुनिया के तमाम खतरों से परिचित नहीं है?

हैरानी होती है, जब कोई पूरी पीढ़ी के बारे में एकतरफा नजरिया बना लेता है और वह भी बेहद नकारात्मक नजरिया। नई पीढ़ी को पुरानी पीढ़ी शायद इसलिए समझ नहीं पा रही है, क्योंकि बदलाव की जिस रफ्तार से नई पीढ़ी गुजर रही है और बदलाव की जिस तेज रफ्तार में नई पीढ़ी ने आंखें खोली हैं, उससे पुरानी पीढ़ी कदमताल कर पाने में खुद को असमर्थ पा रही है। इस पीढ़ी ने वास्तविक ग्लोबल जेनरेशन की अवधारणा के विकास क्रम के दौर में आंखें खोली हैं और पुरानी पीढ़ी ने सिर्फ नीति- वचनों में ही वसुधैव कुटुम्बकम् जैसे आप्त वचन पढ़े हैं। इस पीढ़ी का भावनाओं से कम, वास्तविकता से ज्यादा लेना देना है। पुरानी पीढ़ी वास्तविकता में कम और भावनाओं में ज्यादा जीती है।

यह पीढ़ी अगर सचमुच में ग्लोबल जेनरेशन है, भूमंडलीय पीढ़ी है तो इसका मतलब सिर्फ यह नहीं है कि नई पीढ़ी सिर्फ और सिर्फ बुराइयों या खामियों का ही वैश्विक विस्तार कर रही हैं। नई पीढ़ी अपनी खूबसूरत मौलिक ऊर्जा कल्पनाओं, क्षमताओं, कोशिशें और सपनों को भी एक दूसरे के साथ बांटती हैं।

इसी युग में हिंदुस्तानी युवाओं को डिस्कवरी और हिस्ट्री जैसे चैनल भी दिए हैं, जो इतना ज्ञान परोसते हैं, जो बड़ी-बड़ी लाइब्रेरियों तक में नहीं है। अगर ग्लोबल जेनरेशन एक दूसरे के ऐबों से रूबरू हुई है तो एक दूसरे की खूबियों से भी परिचित हुई हैं। आज कितने बच्चे हैं जो दुनिया के किसी भी कोने के बारे में सटीक और वास्तविक जानकारी रखते हैं।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# बौद्धिकता की जड़ों को खोखला करता अज्ञानता, अंधविश्वास

अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है। यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात है। यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है। अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही है।

युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती है और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है। दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक है। शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती है। शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन पर चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है। ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहां बच जाती है भला? शिक्षा का स्तर इतना ऊंचा हो जाना चाहिए कि इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिए। बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है, किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौंवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना- इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है। शिक्षा विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान समाज में तर्कसंगत बातों का विश्वास करने पर भरोसा दिलाता है और धीरे-धीरे अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता से मनुष्य को परे ले जाता है। मूलतः अंधविश्वास को दूर करने के लिए हमें शिक्षा जैसे अस्त्र का इस्तेमाल तीव्र गति से किया जाना चाहिए। अंधविश्वास तंत्र मंत्र के अधीन होकर पशुओं की बलि देना भी एक प्रकार से अंधविश्वास को बढ़ावा देना ही है, तंत्र मंत्र में विश्वास कर मानव न केवल पशुओं की बलि देते बल्कि बच्चों तक की बलि देने से भी परहेज नहीं करता है। समाज में व्याप्त अंधविश्वास तथा कट्टरपंथ का लाभ समाज के कुछ चालबाज तथा धोखेबाज लोग उठाते हैं और यही लोग इन अंधविश्वासी लोगों को भूत, प्रेत ,राहु-केतु, काल सर्प दोष इत्यादि का भय दिखाकर पूजा पाठ, तंत्र मंत्र के नाम से हजारों रुपए लूट लेते हैं। यह सिर्फ गांव में ही नहीं हो रहा है यह शहरों में भी बुरी तरह व्याप्त है तंत्र मंत्र तथा भूत प्रेत से छुटकारा भारत के कस्बों तथा गांव में एक व्यवसाय के रूप में विकसित हो गया है जो देश के लिए एक बड़ी विसंगति और विडंबना है।

**संजीव ठाकुर**

**उल्टा पुल्टा**

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ,
राजू- डॉक्टर साहब लीवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो ?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना सर।

# संतान प्राप्ति व दीर्घायु के कामना के लिए माताओं ने रखा हल षष्ठी व्रत





## सगरी बनाकर विधि विधान से की गई पूजा-अर्चना

## पोता मारकर बच्चों को दिया आशीर्वाद

**बिलासपुर,** 5 सिंतबर (देशबन्धु)। सनातनी परंपराओं में स्त्री को त्याग की प्रतिमूर्ति ही नहीं कहा जाता। स्त्रियों के लगभग सभी व्रत अपने निकट संबंधियों के कल्याण हेतु ही होते हैं उन्ही में से एक हल षष्ठी का पर्व मंगलवार को मनाया गया। संतान की दीर्घायु और उनके अकाल मृत्यु से बचाव के लिए किए जाने वाले व्रत को खमर छठ भी कहते हैं। भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी को भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्म हुआ था उनके जन्मोत्सव को हल छठ के रूप में मनाया जाता है। इसे हल छठ, कमर छठ, चंदन छठ या खमर छठ भी कहते हैं। संतान प्राप्ति, संतान की दीर्घायु और उनके सुखमय जीवन की कामना के साथ माता इस व्रत तो रखती है। इस व्रत के लिए कठिन नियम होते हैं । इस दिन हल चले ज़मीन पर उगे अनाज और सब्जियों का सेवन वर्जित है, इसलिए व्रती इस दिन प्राकृतिक रूप से उगे पसहर चावल खाकर व्रत रखती है। इस पर्व पर गाय के दूध का प्रयोग भी वर्जित है, इसलिए भैंस के दूध, दही, घी आदि का प्रयोग किया जाता है।

मंगलवार को प्रात: सूर्य देव को जल अर्पित कर माताओ ने व्रत का संकल्प लिया। सुबह महुआ के पेड़ की डाली का दातौन किया, इसके साथ उपवास की शुरुआत हुई।

माताओ ने अपनी संतान की मंगल कामना के साथ तो वही नव विवाहित स्त्रियों ने संतान प्राप्ति की कामना के साथ इस व्रत को किया। घर के सामने, मंदिर आदि स्थानों पर कृत्रिम तालाब सगरी का निर्माण किया गया, जिसमें झरबरी, पलाश और कांसे के पेड़ लगाए गए। गोबर से निर्मित छठ माता, भगवान गणेश, माता पार्वती बलदाऊ की पूजा अर्चना करने के बाद हल षष्ठी की कथा का श्रवण किया गया।

पूजा अर्चना के पश्चात बच्चों के पीठ पर प्यार भरा पोता लगाया गया। ऐसी मान्यता है कि इस पूजा को करने से बच्चों की उम्र लंबी होती है और उन पर कोई परेशानी नहीं आती। रात को पसहर चल खाकर उपवास खत्म किया गया। इस तिथि पर भगवान बलराम का जन्म हुआ था और उन्होंने हल धारण किया हुआ है, इसलिए इस पर्व को हल षष्ठी कहते हैं इसीलिए इस पर्व पर भगवान बलराम की पूजा कर उनसे संतान के दीर्घायु होने का आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। पूजा में मिट्टी और शक्कर के बने चुकिया में चना, गेहूं, जौ, धान ,अरहर, मूंग,मक्का, महुआ भरकर दूध, दही, गंगाजल अर्पित करते हुए षष्ठी देवी की पूजा की गई। पूजा के पश्चात सगरी से पानी लेकर बच्चों का मुंह धुलवाया गया। इसके बाद घर जाकर कपड़ा को भिगोकर बच्चों की पीठ पर आशीर्वाद भरा पोता मारा गया। बिलासपुर में भी जगह-जगह खमर छठ की पूजा अर्चना महिलाओं ने सामूहिक रूप से की।

## संपादकीय

### जान की कीमत पर मौज-मस्ती

*जीवन में मनोरंजन और मौज-मस्ती बेहद आवश्यक है। बच्चे अपनी पढ़ाई-लिखाई से और बड़े काम-काज से थककर अपनी दिनचर्या में परिवर्तन लाना चाहते हैं। सभी के अपने-अपने तरीके होते हैं। कोई संगीत सुनता है तो कोई मूवी देखता है, किसी को किताबें पढ़ने में आनंद मिलता है तो किसी को मित्रों के साथ गप्पबाजी में। कोई अकेला घूमने चल पड़ता है तो किसी को टीवी के सामने बैठकर सुख की प्राप्ति होती है। कहने का तात्पर्य यह कि जितने लोग उतनी तरह के मनोरंजन के साधन। हर आदमी आनंद लेना चाहता है ताकि जीवन में उसकी दिलचस्पी बनी रहे। यह होना भी चाहिये और दुनिया में शायद ही कोई ऐसा मनुष्य होगा जिसे मनोरंजन की चाहत न हो। स्वस्थ और सुखी जीवन की यह निशानी है कि कोई व्यक्ति मनोरंजन के साधनों में समय बिताता है या नहीं। यह व्यक्तित्व की पहचान भी कही जाती है।*

*वैसे तो सारी ऋतुएं मानव मात्र को आनंदित करती हैं और सभी मौसमों की विभिन्न प्रकार की सुंदरता होती है। फिर भी, वर्षा ऋतु का अलग ही सौंदर्य होता है। चारों ओर हरियाली हो जाती है और नदियों, तालाबों, बांधों में पानी भर जाता है। अनेक झरने भी फूट पड़ते हैं या उनकी धाराएं बड़ी हो जाती हैं जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। लोग अपने परिवारों या मित्रों के साथ समय बिताने उसके ईर्द-गिर्द एकत्रित होते हैं। जलप्रपातों में नहाने का आनंद तो है परन्तु उसके खतरे भी कोई कम नहीं होते। उनके अचानक बढ़ते जल स्तर में लोग घिर जाते हैं या फिर बह जाते हैं। कई तो जीवित ही नहीं लौटते। ज्यादातर स्थानों पर सावधानी बरतने सम्बन्धी सूचनापट्ट भी लगे होते हैं फिर भी लोग उसकी उपेक्षा कर जल धारा में उतर पड़ते हैं। यह उन्हें भारी पड़ जाता है और वे जीवन से हाथ धो बैठते हैं।*

*छत्तीसगढ़ के अनेक झरनों में से एक है खूबसूरत जलप्रपात रानीदहरा जो कवर्धा में है। शनिवार की शाम यहां पिकनिक मनाने के लिये 1` मित्र गये थे। इनमें से कुछ लोग झरने के पानी से नहा रहे थे। तभी राहुल ठाकुर एवं शुभम झरिया (उम्र 25-25 वर्ष), गहराई में चले गये। बाकियों ने बचाने की कोशिश की लेकिन ज्यादातर को तैरना नहीं आता। दोनों अपनी जिंदगियों से हाथ धो बैठे। प्रदेश में पिकनिक वाली जगहों पर ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं। इसी जुलाई में कोरबा के निकट देवपहरी में चोरनई नदी के बेहद आकर्षक गोविंद झुंझा जलप्रपात झरने का आनंद लेने गये तीन शिक्षकों में से एक डूब गया। गरियाबंद के प्रसिद्ध चिंगरापगार झरने पर मौज-मस्ती करने गये कई पर्यटक नाले का जल स्तर अचानक बढ़ जाने के कारण फंस गये थे जिन्हें प्रशासन ने किसी तरह से निकाला। इसलिये सावधानी आवश्यक है।*

## सार-संक्षेप

### नवीन प्राथमिक शाला सिरगिट्टी में मनाया शिक्षक दिवस



**बिलासपुर ,** 5 सिंतबर (देशबन्धु)। नवीन प्राथमिक शाला सिरगिट्टी में शिक्षक दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिरगिट्टी संकुल के संकुल समन्वयक आशीष वर्मा तथा शिक्षक नरेंद्र द्विवेदी द्वारा डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। बाल कैबिनेट के छात्र छात्राओं द्वारा अतिथियों एवं शिक्षकों का तिलक लगाकर तथा श्रीफल एवं पुष्प द्वारा सम्मान किया गया। आशीष वर्मा सर ने अपने उद्बोधन में कहा की सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें तथा अपने माता-पिता एवं शिक्षकों का नाम रोशन करें यही हमारे लिए शिक्षक दिवस का सर्वोत्तम उपहार है। नरेंद्र द्विवेदी द्वारा कहानी के माध्यम से बताया गया कि हमको एक दूसरे की हमेशा मदद करनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में शाला की प्रधान पठिका श्रीमती शशि सिंह द्वारा आदिवासी महिला स्व सहायता समूह की ओर से शिक्षक दिवस पर भेजे गये उपहार सभी शिक्षकों को प्रदान किये गये। कार्यक्रम मे सिरगिट्टी संकुल के संकुल समन्वयक आशीष वर्मा, नरेंद्र द्विवेदी,श्रीमती शशि सिंह,तथा योगेश करंजगाँवकर उपस्थित थे।

### विधायक रजनीश ने हरदीडीह उरतुम में सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन



**बिलासपुर ,** 5 सिंतबर (देशबन्धु)। बेलतरा विधायक रजनीश कुमार सिंह के अनुशंसा से ग्राम पंचायत उरतुम के हरदीडीह में स्वीकृत सामुदायिक भवन का भूमिपूजन विधायक रजनीश सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विधानसभा सिंह ने कहा कि आपके ही आशीर्वाद से क्षेत्र एवं आपकी सेवा करने का अवसर मिला है खुशी होती है जब ग्रामवासियों के द्वारा मांग की जाती है और वह मांग जब पूरी हो जाती है तो खुशी भी दुगनी हो जाती है । बता दे कि हरदीडीह में सामुदायिक भवन की मांग की जा रही थी,जो अब पूरी होने जा रही है,बहुत ही जल्द ग्रामवासियों को सामुदायिक भवन की सौगात मिलेगी,विधायक ने कहा कि गांव का विकास उनकी प्राथमिकता है इसलिए गांव में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य स्वीकृत कराए जा रहे है ,साथ ही उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन में समाज के लोग एक साथ जुड़ते है और रचनात्मक कार्य को आगे बढ़ाते है। ग्रामवासियों में सामुदायिक भवन के स्वीकृति से खुशी ब्याप्त है साथ ही विधायक सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किये ,इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष विक्रम सिंह भाजपा मंडल महामंत्री रामनिवास शर्मा,सरपंच प्रतिनिधि रतिराम केवर्त ,भूपेंद्र गौरहा,लगन पटेल,संतोष पटेल, डॉ छत्रवानी, सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# ग्रामीण ने की नहर में पीचिंग कार्य किये जाने की मांग

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

## अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश



**बिलासपुर,** 5 सितम्बर ( देशबन्धु) । जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आज जिले के आम लोगों के साथ ही बुजुर्ग, महिलाएं एवं ग्रामीण किसान अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर के समक्ष पहुंचे। कलेक्टर संजीव कुमार झा ने सभी की समस्याओं को बड़े ही इत्मीनान के साथ सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए।

जिले के घुटकू ग्राम के निवासी सुरेन्द्र कुमार चौहान द्वारा नहरों में पीचिंग कार्य नहीं होने के कारण सिंचाई कार्य में आ रही बाधा को दूर करने के संबंध में कलेक्टर के समक्ष अपनी बात रखी गई। कलेक्टर श्री झा ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को इस हेतु आवश्यक निर्देश दिए। कोटा ब्लॉक के भैंसाझार के ग्रामवासियों ने ग्राम पंचायत में ही नवीन धान खरीदी उपकेंद्र खोले जाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि रतनपुर से कोटा के मध्य पुल क्षतिग्रस्त होने से वर्तमान में धान विक्रय हेतु जाने में समस्या हो रही है। मस्तूरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत लोहर्सी की सरपंच, पंच एवं अन्य ग्रामीण ने कलेक्टर को बताया कि उनके ग्राम के कुछ व्यक्तियों द्वारा आम रास्ते पर बाऊंड्री वॉल का निर्माण कर अवैध कब्जा किया गया है।

उन्होंने कलेक्टर के समक्ष गांव के लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए अवैध निर्माण को हटाने एवं पुन: निकासी बहाल करने की बात रखी। कलेक्टर द्वारा उक्त समस्या के निराकरण हेतु मस्तूरी तहसीलदार को इसकी जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कोटा विकासखण्ड निवासी रामदीन द्वारा नेशनल हाईवे निर्माण हेतु अधिग्रहित की गई भूमि की मुआवजा राशि के संबंध में आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्या रखी गई। इस संबंध में कलेक्टर श्री झा ने समस्या के जल्द निराकरण किये जाने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर ने बिल्हा ब्लॉक के ग्राम गढ़वट के किसानों की मांग पर भकरबंधा तालाब से सिंचाई के लिए पानी छोड़ने के निर्देश दिए। मछली पालन के लिए ठेकेदार द्वारा पानी छोड़ने से इंकार किया जा रहा था।

## संरक्षा के सजग प्रहरियों को डीआरएम ने किया सम्मानित

**बिलासपुर ,** 5 सिंतबर (देशबन्धु)। मंडल रेलवे प्रशासन द्वारा गाडियों की सुरक्षित एवं संरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार प्रयास हो रहा है । इसके अंतर्गत नियमित रूप से संरक्षा संगोष्ठी, विशेष संरक्षा अभियान सहित अनेक जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं । इसके अलावा मंडल क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ड्यूटी के दौरान सजगता एवं सतर्कता के साथ संरक्षित कार्य करने वाले संरक्षा कोटि के कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने हेतु संरक्षा पुरस्कार भी प्रदान किया जा रहा है । इसी कड़ी में विगत दिनों ड्यूटी में कार्यरत यातायात सहायक नत्थू सिंह गोंड व श्रीमती माया देवी यादव ने सिग्नल आदान प्रदान के दौरान बुढ़ार स्टेशन से गुजरती मालगाड़ी के बोगी में ब्रेक ब्लॉक असेंबली का हेंगिग पार्ट देखा तथा इसकी सूचना मुख्य स्टेशन प्रबंधक रविशंकर कुमार को दी । मुख्य स्टेशन प्रबंधक द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये गाड़ी को रुकवाया गया एवं इसकी सूचना संबन्धित विभाग को दी। इस प्रकार इन कर्मचारियों की सतर्कता व उत्कृष्ट संरक्षा कार्य से गाड़ी की संरक्षा सुनिश्चित हुई। आज मंडल रेल प्रबंधक सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने इन सभी संरक्षा प्रहरियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।



## डीपी विप्र विधि महाविद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस

**बिलासपुर ,** 5 सिंतबर (देशबन्धु)। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिक्षक दिवस का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई,जिसमे मुख्य के रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अन्नू भाई सोनी एव शिक्षक शिक्षिकाओ का पुष्पगुक्ष एव माल्यार्पण से स्वागत किया गया जिसमे पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके समापन के बाद शिक्षको का सम्मान गिफ्ट एव साल दे कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य रूप से अखिलेश साहू,पंकज मरावी, पुष्पराज साहू,राहुल राजपूत, सतीश क्षत्रिय, अंसुमन,ओम सिंह, अवनीश पांडे,आर्यन दुबे,विशाल मरावी, सिदांत जगत,कपिस मिश्रा,सीधी रजक,आशा पटेल,उषोर्या शर्मा,अंकिता कांशी, ईशिता पवार, याशी पांडे,एंजिलिना थॉमस, आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# शिक्षकों के संशोधन आदेश रद्द किए जाने का फेडरेशन ने किया स्वागत

## लेन देन करने वालो पर कार्रवाई की मांग

**बिलासपुर,** 5 सितंबर ( देशबन्धु) । स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पदोन्नति के बाद पद स्थापना पर किये गये संशोधन को शासन द्वारा नियम विरूद्ध मानते हुए प्रदेश के रायपुर संभाग 543, बिलासपुर संभाग के 799, दुर्ग संभाग का 437 सरगुजा संभाग का 385, बस्तर संभाग 558 कुल 2722 शिक्षकों की संशोधित सूची को निरस्त किया गया है। इस कार्यवाही का छ.ग. प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने स्वागत किया है।संघ के प्रदेश अध्यक्ष जी. आर. चन्द्रा ने बताया की प्रदेश के शिक्षा विभाग के सभी संयुक्त संचालको द्वारा शिक्षकों के पदोन्नति आदेशों में नियम विरूद्ध संशोधन कर व्यापक स्तर पर लेन देन कर अनियमितता की गई थी। जिसके कारण पदोन्नति के पात्र शिक्षको के साथ अन्याय हुआ था । नियम विरूद्ध जारी किये गये संशोधित पदोन्नति आदेशों की जांच शासन द्वारा किये जाने की मांग को लेकर संगठन द्वारा प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग को शिकायत किया गया था तत् पश्चात संगठन द्वारा दिनांक 11.08.2023 को पूरे प्रदेश के सभी जिलो से संशोधित सूची की जांच कर निरस्त करने हेतु ज्ञापन मुख्यमंत्री छ.ग. शासन शिक्षा मंत्री स्कूल शिक्षा विभाग तथा प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग के नाम सौपा गया था। शासन द्वारा पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेकर इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जांच कराये जाने से अनियमितता की पुष्टि हुई। फलस्वरूप शिक्षा मंत्री के द्वारा संशोधित आदेश को निरस्त करने की सहमति दी गई। शिक्षा मंत्री द्वारा संशोधित आदेश निरस्त करने के पूर्व उच्च न्यायलय में केविएट दायर करने के पश्चात निरस्त करने की कार्यवाही की गई जो कि अत्यंत ही सराहनीय निर्णय है। इस प्रकार शासन ने पूरे प्रदेश के शिक्षक पदोन्नति संशोधित आदेश को निरस्त कर पात्र शिक्षको के साथ न्याय किया है। जिसका संघ स्वागत करते हुए इस प्रकरण में लेन देन करने वाले सभी अधिकारी कर्मचारियों एवं संलग्न व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी में निकलेगी भव्य शोभायात्रा

## जिले से 10 हजार लोग होंगे शामिल

## सर्व यादव समाज कर रहा तैयारी




**बिलासपुर,** 5 सिंतबर (देशबन्धु)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति सर्व यादव समाज बिलासपुर द्वारा 7 सितंबर दिन गुरुवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव एवं विशाल शोभायात्रा कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। बिलासपुर में भव्य शोभायात्रा स्वर्गीय बी आर यादव की प्रतिमा स्थल बृहस्पति बाजार से निकाली जाएगी। सर्व यादव समाज के अध्यक्ष विष्णु यादव एवं समिति के अन्य पदाधिकारियों ने प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बी आर यादव की प्रतिमा स्थल ब्रहस्पतिबाजार में माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना करने के पश्चात नेहरू चौक गोल बाजार से होते हुए लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में पहुंचकर सभा के रूप में परिवर्तित होगी जिसमें समाज के परंपरागत राउत नाचा,भगवान श्री कृष्ण के जन्म की आकर्षक जीवंत झांकियां,नवयुवकों के द्वारा बाजा गाजा के साथ भव्य शोभायात्रा निकालकर तथा रथ में भगवान श्री कृष्ण एवं अर्जुन की जीवंत आकर्षक झांकियां निकाली जाएगी। शोभा यात्रा में यादव समाज के लोगों के द्वारा लाठी, फरी, कुरूद तथा विभिन्न प्रकार के शस्त्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। उसी प्रकार युवाओं की टोली विभिन्न जगह क्षेत्र एवं गांव सहित जिले भर से अपने-अपने निजी साधनों एवं अनेक प्रकार के वाहनों में पहुंचकर उस शोभायात्रा में शामिल होंगे। शहर के आसपास के इलाके के युवाओं की टोलियां भी इसमें शामिल होंगी। इस गरिमामय धार्मिक आयोजन में 10,000 लोगों के लिए स्वल्पाहार एवं भोजन सहित उपवास रहने वाले लोगों के लिए फलाहार की व्यवस्था की जाएगी। श्री यादव ने बताया कि शोभायात्रा की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है।इस विशाल एवं भव्य शोभायात्रा में हजारों की संख्या में यादव समाज के युवक युवतियां महिलाएं एवं पुरुष प्रमुख रूप से शामिल होंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर लगातार श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति सर्व यादव समाज आयोजन समिति के अध्यक्ष पदाधिकारी एवं सदस्य गण के द्वारा निरंतर कार्यक्रम को सफल एवं भव्यता प्रदान करने के लिए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कर अंतिम रूप दिया जा रहा है। महिलाओं को भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उनसे भी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया गया है। कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति सर्व यादव समाज शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष एवं नगर निगम बिलासपुर के पार्षद विष्णु यादव ने उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों से भाग लेने के लिए आग्रह किया है। महासचिव रामचंद्र यादव,सचिव जागेश्वर यादव, रामफल,दीपक,देवेंद्र,मिक्की, आयुष, छोटू,विलास,लालाराम यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### लंबित प्रकरणों को शीघ्र करें निराकृत-कलेक्टर



**कोरबा,** 05 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक लेते हुए लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा उनके निश्चित समय पर निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा हेतु निर्धारित एजेण्डाओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ कलेक्टर ने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु आवश्यक तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन हेतु निर्धारित सामग्री के मूल्य निर्धारण, मतदान केंद्रो की वेब कास्टिंग, नेटवर्क की स्थिति, सेक्टर अधिकारियों के साथ मतदान केंद्रों का निरीक्षण के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजीव आश्रय योजना, एसईसीएल की भूमि एवं वन भूमि के पट्टे के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, डीएफओ कटघोरा कुमार निशांत, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, दिनेश पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### जनचौपाल में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**कोरबा,** 05 सितंबर (देशबन्धु)। जिला कार्यालय में आयोजित जनचौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर सौरभ कुमार से मुलाकात की और अपनी मांगे व समस्याएं रखी। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनचौपाल में 106 लोगों ने अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर आवेदन दिए। उपरोक्त आवेदनों पर कलेक्टर सौरभ कुमार ने निराकरण और आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी प्रकार लोगों ने मुआवजा प्रकरण के निराकरण, मजदूरी भुगतान, नामांतरण, सीमांकन, सहायक उपकरण सहित अन्य आवेदन दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, दिनेश कुमार नाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### राजा गुरु बालाजी का जयंती समारोह आज

**कोरबा,** 05 सितंबर (देशबन्धु)। कोरबा सतनामी कल्याण समिति के तत्वाधान में सतनामी समाज के राजा गुरु बालाजी का जयंती समारोह 6 सितंबर को सतनाम भवन टीपी नगर में मनाया जाएगा। आयोजन से पूर्व डीजे के साथ बाइक रैली दर्री जोन से निकाली जाएगी। बाइक रैली विभिन्न स्थानों से होते हुए कोसाबड़ी, घंटाघर, गुरु घासीदास चौक टीपी नगर होते हुए सतनाम भवन पहुंचेगी। शाम 4 बजे से सतनाम भवन में मंचीय कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री व महापौर राजकिशोर प्रसाद होंगे। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष यूआर महिलांगे करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में जिला परिवहन अधिकारी शशिकांत कुर्रे, डिप्टी कलेक्टर सरोज कुमार महिलांगे, पंचराम महादेव जिला कोषालय अधिकारी, राजेश आदिले सहायक श्रम आयुक्त, केके लहरे तहसीलदार भैंसमा, रवि जाटवर अस्सिटेंट सुपरीटेंडेंट मेडिकल कॉलेज, पीएल आदिले प्राचार्य जय बुढ़ादेव कॉलेज कटघोरा उपस्थित रहेंगे। सतनामी कल्याण समिति के सचिव जी बंजारे ने समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों से कार्यक्रम में उपस्थित होने आग्रह किया है।

### अंधरीकछार स्कूल में मना शिक्षक दिवस

**कोरबा,** 05 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अंधरीकछार में शिक्षक दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण व पूजा-अर्चना कर किया गया।

मुख्य अतिथि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अंधरीकछार के पूर्व छात्र मनीराम जांगड़े ने कहा कि विद्यालय की हर एक चीज मुझे बहुत अच्छी तरह याद है। विद्यालय में छात्र रहते हुए समस्त गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता था। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मनीराम जांगड़े व जयकुमार लहरे ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुष्पगुछ, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। प्रधान पाठक राम कपूर कुर्रे ने कहा कि इस विद्यालय से अध्ययन किए छात्र समाज के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ ही छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

### कैंसर विशेषज्ञ डॉ. जायसवाल आज श्वेता नर्सिंग होम में

**कोरबा,** 05 सितंबर (देशबन्धु)। कैंसर चिकित्सा जगत के सशक्त हस्ताक्षर एवं भारत के सुप्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ, ऑन्कोलॉजिस्ट व हिमेटोऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रवि जायसवाल 6 सितंबर को कोरबा आयेंगे। डॉ. जायसवाल श्वेता नर्सिंग होम सुनालिया चौक में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मरीजों की जॉंच करेंगे एवं आवश्यक परामर्श देंगे। कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझने वाले मरीजों को नया जीवन देने वाले डॉ.रवि जायसवाल छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मध्य भारत के जाने माने कैंसर विशेषज्ञ हैं। ऑन्कोलॉजिस्ट व हिमेटोऑन्कोलॉजिस्ट डॉ.रवि जायसवाल वर्तमान में रामकृष्ण केयर हास्पिटल रायपुर में अपनी सेवाऐं दे रहे हैं। प्रदेश के लोगों की सुविधा के मद्देनजर समय-समय पर डॉ.जायसवाल प्रदेश के विभिन्न शहरों में पहुंचकर कैंसर रोग के संभावित मरीजों की जॉंच एवं उन्हें आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराते हैं।

### छत्तीसगढिया ओलंपिक खेल प्रतियोगिता में पहुंचे महापौर

कोरबा, 05 सितंबर (देशबन्धु)। राजीव युवा मितान क्लब द्वारा टीपी नगर स्थित इंदिरा स्टेडियम परिसर में जिला स्तर के छत्तीसगढिया ओलंपिक खेल का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि 18 वर्ष से 40 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने 16 विधाओं की खेलों में भाग लिया तथा अपना-अपना खेल कौशल का प्रदर्शन किया। महापौर ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें संदेश दिया कि खेल भावना से खेल खेले, जीत हार होती रहती है। आप लोग क्लब स्तर, जोन स्तर एवं कलस्टर स्तर से कड़ी मेहनत करके जिला स्तरीय खेल के प्रतिभागी बने हैं। सभी खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तर एवं राज्य स्तर के खेलों तक पहुंचे। इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, पार्षद बसंत चन्द्रा, एल्डरमेन आरिफ खान, अभिनव तिवारी, उपायुक्त पवन वर्मा, जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला, अनवर रजा, शिवनारायण मोनू श्रीवास, भुनेश्वर दुबे, प्रदीप साहू, विजय धीवर, जय धीवर, सुनील निर्मलकर, राम प्रजापति, राजीव युवा मितान के सदस्यों के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

### 751.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कोरबा,** 05 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में 1 जून से अब तक 751.0 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 04 सितंबर तक औसत वर्षा 955.4 मिमी हुई है। बीते 24 घंटो में 21.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील कोरबा में 751.2 मिमी, भैंसमा में 821.2 मिमी, करतला में 798.0 मिमी, कटघोरा में 844.2 मिमी, दर्री में 845.8 मिमी, पाली में 686.6 मिमी, हरदीबाजार में 604.4 मिमी, पोड़ी-उपरोड़ा में 730.6 मिमी एवं पसान में 677.4 मिमी वर्षा हो चुकी है।

# महापंचायत में जुटे 54 गांव के भू-विस्थापित, 11 को आर्थिक नाकाबंदी

### एसईसीएल के खिलाफ सभी भू-विस्थापित संगठन एकजुट



**कोरबा,** 05 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में भूविस्थापितों के लंबित रोजगार प्रकरणों, जमीन वापसी, पट्टा, बसावट एवं प्रभावित गांव की समस्याओं को लेकर महापंचायत में 54 गांव के 5 से अधिक भू विस्थापित संगठन से जुड़े हजारों प्रभावित भू विस्थापित शामिल हुए। महापंचायत में 11 सितंबर को कुसमुंडा के पास रेल और सडक़ मार्ग जाम कर कोयले की आर्थिक नाकेबंदी का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया। महापंचायत में 11 सितंबर के आर्थिक नाकेबंदी को सफल बनाने के लिए गांव गांव में चावल दाल कलेक्शन, 9 सितंबर को मशाल जुलूस और अधिकार यात्रा का जत्था निकलने के साथ नुक्कड़ सभा पर्चे वितरण का प्रस्ताव भी लिया गया है। महापंचायत का संचालन किसान सभा के नेता दीपक साहू ने किया।

महापंचायत में माकपा जिला सचिव प्रशांत झा ने कहा कि एसईसीएल के कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, कोरबा सभी क्षेत्रों के भू विस्थापितों के लंबित रोजगार, जमीन वापसी, पट्टा, बसावट एवं प्रभावित गांव की मूलभुत समस्याओं के निराकार के लिए एसईसीएल के अधिकारियों द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है जिससे भू विस्थापितों के सब्र का बांध टूट चुका है। अब सभी भू विस्थापित संगठन अपने अधिकार को लेने के लिए एकजुट हो रहे है अब भू विस्थापित किसानों की एकजुटता के सामने कोई प्रबंधन टिकने वाली नहीं है।

महापंचायत को भू विस्थापित रोजगार एकता संघ के रेशम यादव, मोहन यादव, ऊर्जाधानी भू विस्थापित किसान कल्याण समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष संतोष राठौर, दिलहरण दास, बृजेश श्रीवास, कोयलाधानी भू विस्थापित संघ के गजेंद्र सिंह ठाकुर, भू विस्थापित धरती पुत्र समिति गेवरा के कोमल खर्रे, भू विस्थापित कोयलांचल समिति के ईश्वर पाटले, भू विस्थापित कामगार संगठन जटराज से विनोद पटेल, मानिकपुर भू विस्थापित संगठन से देव कुमार पटेल किसान सभा से जवाहर सिंह कंवर, नंदलाल कंवर, सुभद्रा कंवर, सुमेंद्र सिंह ठकराल, जय कौशिक, जनपद सदस्य चैत कुंवर, बाबूलाल कंवर ग्राम पटेल विजयनगर के साथ बढ़ी संख्या में भू विस्थापितों ने महापांचत को संबोधित किया।

# आरक्षकों की गुण्डागर्दी, एएसआई के पुत्र को डण्डा टूटते तक पीटा



**नो एंट्री में घुसे अपने वाहन को निकलवाने गया था युवक**

**कोरबा-दीपका,** 05 सितंबर (देशबन्धु)। दीपका थाना में पदस्थ उप निरीक्षक रविन्द्र नाथ यादव के पुत्र के साथ आरक्षक राकेश यादव एवं राम प्रसाद बर्मन द्वारा हाथ-मुक्का एवं डंडा से मारपीट कर गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने की घटना को अंजाम दिया गया।

पीड़ित प्रशांत कुमार यादव पिता रविन्द्रनाथ यादव निवासी-एम.क्यू. 229 पुलिस लाईन दीपका ने बताया कि 01/09/2023 की रात्रि 11.50 बजे उसके ट्रक वाहन क्र. सीजी-10आर-1901 का चालक सब्बीर अंसारी द्वारा मोबाईल पर जानकारी दिया कि उक्त वाहन गोपीचंद पेट्रोल पंप दीपका के पास ही नो एन्ट्री में चला गया है इसलिये 2 पुलिसकर्मी गाड़ी रोक लिये हैं। पुलिसकर्मी वाहन मालिक को बुलाने बोल रहे हैं इसलिये आप आ जाईये। तब प्रशांत तत्काल वहां पहुचा जहां आरक्षक राकेश यादव एवं आरक्षक रामप्रसाद बर्मन द्वारा ड्राइवर तथा भाई प्रफुल्ल यादव से बहस कर रहे थे तब प्रशांत द्वारा अपना परिचय देते हुये बताया गया कि उक्त वाहन का मालिक है और मेरा वाहन नो एन्ट्री में गलती से चला गया है इसके लिये जो भी चालान पटाना पडेगा उसके लिये मैं तैयार हूँ। इतना सुनकर वे दोनो आरक्षक पैसे की गर्मी दिखाता है कहते हुये गाली देते हुये जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का से मारपीट करने लगे। उसके बाद वे अपने वाहन हीरो एचएफ डिलक्स मोटर सायकल मे रखे डंडा को निकालकर लगातार डंडा से मारने लगे और जब तक डंडा नही टूटा तब तक मारते रहे और जमीन पर पटक दिया।

### एएसआई ने किया बीच-बचाव थाना से वापस लौटाया

मारपीट के दौरान प्रशांत के पिता रविन्द्र नाथ यादव (एएसआई) भी वहां पहुंच गये तथा बीच-बचाव किया। प्रशांत के सिर, गर्दन, पीठ में बहुत चोट आया है। पीड़ित ने परिजनों के साथ थाना दीपका में उक्त घटना की जानकारी लिखित में वहां उपस्थित प्रधान आरक्षक रमेश राज को देते हुये अपराध पंजीबद्ध करने तथ मुलाहिजा कराने निवेदन किया किन्तु प्रधान आरक्षक के द्वारा आवेदन लेने तथा मुलाहिजा कराने से इंकार कर दिया गया। दूसरे दिन सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र कटघोरा के डॉ. नोमिता सिंह के समक्ष स्वयं से चोटों का मुलाहिजा एवं ईलाज कराया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देते हुए आरक्षक राकेश यादव एवं राम प्रसाद बर्मन के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उचित कार्यवाही का आग्रह किया है।

### पशु बांझपन निवारण शिविर 9 व 10 को

**कोरबा,** 05 सितंबर (देशबन्धु)। मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय कृषि भवन नई दिल्ली द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय अंजोरा दुर्ग एवं पशुधन विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में पशुधन जागृति अभियान के अंतर्गत आकांक्षी जिला कोरबा में 2 पशु बांझपन निवारण शिविर सह पशुपालक संगोष्ठी/कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

शिविर में पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय अंजोरा दुर्ग के निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. संजय शाक्य, निदेशक पशु जैव प्राद्योगिकी व प्राध्यापक पशु प्रसूति विज्ञान डॉ. एम. के. अवस्थी, पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ. अमित गुप्ता एवं सहायक प्राध्यापक दाउ वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय दुर्ग डॉ. एम. एस. परमार उपस्थित होंगे। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा ने शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 9 व 10 सितंबर को पशु बांझपन निवारण शिविर आयोजित की जा रही है। जिसके अंतर्गत 09 सितंबर को कोरबा के गोकुलनगर गौठान एवं 10 सितंबर को विकासखंड पाली के पशु चिकित्सालय परिसर हरदीबाजार में शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पशु बांझपन निवारण शिविर पूर्णतः निःशुल्क है। शिविर में पशुओं में बांझपन चिकित्सा संबंधी उपचार व समाधान के विषय में संगोष्ठी के साथ पशुओं के उपचार के विषय में विस्तार से परिचर्चा की जाएगी।

### जनहानि तथा पशुधन हानि को रोकने जागरूकता रथ रवाना




**कोरबा,** 05 सितंबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत परिसर में मंगलवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विश्वदीप एवं नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने हरी झण्डी दिखाकर 'स्ट्रे कैटल रिस्पांस फोर्स जागरूकता' रथ को रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए आमजनों को जागरूक करने का कार्य करेगा।

जिले के मुख्य मार्गों एवं सडक़ों पर आवारा पशुओं के अनावश्यक रूप से विचरण करने पर दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है जिससे जनहानि तथा पशुधन हानि भी हो जाती है। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता रथ को रवाना किया गया। इस जागरूकता रथ का उद्देश्य पशुपालकों को अपने पशुओं को घर में बांधकर रखने तथा पशु एवं जन-धन हानि रोकने के लिए आम जनता को जागरूक करना है। जागरूकता रथ के माध्यम से पशुपालकों एवं आमजनता से जनहानि एवं पशुहानि रोकने के लिए अपील की जा रही है।

### एकलव्य में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु काउंसलिंग 6 से 9 सितंबर तक

**कोरबा,** 05 सितंबर (देशबन्धु)। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 06 सितंबर से 09 सितंबर 2023 तक काउंसलिंग का आयोजन विकासखण्ड कटघोरा के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा ने बताया कि उक्त कक्षा में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा विगत 23 अप्रैल 2023 को आयोजित की गई थी जिसके संशोधित परीक्षा परिणाम व मेरिट सूची विभाग द्वारा जारी किया गया है।

### महापौर ने बुधवारी बाजार मटन मार्केट की जानी समस्याएं



**कोरबा,** 05 सितंबर (देशबन्धु)। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 21 बुधवारी बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में पहुंचकर मटन मार्केट, बाजार के अंदरूनी स्थलों का निरीक्षण कर साफ-सफाई कार्यो का निराकरण करवाया। बाजार से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ, प्लास्टिक, पन्नियॉं आदि वस्तुओं को इधर-उधर फेंका जाता है, जिससे बाजार व उसके आसपास की बस्तियों में गंदगी फैलती है तथा वातावरण प्रदूषित होती है जिसके कारण बस्ती की सुंदरता खराब होती है।

महापौर ने कहा कि बाजार में स्थित नालियों स्लैब टूटे-फूटे होने की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसकी वजह से नालियों के जाम होने की स्थिति निर्मित हो गई थी तथा नालियों की साफ-सफाई का कार्य कराकर नया स्लैब लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि वार्डो में नाले-नालियों के किनारे उगी घास-झाडियों की नियमित साफ-सफाई का कार्य करवायें तथा नालियों में पनप रहे मच्छरों से बचने हेतु दवाईयों का छिडक़ाव नियमित रूप से करें। इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, पालूराम साहू, सुखसागर निर्मलकर, राजेश यादव, स्वच्छता अधिकारी डॉ.संजय तिवारी एवं सुनील वर्मा के साथ ही वार्डवासी उपस्थित थे।

# स्कूल-कॉलेज का हर दिन शिक्षक दिवस होना चाहिए-डॉ. बोपापुरकर



**कोरबा,** 05 सितंबर (देशबन्धु)। आप अगर एक विद्यार्थी हैं, तो हर एक दिन आपके लिए शिक्षक दिवस जैसा होना चाहिए, क्योंकि एक शिक्षक होने के नाते कॉलेज कैम्पस में उनकी उपस्थिति का प्रत्येक दिन अपने विद्यार्थियों के लिए एक नई सीख देने वाला होता है। अगर एक शिक्षक और विद्यार्थी परस्पर यही भाव लेकर आदान-प्रदान का क्रम बनाए रखें, तो दोनों का जीवन सार्थक साबित हो सकता है। शिक्षक दिवस के अवसर पर यही लक्ष्य बनाएं कि शिक्षक व शिक्षार्थी आने वाले कल में एक आदर्श समाज और विकसित भारत की परिकल्पना साकार करने सतत अग्रसर रहेंगे।

उक्त बातें कमला नेहरु महाविद्यालय में मंगलवार को आयोजित शिक्षक दिवस समारोह के दौरान प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने कही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य की अगुआई में प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की वंदना व देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने शिक्षक दिवस और डॉ. राधाकृष्णन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए इसके महत्व पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष बृजेश तिवारी ने भी छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन दिए। छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुजनों को सम्मानित किया गया और उनके चरण छूकर उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में अजय मिश्रा, डॉ. सुनील तिवारी, डॉ. सुशीला कुजूर, अनिल राठौर, भारती कुलदीप, डॉ ललिता साहू, कुणाल दासगुप्ता, सुमित बनर्जी, मनीष पटेल, रामकुमार श्रीवास, सुरेश कुमार महतो, राकेश कुमार गौतम, नितेश यादव, शंकर यादव, सुरेंद्र कुर्रे, नदीम अंसारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

0 वरिष्ठ प्राध्यापकों का सम्मान

महाविद्यालय में वर्षों से सेवा प्रदान कर युवाओं के अनगिनत बैच को उच्च शिक्षा प्रदान कर चुके संस्था के वरिष्ठ प्राध्यापकों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनकी निरंतर सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया। सम्मानित प्राध्यापकों में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह व भूगोल विभागाध्यक्ष अजय मिश्रा शामिल हैं।

### संस्कार भारती का जन्माष्टमी महोत्सव 10 को

**कोरबा-पाली,** 05 सितंबर (देशबन्धु)। संस्कार भारती इकाई पाली द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव 10 सितंबर को इंडियन पब्लिक स्कूल पाली में आयोजित होगा। आयोजन में प्रमुख आकर्षण मटका फोड़ प्रतियोगिता, वेशभूषा प्रतियोगिता और नृत्य प्रतियोगिता होगा। संस्कार भारती के पदाधिकारियों ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता 10 सितंबर दोपहर 12 बजे से इंडियन पब्लिक स्कूल में होगी। प्रतियोगिता में 3 से 16 वर्ष तक आयु के बच्चे हिस्सा ले सकते है। पंजीयन 9 सितंबर तक सरस्वती शिशु मंदिर, इंडियन पब्लिक स्कूल या वैष्णव न्यूज एजेंसी में किया जा सकता है। पंजीयन शुल्क एकल के लिए 50 रुपए और ग्रुप के लिए 100 रुपए निर्धारित किया गया है। संस्कार भारती परिवार ने क्षेत्र के सभी प्रतिभावान बच्चों को प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की अपील की है।

# संतान की दीर्घायु व समृद्धि के लिए माताओं ने रखा खम्हरछठ व्रत

### हलषष्ठी माता की पूजा-अर्चना करने उमड़े रहे



**कोरबा,** 05 सितंबर (देशबन्धु)। ऊर्जाधानी के शहर व ग्रामीण अंचलों में मंगलवार को खमरछठ (हलषष्ठी) का पर्व धूमधाम से मनाया गया। संतान के स्वस्थ रहने व दीर्घायु होने की कामना करते हुए माताओं ने व्रत रखा। बिना हल जोते हुए उपजे अन्न (पसहर चावल) व 6 प्रकार की भाजी का प्रसाद ग्रहण किया गया छत्तीसगढ़ में खमरछठ पर्व का बड़ा महत्व है। ऊर्जाधानी के गली-मोहल्लों में सगरी खनन कर माताएं पूजा-अर्चना कर अपने-अपने संतानों की लंबी आयु की कामना करती नजर आई। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई बलराम का आज जन्म हुआ था। भगवान बलराम को शेषनाग का भी अवतार माना जाता है। भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलदाऊ के जन्मोत्सव वाले दिन हलषष्ठी मनाए जाने के कारण बलदाऊ के शस्त्र हल को महत्व देने के लिए बिना हल चलाए उगने वाले पसहर चावल का पूजा में इस्तेमाल किया जाता है। ऊर्जाधानी में मंदिरों एवं मोहल्लों में महिलाओं ने सामूहिक पूजा-अर्चना की।

### खम्हार पेड़ की लकड़ी से बनाई दातुन

इस दिन भैंस के अलावा दूसरे मवेशी का दूध व दुग्ध उत्पाद का उपयोग वर्जित रहा। व्रती महिलाओं ने सुबह खम्हार पेड़ की लकड़ी से दातून किया। स्नान-ध्यान के पश्चात पूजा-सामग्रियां लेकर मंदिर अथवा सामूहिक पूजा स्थल पर पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजा पश्चात कलछी का उपयोग किए बिना ही खम्हार की लकड़ी का उपयोग कर पसहर चावल का भात और मुनगा सहित अन्य 6 प्रकार की भाजियों को काली मिर्च और पानी में पकाया गया।

# सार-संक्षेप

## डॉ. विनय ने मंत्री जयसिंह से की भेंट



**चिरमिरी** 05 सितंबर (देशबन्धु)। विधायक डॉ विनय जायसवाल ने मंत्री जयसिंह अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर शहर के बीचो-बीच पुराने पंजीयन, आदिवासियों के मुद्दों को लेकर चर्चा की। उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी व अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

## सिटी बसों के परिचालन को लेकर मुनमुन जैन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**चिरमिरी** 05 सितंबर (देशबन्धु)। अल्पसंख्यक मोर्चा प्रकोष्ठ की प्रदेश मंत्री मुनमुन जैन ने ट्रांसपोर्ट नगर में सीटी बसों को केल्हारी, जनकपुर ,कोटाडोल से चलाने की मांग की है। कलेक्टर नरेंद्र दुग्गा को सौंपे गए ज्ञापन में अंकुर जैन ने कहा कि पहले 7 बस खरीद कर लाया गया था। इनमें दो ही बसों का परिचालन किया जा रहा है, जबकि 5 सिटी बस कंडम होने के कगार पर है। जल्द ही इन बसों को सुधारकर आम जनता की सुविधा के लिए नही चालू किया जाये। आगामी दिनों में अगर जर्जर सिटी बसों को सड़क पर नहीं लायेगा तो आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।

## विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

**मनेन्द्रगढ़** 05 सितंबर (देशबन्धु)। नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल मनेन्द्रगढ़ में आज शिक्षक दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का आरंभ कार्यक्रम के अतिथियों एवं संस्था के प्राचार्य श्रीमती इन्द्रा सेंगर के द्वारा माता सरस्वती एवं डॉ0 सर्वपल्लीराधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अथिति सेवा निवृत्त प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला बुंदेली श्री परमेश्वर सिंह, सेवा निवृत्त व्याख्याता श्री संतोष गुप्ता एवं सेवा निवृत्त प्राचार्य सरस्वती कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ श्री निरंजन सिन्हा एवं सेंट पैट्रिक एकेडेमी की व्याख्याता श्रीमती वीणा सिन्हा रहे। अतिथियों का स्वागत तिलक लगा शॉल प्रदान संस्था के सचिव संजय सेंगर, संस्था प्राचार्य श्रीमती इंद्रा सेंगर, संस्था के शिक्षक राम मनोहर शाह एवं शिक्षिका अरूणिमा सिंह ने किया। सभी अतिथियों ने अपने सम्मान के लिए संस्था के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ संस्था के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। श्री परमेश्वर सिंह ने डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णनन को याद करते हुए कहा कि शिक्षकीय कार्य न सिर्फ लोक सेवा का कार्य है बल्कि राष्ट्रसेवा का कार्य भी है। शिक्षक या गुरु ही हमें जीवन का सही मार्ग दिखाता है। उन्होनें बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता बड़ी अपेक्षाओं के साथ आप लोगों की शिक्षा के लिए मेहनत करते हैं अत: आप अपने माता-पिता की भावनाओं का ध्यान रखें और अपना अध्ययन या अपनी मेहनत को यह मान कर करें कि आप जो कुछ भी कर रहे हैं वह अपने लिए नहीं बल्कि अपने समाज और अपने देश के लिए कर रहे हैं।

## नकली टीटी पकड़ाया

**रायगढ़** 05 सितंबर (देशबन्धु)। चलती यात्री ट्रेनों में बीते एक माह से टीटी बनकर रायगढ़ जिले के खरसिया विधानसभा क्षेत्र स्थित बगडेवा गांव में रहने वाला युवक नरेश कुमार गोंड पिता प्रीतम गोंड 37 साल यात्री ट्रेनों में बकायदा टीटी बनकर विगत एक माह से वसूली करता था। शनिवार की रात कुछ असली टीटी की नजर इस युवक पर पड़ी और तत्काल इसकी जानकारी जीआरपी थाने को दी। जांच के बाद जीआरपी पुलिस ने धारा 417 व 171 के तहत आरोपी नरेश कुमार गोंड पिता प्रीतम गोंड 37 साल को गिरफ्तार कर बिलासपुर न्यायालय भेज दिया है।

## जन्माष्टमी पर्व व झूला उत्सव को लेकर यातायात पुलिस ने जारी किया रूट प्लान

**रायगढ़** 05 सितंबर (देशबन्धु)। आने वाले दिनों में रायगढ़ के प्रसिद्धि प्राप्त जन्माष्टमी पर्व एवं झूला उत्सव के दौरान जिला मुख्यालय में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा शहर के कुछ प्रमुख मार्गो में डायवर्सन पॉइंट, पार्किंग स्थलों को चिन्हांकित किया गया है। साथ ही कुछ स्थानों को चार पहिया, दो पहिया और ऑटो पार्किंग के लिए प्रतिबंधित किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा रूट ले आउट मीडिया के माध्यम से साझा कर उत्सव के दौरान 5 सितंबर से 9 सितंबर तक गणमान्य नागरिकों तथा श्रृद्धालुओं को वन वे का पालन करने, वाहनों की पार्किंग चिन्हित स्थानों पर किए जाने की अपील किया जा रहा है।

## दूरस्थ मतदान केन्द्रों में ग्रामीणों को किया जागरूक

**रायगढ़** 05 सितंबर (देशबन्धु)। एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा क्राईम मीटिंग में चुनाव के मद्देनजर सभी थाना प्रभारियों को अभी से मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दूरूस्त करने तथा पूर्व में प्रकाश में आए विवादों की समीक्षा कर उचित वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी कड़ी में 03 सितंबर (रविवार) को थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चन्द्रा ने थानाक्षेत्र से करीबन 40 किमी सूदूर संवेदनशील मतदान केन्द्र- कया, कमतरा और बटुराकछार का दौरा किया गया। अपने भ्रमण दौरान थाना प्रभारी घरघोड़ा द्वारा ग्राम कया में जन चैपाल लगाकर ग्रामवासियों को निर्वाचन संबंधी जानकारियाँ दी गई, थाना प्रभारी ने चैपाल में ग्रामीणों को हाल ही में नशे के कारण घटित हुये अपराधों के संबंध में जानकारी देकर नशे से दूर रहने प्रेरित किया गया। भ्रमण दौरान थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चन्द्रा ने शासकीय कन्या आश्रम कया की अधीक्षिका एवं छात्राओं से भी भेंट कर उनका हाल चाल जाना और छात्राओं को शिक्षा के प्रति मोटिवेट किया गया।

## रायगढ़ की बेटियाँ क्रिकेट में आगे-सुनील रामदास

**रायगढ़** 05 सितंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले की बेटियों ने खेल के क्षेत्र में एक बार फिर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। सुनील रामदास ने शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मनसा साव और भूमि मैत्री दोनों बेटियों ने अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम में स्थान बनाकर पूरे जिले का शीश गर्व से ऊंचा किया है। भारतीय क्रिकेट प्रबंधन संघ (बीसीसीआई) के निर्देश पर, छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ (सीएससीएस) ने महिला क्रिकेट को प्रोत्साहित करने के लिए अंडर-19 टीम का चयन किया। इस चयन में रायगढ़ की मनसा साव और भूमि मैत्री का नाम भी शामिल है। इन खिलाड़ियों ने रायपुर में आयोजित कैंप में भाग लिया और उसके बाद वे अंडर-19 टीम में चयनित हो गईं। मनसा साव को टीम की कप्तानी भी सौंपी गई है, जो उनकी नेतृत्व क्षमताओं का परिचायक है।

# मंत्री अमरजीत भगत ने सीतापुर कॉलेज में ऑडिटोरियम का किया भूमिपूजन

**अम्बिकापुर** 05 सितंबर (देशबन्धु)। खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत के मुख्य अतिथि में मंगलवार को सीतापुर कॉलेज में ऑडिटोरियम भवन का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान मंत्री श्री भगत ने 06 नवीन अतिरिक्त कक्ष का उद्घाटन भी किया। शिक्षक दिवस के छात्र छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक सुविधा देने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा निरंतर काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में ऑडिटोरियम भूमिपूजन और अतिरिक्त कक्ष का उद्घाटन किया गया है। यह कार्यक्रम शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में प्रांगण में संपन्न हुआ।

**केरजू में पुलिस सहायता केन्द्र खुलेगा**

मुख्य अतिथि मंत्री श्री भगत द्वारा इस अवसर पर 2.20 करोड़ की लागत से बनने वाले ऑडिटोरियम का भूमिपूजन किया गया है। इसके साथ ही लगभग एक करोड़ की लागत से निर्मित 06 अतिरिक्त कक्ष का फीता काट कर उद्घाटन किया गया है।



### 65 शिक्षक शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर मंत्री श्री भगत ने शिक्षकों के बहुमूल्य योगदान को सलाम किया। उन्होंने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक शिक्षक का व्यक्ति के जीवन में बेहद प्रभाव होता है। शिक्षक के ज्ञान से ही व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और बेहतर भविष्य गढ़ने में हमारे शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने इस अवसर पर 65 शिक्षक शिक्षिकाओं का शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने भी सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को बेहतर अध्यापन हेतु प्रोत्साहित करते हुए शिक्षक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही मंत्री श्री भगत ने केरजु में पुलिस सहायता केंद्र का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन सहित एसपी सुनील शर्मा एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया स्कूल जतन योजना के तहत निर्माण कार्यों का लोकार्पण

## पूरे राज्य में सरगुजा जिले में सर्वाधिक 584 स्कूल भवनों का हुआ जीर्णोद्धार

### कलेक्टर के सतत मॉनिटरिंग से जिले के 76 नवनियुक्त शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र

**अम्बिकापुर,** 05 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षक दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के दीनदयाल ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत जीर्णोद्धार किए गए स्कूल भवनों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में 21 करोड़ 622 लाख रुपए की लागत से जीर्णोद्धार किए गए राज्य के कुल 08 हजार 152 स्कूल भवनों का लोकार्पण किया गया। पूरे राज्य में सरगुजा जिले में सर्वाधिक 584 स्कूल भवनों का जीर्णोद्धार हुआ है, जिसकी लागत 1278.06 लाख रूपए है, जो निश्चित ही जिले की उपलब्धि है। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के सतत मॉनिटरिंग में जिले में योजना का बेहतर क्रियान्वयन किया गया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर सभी जर्जर और मरम्मत योग्य स्कूल भवनों का जीर्णोद्धार किया गया है। उन्होंने मार्च 2023 में इसके लिये 1000 करोड़ रुपए की मंजूरी की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री बघेल के निर्देश पर पूरे राज्य में 1037 करोड़ रुपए की लागत से स्कूल भवनों की मरम्मत के 21 हजार 564 कार्यों तथा 1096.66 करोड़ रुपये की लागत से 7 हजार 598 अतिरिक्त कक्ष की स्वीकृति प्रदान की गई। इस प्रकार मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत कुल 29 हजार 162 कार्यों हेतु 2133.66 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान करके कार्य प्रारंभ किये गये। स्कूल भवनों के जीर्णोद्धार की यह अब तक की सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी योजना है। इनमें से 7 हजार 688 मरम्मत कार्य एवं 464 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। 5 सितंबर शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा 8 हजार 152 कार्यों का लोकार्पण किया गया।



**76 नवनियुक्त शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने शिक्षक दिवस के अवसर शिक्षक भर्ती 223 में चयनित 1318 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। जिसमें जिले के 76 शिक्षकों को भी मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। शेष बचे पदों पर भी नियुक्ति के लिए कांउसिलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही जारी है एवं उन्हें शीघ्र ही नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे। ई-सेवा केंद्र में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर श्री कुन्दन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी कार्यक्रम से जुड़े।

### राष्ट्रपति व राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित हुआ शिक्षक

शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 75 चयनित शिक्षकों को वर्ष 223 के राष्ट्रपति पुरस्कार प्रदान किए गए। जिसमें सरगुजा जिले के स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ब्रम्हपुर के प्राचार्य डॉ ब्रजेश पाण्डेय को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर यह पुरस्कार प्राप्त हुआ। डॉ पाण्डेय इस वर्ष यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले छत्तीसगढ़ राज्य से एकमात्र शिक्षक हैं। इसी प्रकार राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन के द्वारा राजभवन के दरबार हॉल में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में जिले के दो शिक्षकों का सम्मान किया गया, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर की व्याख्याता श्रीमती अनामिका चक्रवर्ती एवं स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के व्याख्याता श्री अंचल कुमार सिन्हा को यह सम्मान प्राप्त हुआ।

## आबकारी टीम ने अवैध शराब जब्त किया

**अम्बिकापुर,** 05 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर अवैध मदिरा धारण, परिवहन एवं विक्रय इत्यादि को नियंत्रित किए जाने हेतु कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी कड़ी में सचिव सह आबकारी आयुक्त जनक प्रसाद पाठक एवं कलेक्टर कुन्दन कुमार द्वारा दिए गए विशेष निर्देशन एवं मार्गदर्शन के तारतम्य में संभागीय उड़नदस्ता, संभाग सरगुजा एवं जिला सरगुजा की आबकारी टीम की संयुक्त कार्यवाही में 387 लीटर अवैध शराब के साथ 01 आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर थाना दरिमा अंतर्गत ग्राम परसोड़ी में कृष्णा कुमार सेमरिया के घर से 43 पेटी (2150 पाव) मध्यप्रदेश की गोवा शराब कुल 387 लीटर जप्त किया। जप्त शराब की अनुमानित लागत करीब 2 लाख 50 हजार रूपए आंकी गई है। शराब तस्कर के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क, 34 (2) एवं 59 (क) एवं 36 के तहत प्रकरण कायम कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

उपरोक्त कार्यवाही में रंजीत कुमार गुप्ता, रविन्द्र पांडेय, टी.आर. केहरी एवं जिला आबकारी टीम से सौरभ साहू एवं श्री आनंद राम भोई तथा मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, कुमारू राम ,अशोक सोनी, रमेश चन्द्र गुप्ता, मथुरा पटेल, मो. एजाज रसूल का विशेष योगदान रहा।

## पवन कुमार सोनी एक साल के लिए जिला बदर

**रायगढ़** 05 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने आज 4 सितम्बर को आदेश जारी कर पवन कुमार सोनी, उम्र-39 वर्ष, निवासी-टी.आई.टी.कालोनी, खरसिया जिला-रायगढ़ को एक साल के लिए जिला बदर कर दिया है। जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में चल रहे न्यायिक प्रकरण में यह आदेश पारित किया है।आदेश में उल्लेख है कि जब तक यह आदेश लागू रहेगा पवन कुमार सोनी को 24 घंटे के भीतर जिला-रायगढ़ तथा समीपवर्ती जिलों सारंगढ़-बिलाईगढ़,सक्ती,बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा एवं जशपुर जिले के क्षेत्र से एक वर्ष के लिए बाहर जाना होगा।

# रोज मिल रहे हैं डेंगू के मरीज

**रायगढ़** 05 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा ने कल सैकड़ो की तादाद में कार्यकर्ताओं ने नगर निगम का दोपहर को घेराव किया है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने आक्रोश जताया है कि शहर में दिनों दिन डेंगू के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। शहर सरकार इस बात से इत्तेफाक नहीं रखती है। जहां शहर में आपको चारों ओर गंदगी, जगह जगह रुके हुए गंदे पानी में मच्छर पनप रहे हैं। रोजाना जिला अस्पताल में डेंगू के मरीज की बढ़ोतरी हो रही है।




इस वर्ष गंदगी चारों ओर आपको जगह-जगह दिखाई दे जाएगी जिसके वजह से भी हर गली मोहल्ले में डेंगू के मरीज मिल रहे हैं नगर निगम की निकम्मापन कहे या फिर इस बीमारी में लोगों को मरने करने के लिए छोड़ दिया गया है।

बहरहाल नगर निगम आयुक्त ने ज्ञापन लिया और कहा कि जगह-जगह साफ सफाई किया जा रहा है तथा दवाइयां का छिड़काव प्रतिदिन हो रहा है डेंगू के प्रति सभी लोगों को जागरूक महापौर एवं विधायक के द्वारा किया जा रहा है नगर निगम की और से घरों घर जाकर डेंगू के प्रकोप के बारे में बताया जा रहा है।

## नजरी आकलन, गिदावरी के लिए कार्यशाला का आयोजन

**अम्बिकापुर**, 5 सितंबर (देशबन्धु)। अपर कलेक्टर ने बताया है कि जिले में अल्प वर्षा के कारण खरीफ फसलों की अद्यतन नजरी आकलन एवं गिदावरी कार्य हेतु माता राजमोहिनी देवी भवन में कार्यशाला का आयोजन 6 सितंबर 223 को प्रातः 1:3 बजे किया गया है। कार्यशाला में कृषि विभाग के उप संचालक, सभी अनुविभागीय अधिकारी (कृषि), सभी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, वन विभाग के सभी अनुविभागीय अधिकारी (वन विभाग), रेंजर, सभी बीट गार्ड, अधीक्षक भू-अभिलेख/ सभी सहायक भू-अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक संचालक उद्यानिकी/सभी उद्यान अधीक्षक एवं राजस्व विभाग के सभी अनुविभागीय अधिकारी, सभी तहसीलदार/नायब तहसीलदार, सभी राजस्व निरीक्षक तथा सभी हल्का पटवारी उपस्थित होंगे।

## मुलकी बाई को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिला पक्का मकान




**अम्बिकापुर** 05 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य शासन के सक्रिय सहभागिता से प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगातार जरूरतमंद परिवारों के पक्के आशियाने के सपने साकार किया जा रहा है। ऐसी ही कहानी है जनपद पंचायत लखनपुर के ग्राम पंचायत कोसगा निवासी मुलकी बाई की। मुलकी बाई बताती हैं कि हमारा परिवार बेहद ही गरीब है। थोड़ी बहुत कृषि और मजदूरी पर घर का गुजारा होता है। ऐसे में पक्के घर के बारे में सोचना तो सपना ही था।

हमारा परिवार एक कमरे के कच्चे मकान में रहा करता था। आर्थिक अभाव के कारण पक्के मकान बनवाने की स्थिति तो थी ही नहीं। मुझे वर्ष 2020-21 में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ तो हमारी खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा। आवास स्वीकृत होने की जानकारी मिलने पर मुझे बहुत खुशी हुई और हम पूरी लगन से पक्के आवास का निर्माण करवाने में लग गए। मुझे मेरे खाते में किस्तों के रुप में आवास निर्माण कार्य हेतु राशि प्राप्त होती गई जिससे मैंने अपना आवास निर्माण कार्य पूर्ण कराया। मुझे पक्के आवास की आवश्यकता थी जो प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वारा पूरा हुआ। मैं बेहद खुश हूं इसके लिये मैं तथा मेरे परिवार के सदस्य राज्य शासन के बहुत आभारी हैं।

## शिक्षकों ने मनाया मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह

**सूरजपुर** 05 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल तथा जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा,शशिकान्त सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना अंतर्गत शिक्षकों को पुरस्कार वितरण के.के. अग्रवाल अध्यक्ष नगर पालिका के मुख्य आतिथ्य, कलेक्टर की अध्यक्षता एवं प्रवेश गोयल के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय सूरजपुर की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई।

# 465 लाख की लागत से बनेगा कन्या महाविद्यालय का नया भवन

**सूरजपुर** 05 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बेहतर शिक्षा व बालिका शिक्षा को लेकर की गई पहल और क्षेत्रीय विधायक खेलसाय सिंह की मांग पर जहां सूरजपुर जिला मुख्यालय को गत वर्ष बहुप्रतिक्षित व लंबित मांग में कन्या महाविद्यालय की सौगात मिली थी और स्थानीय कन्या शाला से प्रारंभ हुआ महाविद्यालय आज रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय परिसर में संचालित है। जहां पूर्व में लगभग 250 बच्चियां अध्ययनरत हैं। वहीं



नए सत्र में भी लगभग 300 से अधिक बच्चियों ने दाखिला लेने की प्रक्रिया में आवेदन किया है। अब नए कन्या महाविद्यालय भवन को लेकर हो रही कवायदों के बीच उच्च शिक्षा विभाग ने विधायक खेलसाय सिंह की अनुशंसा पर सूरजपुर कन्या महाविद्यालय भवन के लिए 465 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस संबंध में सूरजपुर शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय के जन भागीदारी अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि सुनील अग्रवाल ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा नाबार्ड योजना अंतर्गत पूरे प्रदेश में खोले गए नए 17 महाविद्यालयों के भवन निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें सरगुजा संभाग में शासकीय महाविद्यालय सन्ना जशपुर, शासकीय महाविद्यालय धौरपुर सरगुजा व शासकीय कन्या महाविद्यालय सूरजपुर के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 465 लाख रूपए प्रति कॉलेज के हिसाब से नए अत्याधुनिक व मल्टी स्टोरी भवन के लिए स्वीकृति जारी की है। कन्या महाविद्यालय भवन की स्वीकृति पर महाविद्यालय परिवार व अध्ययनरत छात्राओं ने प्रेमनगर विधायक खेलसाय सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

जनभागीदारी अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया कि कन्या महाविद्यालय के लिए शिव पार्क के बगल में वन विभाग की भूमि काजूबाड़ी के साथ गायत्री मंदिर के समीप शासकीय भूमि को चिन्हांकित किया गया है, जिसमें महाविद्यालय प्रबंधन ने काजूबाड़ी की भूमि को कन्या महाविद्यालय के अनुकूल पाया है और इसके लिए कलेक्टर सूरजपुर के साथ डीएफओ सूरजपुर को भी प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। वहीं महाविद्यालय ने नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल को भो पत्र भेजकर उक्त भूमि के लिए नपा से भी प्रस्ताव की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### राजा धर्मेंद्र सिंह ने की टिकट की मांग



**सक्ती** 05 सितंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से नियुक्त लोकसभा पर्यवेक्षक व हिमाचल प्रदेश के विधायक सुरेश कुमार का सक्ती रेस्ट हाउस मे आगमन हुआ । सक्ती राजमहल से राजा धर्मेंद्र सिंह ने ठोकी ताल विधानसभा सक्ती से मांगी की। राजमहल से जुड़ी महिलाओं ने कहा कि हम जब चाहे तब मिलकर अपनी समस्या बता सके हमे ऐसा विधायक चाहिए आज तक राजमहल में समस्या होता आया है। क्षेत्रीय व्यक्ति को ही विधायक बनाना है। इस दौरान पुष्पेन्द्र चन्द्रा, बंसत सिदार, सरपंच समुंदराम सिदार रोहित दोहरे, उमेश पटेल, पुर्णेश गवेल , चन्दराम बरेठ मोना सिदार, सरपंच रति सिदार ,सीताराम सिदार, संजीव कुमार, रवि कुमार, सनत कुमार, भूपेन्द्र कुमार बोधसाय चन्द्रा ,बबलू श्रीवास, लोचन सिदार ,शशी सिंह सिदार ,छतराम गोड़, शेखर राठौर ,दिनेश कुमार, नारायण, छेदीलाल, मनहरण लाल, जगदीश गवेल ,रतिराम सिदार ,राम सिंह, नेताम दिलेश्वर ,पटेल योगेश साहू, रामायणदास, ब्रिजेश कुमार ,विक्रम सिंह, अमरलाल उराव ,गंगाराम बघेल, संतोष पटेल, शशीभूषण बरेठ ,नारायण उपाध्यय, मदन सिदार ,संतोष, कृष्ण कुमार, नवदुर्गा, सीताराम, कृष्णा सिदार, नागेश दिनकर ,संतोष कंवर, चंदन कवंर, धनसिंह, निखिल केंवट सहित भारी संख्या मे अग्निहोत्री समर्थक एंव महल समर्थक उपस्थित रहे।

### मंत्री उमेश पटेल ने किया शिक्षकों का सम्मान




**खरसिया** 05 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस पर खरसिया विधानसभा क्षेत्र में विकासखण्ड के समस्त सेवानिवृत शिक्षकों का विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया । केबिनेट मंत्री उमेश पटेल द्वारा सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों से आर्शिवाद लेकर उनका सम्मान किया। मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि शिक्षक पारस की तरह होते हैं जो लोहे को भी सोना बना देते हैं यह परंपरा शहीद नंद कुमार पटेल द्वारा 2001 में शुरु की गई थी। एक बेटे के रूप में यह मेरी भी जिम्मेदारी है और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की भी इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाएं और इस कार्यक्रम को करने के लिए मुझे शक्ति ईश्वर ने प्रदान की और मेरे सभी कांग्रेस के वरिष्ठ एवं युवा साथियों का सहयोग इस कार्यक्रम के लिए मिला सबसे बढ़कर गुरुजनों और आम जनता का आशीर्वाद हमें मिला।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरसिया के शहर और एवं ग्रामीण अध्यक्ष द्वय मनोज गवेल, रणधीर शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील शर्मा सुखदेव डनसेना, नेत्रानंद पटेल, सभी वरिष्ठ और युवा कांग्रेसियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों सहित आम जनता की उपस्थिति रही।

### व्यापारियों ने की उद्योग कार्यालय खोलने की मांग

सारंगढ 05 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के व्यवसायियों ने मुख्य महाप्रबंधक से मिलकर सारंगढ में कार्यालय खोलने मांग किया

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र,रायगढ़ में नव पदस्थ मुख्य महाप्रबंधक संजीव सुखदेव से सारंगढ़ एवं रायगढ जिले के उद्योग संघ डिक्की के पदाधिकारियों ,उद्योगपति जीवन रात्रे, रवि चौहान, किशोर मनहर, प्रदीप श्रृंगी, मोहन कुर्रे, यश कुमार, मनोज जायसवाल, ने मुलाक़ात कर उन्हें शीघ्र ही सारंगढ में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र खोलने के सम्बंधित विशेष चर्चा किया जिस पर महाप्रबंधक ने बताया कि इसके सम्बंधित कार्यालय के लिए सरकारी या प्रायवेट दोनों ही प्रकार की जगह देखी जा रही है जिससे सारंगढ बिलाईगढ जिले के नागरिकों को शीघ्रता से स्थानीय स्तर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की सुविधा उपलब्ध हो सके इस दौरान निवर्तमान मुख्य महाप्रबंधक शिव कुमार राठौर भी उपस्थित रहे।

### खनिज का अवैध परिवलन, 24 वाहन जब्त

**सारंगढ़** 05 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने जिले में अवैध ढंग से हो रहे खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए खनिज अधिकारी को निर्देशित किया था। इसके परिपालन में जिले में 4 और 5 सितंबर को खनिज विभाग के अधिकारियों ने सघन चेकिंग कर अवैध परिवहन में संलिप्त 14 वाहनों को पकड़ा गया। इन सभी वाहनों के प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71, खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जा रही है।

### जिले के सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान

**जांजगीर,** 05 सितम्बर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जांजगीर में किया गया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक, आरके तिवारी ने कहा कि शिक्षक दिवस देश द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्लि राधाकृष्णन के जन्म दिवस के अवसर मनाया जाता है। जो शिक्षकों के लिए गौरव की बात है। डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर शुभकामना देते हुए कहा कि शिक्षकीय पेशा एक सम्मान का कार्य है, एक शिक्षक कभी भी रिटायर्ड नही होता वे जहां भी रहते हैं अपने आस-पास के लोगों को हमेशा सही मागदर्शन व दिशा प्रदान करते है। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती वर्मा ने कहा कि शिक्षक यह एक सम्मान का कार्य है। शिक्षकों को सतत् समाज हित में कार्य करते रहना चाहिए। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों तथा शिक्षा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने एवं नि:स्वार्थ भाव से समाज में शिक्षा प्रदान करने वाले गुरूजनों धिरेन्द्र सिंह सेवानिवृत्ति प्राचार्य, चन्द्र कुमार राठौर प्राचार्य, राधाकांत राठौर प्राचार्य, उत्तम लाल तारण प्राचार्य, रामदास मार्शल, व्याख्याता, अश्वनी कुमार श्रीवास व्याख्याता, बच्चाराम राठौर व्याख्याता, समय लाल पोर्ते व्याख्याता,सनत कुमार राठौर व्याख्याता,गौरीशंकर राठौर प्रधान पाठक,संतोष कुमार साहू प्रधान पाठक, राहिणी रमन रायसागर प्रधान पाठक,रामशंकर पाण्डेय प्रधान पाठक, श्रीकांतधर दीवान प्रधान पाठक, सुश्री शीला उईके प्रधान पाठक, रामशंकर चौहान प्रधान पाठक, राधेश्याम शर्मा प्रधान पाठक, नेतराम बरेठ उच्च वर्ग शिक्षक,अरूण कुमार कश्यप, उच्च वर्ग शिक्षक, सत्यनारायण कुम्भज प्रधान पाठक, भवानी कौशिक प्रधान पाठक, ललित राम कश्यप प्रधान पाठक, जे. एल. खरे प्रधान पाठक, नाथूराम ओग्रे प्रधान पाठक आदि सेवानिवृत्त शिक्षकों को पुष्पमाला, श्रीफल एवं साल भेंटकर उनका सम्मान किया गया।

# जहरीली थी शराब, शार्ट पीएम में पुष्टि

## शराब पीने से हुई थी दो सगे भाई सहित तीन की मौत


जितेंद्र सोनकर

**जांजगीर**, 05 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्राम परसाही बाना में चार सितंबर को सुबह मछली मारने के दौरान शराब पीनेके तुरंत बाद ग्राम के संजय सांडे पिता उरे लाल सांडे उसके बड़े भाई संत सांडे पिता उरे लाल सांडे एवं जितेंद्र सोनकर बेहोश होकर गिर पड़े। ग्राम वासियों की सहायता से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा संत सांडे एवं संजय सांडे को मृत घोषित कर दिया गया वहीं जितेंद्र सोनकर को बिलासपुर सिम्स रेफर कर दिया गया। जितेंद्र सोनकर की भी बिलासपुर पहुंचने से पहले लाल खदान के पास मौत हो गई। शराब पीने के बाद तीन लोगों की मौत होने से हड़कंप मच गया। ग्राम वासियों ने बताया कि परसाही बाना गांव में सुकृता सांडे पति संत सांडे के द्वारा अवैध शराब बिक्री की जाती है।

जहां से लाई गई शराब तीनों ने पी और उनकी मौत हो गई। शार्ट पीएम रिपोर्ट में शराब जहरीली होने की पुष्टि हुई। इस मामले में पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एएसपी अनिल सोनी ने बताया कि डाक्टरों ने शराब में जहर मिले होने का उल्लेख शार्ट पीएम में किया है। बहरहाल पुलिस संदेहियों से पूछताछ कर रही है।

## चक्काजाम करने वाले नौ के खिलाफ मामला दर्ज

**जांजगीर**, 05 सितम्बर (देशबन्धु)। सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत के बाद मेन रोड पर चक्काजाम करने से उस रोड से आने जाने वालों को परेशानी हुई। 31 अगस्त की रात सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। घटना के बाद तालदेवरी के लगभग 30-40 व्यक्तियों ने मेन रोड पर शव को रखकर चक्का जाम कर दिया था।

# निजी स्कूलों ने किया शिक्षक दिवस का बहिष्कार

## आरोप-कई वर्षो से आरटीई की राशि रोक कर रखी गई है



**जांजगीर**, 05 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के निजी विद्यालय के संचालकों ने शिक्षक दिवस के दिन स्कूल बंद रखकर शिक्षक दिवस का बहिष्कार किया । जिले में भी 5 सितंबर को निजी स्कूल बंद रखकर आरटीई की बकाया राशि की मांग की गई। अपनी मांगों को लेकर अब निजी विद्यालय संघ ने आंदोलन का मार्ग अपनाने का निर्णय लिया है। प्रदेश के समस्त जिला संगठन के पदाधिकारियों की बैठक रायपुर में हुई जिसमें अपनी मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के दिन विद्यालय बंद कर शिक्षक दिवस कार्यक्रम नही मनाने का निर्णय लिया गया। निजी स्कूल संचालकों का कहना है कि ग्रामीण इलाकों में जो निजी विद्यालय हैं वे आरटीई की राशि पर निर्भर हैं और बंद होने की कगार पर हैं। वे शिक्षकों का मानदेय भी नही दे पा रहे हैं । न ही मानदेय बढ़ा पा रहे हैं। फिर शिक्षकों का सम्मान किस तरीके से करेंगे। पिछले कई वर्षो से आरटीई की राशि रोक कर रखी गई है।और पिछले 12 वर्षों से आरटीई की राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है ।एक विद्यार्थी के लिए पूरे सत्र में केवल 7000 की राशि प्रदान की जाती है ।जबकि इन 12वर्षों महंगाई कहां से कहां पहुंच गई है ।वही दूसरी ओर आरटीई में प्रवेश देने शासन का जबरदस्त दबाव रहता है ।जब हमारे स्कूलों के 25 प्रतिशत छात्रों का पैसा स्कूलों को मिलेगा ही नहीं, तो स्कूल कैसे चलेगा ?यहां तक की छत्तीसगढ़ में स्टेट हेड बनाकर कक्षा नवमी से 12वीं तक के आर टी ई में प्रवेशित छात्रों से शुल्क नहीं लिये जाने का आदेश जारी हुआ था और उसमें से पिछला बैच 2022-23 में 12वीं अध्ययन कर निकल गया। उनकी टी सी और अंकसूची विद्यालयों को देनी पड़ी और हमें अभी तक उन विद्यार्थियों का शुल्क प्राप्त नही हुआ है। बार-बार स्कूलों की कमियां बताकर आर टी ई के भुगतान को रोक दिया जाता है ।अब प्रदेश संगठन ने आंदोलन करना तय किया है। रायपुर में हुई बैठक में छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता एवं सचिव मोती जैन के अलावा छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के अध्यक्ष भी शामिल थे। जांजगीर चांपा जिले के प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने बताया कि जांजगीर चांपा जिले में सभी निजी विद्यालय कल 5 सितंबर को स्कूल बंद कर शिक्षक दिवस नहीं मनाएंगे। जांजगीर चांपा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने बताया कि जिले में सत्र 2020-21 की करीब 50 प्रतिशत स्कूलों की राशि नहीं आई है। सत्र 2021-22 का बैंक की त्रुटि के कारण रुके हुए स्कूलों की राशि भी नहीं आई है ।साथ ही 2018- 19 ,2019 -20 की कई स्कूलों की राशि नहीं मिली है। सत्र 2022-23 का तो पूरे छत्तीसगढ़ में शुरुआत ही नहीं हुई है ।जबकि नया सत्र 2023-24 को प्रारंभ हुए भी दो माह पूर्ण हो चुका है। मनोज पाण्डेय ने बताया कि 5 सितंबर को स्कूल बंद रखकर शिक्षक दिवस ना मना कर , प्रेस वार्ता कर अपनी पीड़ा प्रदेशवासियों के समक्ष रखेंगे।

## बोलेरो अड़ाकर ट्रेलर से 175 लीटर डीजल की चोरी



**जांजगीर**, 05 सितम्बर (देशबन्धु)। बलौदा क्षेत्र में डीजल चोरी का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। दो लोगों ने फिल्मी स्टाइल में बोलेरो अड़ाकर ट्रेलर से 175 लीटर डीजल की चोरी कर ली। पुलिस ने दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से चोरी के डीजल व घटना में प्रयुक्त बोलेरो को भी जब्त कर लिया है।

पुलिस के अनुसार लौटनापारा उतरदा थाना हरदी बाजार जिला कोरबा निवासी नागेश पटेल उम्र 21 साल ने थाना बलौदा आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 02 सितंबर की रात करीबन 01 बजे दो अज्ञात व्यक्ति बोलेरो से आए बिहारिन दाई मोड़ के पास ट्रेलर को रोककर डीजल पाइप को काट दिया और 175 लीटर डीजल की चोरी कर ली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 379, 34 के तहत अपराध दर्ज कर छानबीन शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी नरेश भारती उम्र 30 साल और संजय कुम्भकार उम्र 28 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तब उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की 175 लीटर डीजल एवं घटना में प्रयुक्त बोलोरो को जब्त कर आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

# संतान की दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा हलषष्ठी व्रत



## पोता मारकर की सलामती की कामना

जांजगीर, 05 सितम्बर (देशबन्धु)। संतान की दीर्घायु की कामना लिए माताओं ने आज हलषष्ठी व्रत रखकर पूजा अर्चना की। हलषष्ठी देवी की कथा सुनकर पुत्र-पुत्रियों को पोता लगाया गया। शाम को पसहर चावल, भैंस के दूध की दही एवं छह प्रकार की भाजियों से पारण किया गया।

भाद्रपद कृष्ण पक्ष की षष्ठी को मनाया जाने वाला हलषष्ठी पर्व पर आज सुबह माताओं ने महुआ का दातून कर स्नान ध्यान के बाद पूजा-अर्चना कर अपने संतान की दीर्घायु के लिए व्रत रखा। दोपहर बाद समूह में एकत्र होकर पूजा के लिए प्रतीक स्वरूप निर्मित तालाब के पास पूजा अर्चना की। तालाब में पलाश के पत्ते, कुशा, महुआ पत्ता, भैंस का दूध और दही अर्पित कर घी का दीपक जलाया गया। जांजगीर के वार्ड नंबर 17 , हसदेव क्लब के सामने स्थित मंदिर, चंदनियापारा, बीटीआई चौक, सगुन बाड़ा, चांपा के श्रीकृष्ण गौशाला, रामबांधा तालाब के किनारे वार्ड नं. 1 सहित हाईस्कूल मैदान के पास हलषष्ठी की कथा हुई। यहां आसपास की महिलाएं एकत्र हुई। विभिन्ना मंदिरों व कई घरों में हलषष्ठी पर्व पर व्रती महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रीकृष्ण गौशाला चांपा में हलषष्ठी पूजा हुई। यहां देवांगन पारा, सोनारपारा, ब्राह्मणपारा की महिलाओं ने हलषष्ठी की पूजा की। इसके बाद हलषष्ठी पर्व की कथा सुनाई गई। कथा सुनने के बाद व्रती महिलाओं ने बच्चों को पोता मारकर उनके दीर्घायु की कामना की। शाम को पसहर चावल एवं छह प्रकार की भाजियों सहित भैंस के दूध, दही और घी से व्रत तोड़ा गया। पर्व को लेकर आज सुबह से शहर की डेयरियों में भैंस के दूध, दही और घी की खरीददारी के लिए भीड़ लगी रही, जो शाम तक चलती रही। महिलाएं पूजा की थाल सजाकर मोहल्लों में आते-जाते दिखीं।

# कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन तहसील कार्यालय भवन का निरीक्षण

जांजगीर, 05 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने निर्माणाधीन तहसील कार्यालय भवन जांजगीर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने नवीन तहसील कार्यालय स्थल का मुआयना कर समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्वाइल टेस्टिंग का कार्य सात दिवस के भीतर पूर्ण करने एवं निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिए। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी जांजगीर-नैला चंदन शर्मा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# 5 मीट्रिक टन लोहे के पाइप जब्त, 3 गिरफ्तार

**जांजगीर,** 05 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत माला प्रोजेक्ट में चल रहे कार्यों के पाइप को चुराने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस करीब 5 मिट्रिक टन लोहे की पाइप व चोरी में प्रयुक्त वाहन को जब्त किया है। जब्त सामान की कीमत पुलिस द्वारा 10 लाख रुपए बताई गई है। बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोरबी बलौदा में भारतमाला प्रोजेक्ट का काम चल रहा है। इस स्थान से 29 अगस्त की रात हाइवे किनारे रखे लगभग 5 मिट्रिक टन लोहे के पाइप को कोई चुरा ले गया था। इसकी शिकायत जीआर इंफ्रा लिमिटेड के नीरज सिंह ने थाना में की थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का अपराध दर्ज किया था। 3 सितंबर को पुलिस से मुखबीर से सूचना मिल कि चारपारा-बलौदा के निर्माणाधीन भारत माला प्रोजेक्ट के पास कुछ व्यक्ति संदिग्ध रूप से घूम रहे हैं। पुलिस ने ओमप्रकाश साहू उम्र 26 वर्ष निवासी झलमला, कादिर खान उम्र 42 वर्ष सा. झलमला, दुजराम कैवर्त्य निवासी मचखंडा थाना सीपत को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इन तीनों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि 29 अगस्त की रात गैस कटर से काटकर 28 नग लोहे के टुकड़े इन तीनों ने चुराए थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपियों से लोहे के पाइप और चोरी में प्रयुक्त स्वराज माजदा वाहन क्रमांक सीजी-10 डब्ल्यू 3319 को जब्त किया। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

**जांजगीर,** 05 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में प्रगति तथा समय सीमा सहित अन्य प्रकरणों की निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में स्कूल जतन योजना के अंतर्गत चल रहे धीमे निर्माण कार्यो पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्माण कार्यो को प्राथमिकता से 30 सितम्बर तक पूर्ण करने तथा सभी जनपद सीईओ, सीएमओ एवं बीइओ को स्कूल जतन कार्यों का लगातार मॉनिटरिंग करने कहा। कलेक्टर ने आगामी धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को तैयारियों के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने जिले में बिजली कटौती मे कड़ी नाराजगी जतायी तथा बिजली विभाग के अधिकारियों को बिजली व्यवस्था ठीक करने कहा।



कलेक्टर ने आगामी विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं बिजली, प्रकाश, पेयजल, फर्नीचर, शौचालय, रैम्प, प्रत्येक मतदान केन्द्रों में व्हीलचेयर रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आदर्श मतदान केन्द्र, पिंक मतदान केन्द्र और दिव्यांग मतदान केन्द्र का चिन्हांकन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में किये जा रहे अंडा केला वितरण की समीक्षा की तथा अंडा केला का वितरण ग्राम संगठनों के माध्यम से बैकयार्ड पोर्ल्टी से अंडा लेने के निर्देश दिए तथा मनरेगा द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में केले के पौधे का रोपण करने कहा। कलेक्टर ने रोजगार सहायकों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड 30 सितम्बर तक अभियान चलाकर डोर टू डोर वितरण कराने सभी जनपद सीईओं को निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान भव कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की। जिले में आयुष्मान ग्राम सभा, आयुष्मान मेला, शतप्रतिशत टीकाकरण, सिकलसेल जांच के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान सभा का आयोजन आंगनबाड़ी केन्द्रों में कराने तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में गोधन न्याय योजना अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के सभी गौठान अंतर्गत तालाबों में मछली पालन, सामुदायिक बाड़ी विकसित करने, 20-20 मशरूम शेड उत्पादन इकाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ आजीविकामूलक गतिविधियों संचालित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से समय सीमा के बाहर के लंबित प्रकरण, विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, सीमांकन, नक्शा बटांकन, ई-कोर्ट के प्रकरण सहित अन्य राजस्व कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए समय सीमा में जल्द निराकरण करने निर्देश दिए हैं।

बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरण, जनदर्शन तथा जनशिकायत के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने रीपा के कार्य, पीएम आवास, बेरोजगारी भत्ता, डीएमएफ, राजस्व प्रकरणों का निराकरण, हाउसिंग बोर्ड, लोक निर्माण विभाग के कार्य सहित अन्य निर्माण कार्य तथा विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की।

# दावेदारों की लड़ाई से पार्टी को नुकसान न हो - सुरेश कुमार

**सक्ती** 05 सितंबर (देशबन्धु)। जिला कॉग्रेस कमेटी सकती के कार्यलय में हिमांचल प्रदेश के विधायक एवं पर्यवेक्षक सुरेश कुमार ने सकती जिले के जैजैपुर चंद्रपुर सकती के पोलिंग बूथ सेक्टर प्रभारी कॉग्रेस पदाधिकारियों व कॉग्रेस पार्टी के टिकट के लिए आवेदन कर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि जब पार्टी किसी को उम्मीदवार घोषित कर दे तो उसे जीताने के लिए सबको मिलकर एक जुटता के साथ काम करना है। वर्ष 2003 में कॉग्रेस नेताओं कार्यकर्ता में बहुत ज्यादा अंतर्विरोध रहा जिसके कारण 15 साल सत्ता से बाहर होना पड़ा। वर्तमान में यह स्थिति नहीं है लेकिन कुछविघ्न सन्तोषी काग्रेसियों का यही काम है पिछड़ा वर्ग कॉग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष डॉ चौलेश्वर चंद्राकर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमे एक जुटता के साथ मिलकर फिर सरकार बनानी है तभी हम कार्यकर्ताओं का सम्मान हैं छाया सांसद रविशेखर भारद्वाज ने कहा कि पार्टी विरोधी जो काम करेंगे उन पर पार्टी नजर रखेगी पर्यवेक्षक सुरेश कुमार ने विश्राम गृह सक्ती में दावेदारों से पृथक से चर्चा की इस अवसर पर रश्मि गवेल,दादू जायसवाल, मनहरण राठौर, दिगम्बर चौबे, गिरधर जायसवाल,श्याम सुन्दर अग्रवाल,नरेश गेवरडीन , अमित राठौर, रुप नारायण साहू, राजेश राठौर, साधेश्वर गबेल, चौलेश्वर चंद्राकर,रवि भारद्वाज ,देवेंद्रनाथ अग्निहोत्री,चूणामणि राठौर धर्मेंद्र सिह, पिन्टू ठाकुर, गीता देवांगन,रश्मि गबेल, अलका जायसवाल, रथराम पटेल, भुरू अग्रवाल, अभिषेक स्वर्णकार,ब्लॉक अध्यक्ष नदकुमार चन्द्रा, कुसुम लता अजगले, कन्हैया कंवर, परसराम यादव, रविन्द्र शर्मा ,बालेश्वर साहू, बोधसाय चंद्रा, टेकचंद चन्द्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष यनिता चन्द्रा बलराम चन्द्रा, मोहन मणि जाटवर, राइस किंग खूँटे, रूपनारायण साहू ,अमर सिंह बनाफर ,रोहित यादव, रामेश्वर बरेठ ,लाला सोनी, प्यारेलाल पटेल,कमलकिशोर साहू, मन्नू जायसवाल, सुनील चन्द्रा, हेमु सोनी, दिगम्बर सिंह, राकेश राठौर , सहित कॉग्रेस जनो की उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कॉग्रेस नेता विधायक प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल ने किया।



# देश विदेश

## चक्रवात की चपेट में आने से चार लोगों की मौत

**साओ पाउलो।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में चक्रवात के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गी, जबकि अन्य व्यक्ति और एक जोड़े की बाढ़ में बहने से मौत हो गयी तूफान के कारण राज्य की राजधानी पोर्टो एलेग्रे सहित अर्जेंटीना और उरुग्वे की सीमा से लगे राज्य के 15 से अधिक शहरों में बाढ़ आ गई।

# शेख हसीना व मोदी की आठ सितम्बर को होगी मुलाकात



**ढाका,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच द्विपक्षीय बैठक की तारिख आठ सितंबर को नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान तय हुई है। ढाका में बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच आधिकारिक बैठक आठ सितंबर को सुश्री हसीना की नई दिल्ली यात्रा के पहले दिन होगी। बांग्लादेश के कई अधिकारियों ने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की बंगलादेश की प्रस्तावित यात्रा को देखते हुए दोनों प्रधानमंत्रियों (हसीना-मोदी) के बीच आठ सितंबर को बैठक का प्रस्ताव रखा गया है। भारत सरकार और प्रधानमंत्री मोदी के कार्यालय ने इस पर अपनी सहमति व्यक्त की है और आठ सितंबर को दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच बैठक तय है हालांकि बैठक के समय की घोषणा अभी नहीं की गई है। गौरतलब है कि बंगलादेश सरकार जी-20 शिखर सम्मेलन के मेजबान देश भारत के विशेष आमंत्रण पर एक अतिथि के रूप में इसमें हिस्सा ले रही है। इसके अलावा, अमेरिका, फ्रांस, सऊदी अरब, चीन, रूस जैसे जी-20 गठबंधन में शामिल शीर्ष नेतृत्व के अलावा 150 से ज्यादा हाई-प्रोफाइल मेहमान इस सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत के इतिहास के सबसे रोमांचक कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद 10 सितंबर को वापस फ्रांस लौटने से पहले बंगलादेश जाएंगे और इसमें शामिल होने से पहले रास्ते में, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव सात सितंबर को ढाका में 20 घंटे ठहरने वाले हैं। बंगलादेश का अस्तित्व में आने के बाद इसके इतिहास में किसी रूसी विदेश मंत्री की यह पहली बंगलादेश की यात्रा होगी।

■ जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान तय हुई मुलाकात

## जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के कार्यालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इस सप्ताह भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए नई दिल्ली की यात्रा करेंगे। बयान में कहा गया, जी20 शिखर सम्मेलन फ्रांस के राष्ट्राध्यक्ष को हर महाद्वीप के अपने समकक्षों के साथ चल रही बातचीत जारी रखने में सक्षम बनाएगा, ताकि दुनिया के विखंडन के जोखिमों का मुकाबला किया जा सके। उन्होंने कहा, यह प्रमुख वैश्विक चुनौतियों के लिए संयुक्त प्रतिक्रियाओं को लागू करने में प्रगति करने का भी एक अवसर होगा, जिन्हें केवल बहुपक्षीय कार्रवाई के माध्यम से प्रभावी ढंग से निपटाया जा सकता है। जिसमें शांति, स्थिरता, गरीबी उन्मूलन, जलवायु और हमारे पृथ्वी की सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और डिजिटल विनियमन शामिल है।



# सूडान संघर्ष से 48 लाख लोग विस्थापित हुए : संरा

**खार्तूम,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि सूडानी सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक रैपिड (आरएसएफ) के बीच संघर्ष के कारण अप्रैल के मध्य से सहायता बल सूडान के अंदर और बाहर लगभग 48 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने सोमवार को अपने नवीनतम अपडेट में कहा कि लगभग दस लाख लोग पड़ोसी देशों में चले गए हैं। ओसीएचए के मुताबिक सूडान में संघर्ष शुरू होने के बाद से कम से कम 20 लाख बच्चे अपने घरों से भाग गए हैं। इससे पहले सोमवार को संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग (यूएनएचसीआर) ने संघर्ष के कारण सूडान से भाग कर पांच पड़ोसी देशों में आने वाले 10.8 लाख से अधिक लोगों को आवश्यक सहायता और सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक अरब अमेरिकी डॉलर की अपील की थी। यूएनएचसीआर ने एक बयान में कहा कि संकट से निपटने के लिए मई में शुरू में लगाए गए अनुमान से दोगुनी वृद्धि हुई है। इसमें कहा गया है कि दस लाख से अधिक शरणार्थी और तीसरे देश के नागरिक पहले ही भाग चुके हैं।

■ लगभग दस लाख लोग पड़ोसी देशों में पहुंचे


## सुडोकू 6308

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | | | | 8 | | 6 |
| | | | | 3 | 8 | | 7 | |
| 5 | 8 | | | 9 | | | | |
| 9 | 7 | | 3 | | 1 | | 4 | 8 |
| 4 | | | | | | | | 5 |
| 6 | 1 | | 8 | | 9 | | 2 | 3 |
| | | | | 7 | | | 5 | 4 |
| | 5 | | 2 | 8 | | | | |
| 7 | | 4 | | | | 3 | | 9 |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6308



**बायें से दायें:-**
१. संविधान संबंधी
४. दूसरा साल
६. पीछे का, पीछे की ओर
७. पूजा में देवता को चढ़ाई जाने वाली सामग्री
८. बजरंग बली
१०. धातु का बना हुआ, धातु संबंधी
११. एक तरह का वाद्ययंत्र
१३. उत्साह, उल्लास, मौज, जोश
१४. सुग्रीव के राज्य की राजधानी
१५. कम खर्ची, कमदाम, बचत (उर्दू)
१७. चांदी
१९. जो मोटा न हो, जो गाढ़ा न हो
२१. दबाव देना, दबाना
२२. चापलूस
२४. बड़ा शहर

**ऊपर से नीचे:-**
१. सिकुड़ना
२. अविरल गति से होने या जारी रहनेवाला
३. काशी के पास का एक तीर्थस्थल
४. मेघ, बादल, पर्वत, कृष्ण के चार घोड़ों में से एक का नाम
५. अनुवाद (उर्दू)
९. जिसका गठन अभी हाल ही में हुआ हो
११. वृद्धि (उर्दू)
१२. मुरदे रखने का संदूक (उर्दू)
१३. ऋण, कर्ज
१४. भाग्य, नसीब (उर्दू)
१५. किले में रहने वाली सेना का प्रधान, दुर्ग रक्षक (उर्दू)
१६. अपने नाम के अनुरूप
१८. जोंक
१९. वायु, हवा
२०. निरूपाय (उर्दू)1
२३. खून, लहू

## वर्ग पहेली-6307



युसूफ कुरेशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 6 सितम्बर, 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 7

### राशिफल

मेष - परिवार और कार्य के क्षेत्र में समझौतापूर्ण व्यवहार से संघर्ष टाल सकेंगे। वाणी पर नियंत्रण नहीं होने से किसी के साथ वाद-विवाद या झगड़ा होने की आशंका रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। मन की उदासी से नकारात्मक विचार आएंगे।

वृषभ - विचारों की दृढ़ता के साथ आप सावधानीपूर्वक काम करेंगे। व्यवस्थित रूप से आर्थिक विषयों का आयोजन कर सकेंगे। अपनी रचनात्मकता को निखार सकेंगे। वस्त्र, आभूषण, सौंदर्य प्रसाधन और मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा।

मिथुन - आपकी वाणी या व्यवहार से आज किसी के साथ गलतफहमी पैदा कर सकते हैं। परिजनों तथा सगे- संबंधियों के साथ खूब संभलकर रहना पड़ेगा। बीमारी या दुर्घटना का योग है, सावधानी बरतें। मान प्रतिष्ठा को हानि पहुंचेगी।

कर्क - आर्थिक आयोजनों और नए कार्य की शुरूआत करने के लिए उत्तम दिन है। व्यापार- धंधे में लाभ, नौकरी में पदोन्नति और आय के स्रोत में वृद्धि होने से आप आनंद और संतोष की भावना का अनुभव करेंगे।

सिंह - नौकरी तथा व्यवसाय के क्षेत्र में लाभदायक और सफल दिन है। आपके कार्यक्षेत्र में आप वर्चस्व और प्रभाव जमा सकेंगे। भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल से आपका काम सरलतापूर्वक पूरा होगा।

कन्या - आपका आज का दिन धार्मिक प्रवृत्तियों में व्यतीत होगा। किसी तीर्थ स्थान की यात्रा के संयोग बनेंगे। विदेश गमन के लिए अवसर निर्मित होंगे। भाई-बंधुओं से लाभ होगा। ऑफिस में अधिकारियों से वाद-विवाद ना करें।

तुला - आकस्मिक धन लाभ का दिन है। आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने के लिए उत्तम दिन है। फिर भी नए काम शुरू न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। गुप्त शत्रु आपका अहित करने का प्रयास करेंगे। दोस्तों से सचेत रहें।

वृश्चिक - दैनिक घटना चक्र की प्रवृत्तियों में आज परिवर्तन आएगा। आज आप मौज-मस्ती और मनोरंजन की दुनिया में घूमने के मूड में होंगे। इसमें मित्रों, परिजनों का साथ मिलेगा। सार्वजनिक जीवन में आपकी मान- प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

धनु - आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए आज का दिन शुभ है। कार्य सरलतापूर्वक सफल होंगे। परोपकार की भावना आज बलवती रहेगी। आपका दिन आमोद-प्रमोद में व्यतीत होगा।

मकर - आपका आज का दिन मिश्र फलदायी साबित होगा। बौद्धिक कार्यों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे। लेखन और साहित्य से संबंधित प्रवृत्तियों में आपकी सृजनात्मकता दिखाई देगी।

कुंभ - नकारात्मक विचारों से मन में हताशा जन्म लेगी। इस समय मानसिक उद्वेग और क्रोध की भावना अनुभव होगी। खर्च बढ़ेगा। वाणी पर संयम न रहने के कारण परिवार में मनमुटाव और झगड़े होने की संभावना है।

मीन - आपका आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा। व्यापारियों को भागीदारी के लिए उत्तम समय है। दांपत्य जीवन में निकटता का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ मुलाकात होगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# जिल बाइडेन कोरोना संक्रमित हुई

**वाशिंगटन,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडेन कोरोना वायरस संक्रमित पायी गयी हैं। व्हाइट हाउस ने बताया कि श्रीमती बाइडेन की कोविड-19 की रिपोर्ट सोमवार को पॉजिटिव आयी। श्रीमती बाइडेन की प्रवक्ता एलिजाबेथ एलेक्जेंडर ने कहा, आज शाम अमेरिकी प्रथम महिला कोविड-19 पॉजिटिव पायी गयी। वह रेहोबोथ बीच स्थित अपने घर में रहेंगी। व्हाइट हाउस के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की रिपोर्ट हालांकि निगेटिव आयी है। एक प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि व्हाइट हाउस के कोविड प्रोटोकॉल या राष्ट्रपति के कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस बीच श्री बाइडेन मंगलवार को सेना के एक कैप्टन को व्हाइट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में पदक प्रदान करेंगे। इसके बाद वे गुरुवार को जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत रवाना होंगे। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार अगस्त में देश के प्रथम महिला दक्षिण कारोलिना में छुट्टियां मनाने के दौरान कोरोना पॉजिटिव पायी गयी थीं। वहीं श्री बाइडेन जुलाई में कोरोना पॉजिटिव पाये गये थे।



# इमरान की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा



**इस्लामाबाद,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने जवाबदेही कानूनों को चुनौती देने वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की 2022 की याचिका पर आखिरकार मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें 50 से अधिक सुनवाई शामिल थीं।

पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) उमर अता बंदियाल, न्यायमूर्ति इजाजुल अहसन और न्यायमूर्ति सैयद मंसूर अली शाह की तीन सदस्यीय पीठ ने आज याचिका पर सुनवाई की। जून 2022 में पूर्व प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय जवाबदेही (दूसरा संशोधन) अधिनियम 2022 के तहत राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) अध्यादेश में किए गए संशोधन के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। संशोधनों ने राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश (एनएओ) 1999 में कई बदलाव किए, जिसमें एनएबी अध्यक्ष और अभियोजक जनरल का कार्यकाल घटाकर तीन साल करना, एनएबी के अधिकार क्षेत्र को 50 करोड़ रुपये से अधिक के मामलों तक सीमित करना और सभी लंबित पूछताछ, जांच और संबंधित प्राधिकारियों के परीक्षणों को स्थानांतरित करना भी शामिल है।

■ 50 से अधिक सुनवाई थीं शामिल

## हाईकोर्ट ने परवेज इलाही को रिहा करने का दिया आदेश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने मंगलवार को 3-एमपीओ (सार्वजनिक व्यवस्था के रखरखाव) के तहत पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष परवेज इलाही की हिरासत को निलंबित कर दिया और इस्लामाबाद पुलिस को उन्हें रिहा करने का आदेश दिया। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री इलाही को एक सितंबर को लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) द्वारा रिहा किए जाने के तुरंत बाद इस्लामाबाद कैपिटल टेरिटरी (आईसीटी) पुलिस की ओर से फिर से गिरफ्तार कर लिया गया था।

# किम जोंग उन की बेटी सैन्य कार्यक्रमों में होती हैं शामिल

**प्योंगयांग,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन सैन्य क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को उजागर करने और सशस्त्र बलों का समर्थन प्राप्त करने के लिए सैन्य-संबंधित कार्यक्रमों में मुख्य रूप से अपनी बेटी किम जू ऐ को अपने साथ लेकर जाते हैं। यह जानकारी दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप ने देश के एकीकरण मंत्रालय के हवाले से मंगलवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, किम जू ए पहली बार नवंबर 2022 में अपनी पहली सार्वजनिक उपस्थिति दर्ज की थी, जब उन्होंने ह्वासोंग-17 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण में हिस्सा लिया था। तब से, वह 15 कार्यक्रमों में शामिल हुई है, जिनमें से 12 सैन्य-संबंधित कार्यक्रम हैं और शेष तीन अर्थव्यवस्था और सामाजिक कार्य से संबंधित हैं।



## रूस का दौरा कर सकते हैं किम जोंग-उन

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन जल्द ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने और संभावित हथियार सौदे पर चर्चा करने के लिए रूस की यात्रा कर सकते हैं। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूयॉर्क टाइम्स ने सोमवार को प्रकाशित अपनी रिपोर्ट में अज्ञात अमेरिकी और संबद्ध अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि किम अगले सप्ताह व्लादिवोस्तोक की यात्रा कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, किम उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग से, संभवत: बख्तरबंद ट्रेन से, रूस के प्रशांत तट पर व्लादिवोस्तोक तक यात्रा करेंगे, जहां वह पुतिन से मिलेंगे।

# जिम्बाब्वे के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने ली शपथ

**हरारे,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति एमर्सन मनांगाग्वा ने क्षेत्रीय नेताओं और अन्य विदेशी गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में एक समारोह में अपने दूसरे पांच साल के कार्यकाल के लिए शपथ ली। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने हुए आम चुनाव में 52.6 प्रतिशत वोट हासिल कर मनांगाग्वा की जीत हुई। हरारे की राजधानी में राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में अपने संबोधन में मनांगाग्वा ने उन्हें सत्ता में बनाए रखने के लिए जिम्बाब्वे के लोगों को धन्यवाद दिया और अगले पांच वर्षों में देश को एकजुट करने, आधुनिकीकरण और विकास जारी रखने का वादा किया। उन्होंने कहा कि पिछले महीने के चुनाव ने एक बार फिर प्रदर्शित किया है कि जिम्बाब्वे अब एक परिपक्व लोकतंत्र है। मनांगाग्वा ने कहा, हम अपने देश में संवैधानिक लोकतंत्र को गहरा और मजबूत करना जारी रखेंगे। यह जीत नव-उपनिवेशवादी और आधिपत्यवादी प्रवृत्ति के खिलाफ जिम्बाब्वे के लोगों की है।



## सुडोकू 6308 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 9 | 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 7 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 4 | 1 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |

## आज का इतिहास

1552-समंदर के रास्ते पृथ्वी का पूरा चक्कर लगाने वाला पहला जहाज विक?टोरिया आज ही के दिन स्पेन लौटा था।
1716: पहला लाइट हाउस उत्तरी अमेरिका के बोस्टन में बनाया गया।
1870-अमेरिका में पहली बार किसी महिला ने स्थानीय चुनावों में वोट डाला। हालांकि, राष्ट्रीय चुनावों में वोटिंग का अधिकार महिलाओं को 1920 में मिला था।
1901-अमेरिका के 25वें राष्ट्रपति विलियम मैककिनले को गोली मार दी गई थी। आठ दिन बाद उनकी मौत हो गई थी।1915: पहला युद्धक टैंक बनाया गया। इंग्लैंड में बने टैंक के पहले प्रोटोटाइप को ‘लिटिल विलि’ के नाम से पुकारा गया।1916-पहला सुपर मार्केट अमेरिका के टेनेसी में खुला।
1929-फ़िल्म निर्माता यश जौहर का जन्म हुआ ।
1937-इल मजूको युद्ध के साथ स्पेन में गृह युद्ध शुरू हुआ।1958-अमेरिका ने अटलांटिक सागर में परमाणु परीक्षण किया।
1965-भारतीय सेना ने तीन जगहों से सीमा पार कर पश्चिमी पाकिस्तान पर हमला किया था।
1969-अफ्रीकी देश स्वाजीलैंड को ब्रिटेन से आजादी मिली। आज के दिन को इस देश का राष्ट्रीय दिवस घोषित किया गया।1972-हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के दिग्गज उस्ताद अलाउद्दीन खान का निधन हुआ।
1986-इस्तांबुल में यहूदी उपासना गृह में हमले में 23 लोग मारे गए।
1988-11 साल की उम्र में थॉमस ग्रेगोरी इंग्लिश चैनल पार करने वाले सबसे कम उम्र के तैराक बने।

**आयोजन** इंडोनेशिया में इसी सप्ताह हो रहा है भारत आसियान शिखर सम्मेलन

# सम्मेलन में चीनी मानचित्र का मुद्दा उठ सकता है भारत

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। इंडोनेशिया में इसी सप्ताह होने वाले भारत आसियान शिखर सम्मेलन और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलनों में चीन द्वारा हाल ही में जारी उसके कथित मानक मानचित्र के मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दोनों शिखर सम्मेलनों में भाग लेने के लिए दो दिन की इंडोनेशिया यात्रा का विवरण देते हुए विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) सौरभ कुमार ने यह संकेत दिया। श्री कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री की यह यात्रा बहुत ही संक्षिप्त होगी आसियान के मौजूदा अध्यक्ष इंडोनेशिया ने भारत के प्रधानमंत्री के जल्दी लौटने में सहूलियत के लिए दोनों शिखर सम्मेलनों के समय को समायोजित किया है। उन्होंने कहा कि भारत एवं आसियान के बीच रणनीतिक साझीदारी की घोषणा के बाद यह पहला भारत आसियान शिखर सम्मेलन होगा। उन्होंने कहा कि चूंकि जी-20 शिखर सम्मेलन की मेज़बानी के लिए श्री मोदी को जल्दी लौटना होगा इसलिए वह नई दिल्ली से बुधवार छह सितंबर को देर रात रवाना होंगे और सुबह जकार्ता पहुंचेंगे। वह पहले सुबह करीब नौ बजे से दस बजे तक भारत आसियान शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और उसके 15 मिनट बाद पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन होगा। इसके बाद श्री मोदी स्वदेश के लिए रवाना हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि बहुत कम समय की यात्रा होने के कारण कोई द्विपक्षीय बैठक नहीं होगी। श्री सौरभ कुमार ने कहा कि भारत आसियान शिखर सम्मेलन में मुख्य फोकस कनेक्टिविटी पर होगा। हाल ही में भारत एवं इंडोनेशिया के बीच इंडिगो एयरलाइन की सीधी उड़ान शुरू हुई है। गत वर्ष विएतनाम के लिए भी उड़ानें भी शुरू हुई हैं। इसके अलावा आसियान देशों में डिजीटल लोक अधोसंरचना, स्थानीय मुद्राओं में कारोबार करने को लेकर भी दिलचस्पी है। भारत एवं सिंगापुर के बीच यूपीआई से भुगतान की व्यवस्था शुरू हो चुकी है। यह पूछे जाने पर कि हाल ही में चीन द्वारा जारी तथाकथित मानक मानचित्र में आसियान के कई सदस्य देशों खासकर दक्षिण चीन सागर के क्षेत्र पर चीनी आधिपत्य का दावा किये जाने के विरोध में आसियान के कुछ देशों ने एक संयुक्त वक्तव्य में इस मानचित्र पर कड़ा विरोध जताया है। चूंकि चीनी मानचित्र में भारत के प्रादेशिक क्षेत्र को भी चीनी मानचित्र में दर्शाया गया है तो क्या भारत आसियान और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलनों में इस मुद्दे को उठाया जाएगा, श्री सौरभ कुमार ने कहा कि इन शिखर सम्मेलनों में जितने भी प्रासंगिक एवं समान हितों एवं चिंताओं से जुड़े मुद्दे उठाये जाएंगे। पर अभी यह कहना मुश्किल है कि कौन सा मुद्दा उठेगा और कौन सा नहीं।

■ दो दिन की इंडोनेशिया यात्रा पर जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

ASEAN INDONESIA 2023

## दुनिया को जानें

# स्वस्थ जीवन के लिए हफ्ते में तीन दिन व्यायाम जरूरी

**सिडनी,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। एक अध्ययन से यह बात सामने आई है कि फिट रहने के लिए सप्ताह में कम से कम तीन दिन एक्सरसाइज करना जरूरी है। अगर इसे सप्ताह में पांच दिन कर दिया जाए तो यह स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। निष्कर्षों से पता चला कि सप्ताह में ज्यादा दिन एक्सरसाइज करने की इच्छाशक्ति रखने से बेहतर परिणाम मिलेंगे। यह अध्ययन इस समझ को और बेहतर बनाने में मदद कर सकता है कि मानव शरीर एक्सरसाइज के प्रति किस प्रकार प्रतिक्रिया करता है। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में एडिथ कोवान यूनिवर्सिटी के अध्ययन प्रमुख प्रोफेसर केन नोसाका ने कहा, हमारे पिछले काम से पता चला है कि नियमित रूप से की गई कम अवधि की एक्सरसाइज एक या दो बड़े प्रशिक्षण सत्रों की तुलना में अधिक फायदेमंद है। नोसाका ने कहा, अब हमें इस बात का स्पष्ट अंदाजा हो गया है कि वह निर्णायक बिंदु कहां है, जहां आप इस तरह की न्यूनतम एक्सरसाइज से सार्थक लाभ देखना शुरू करते हैं। यूरोपियन जर्नल ऑफ एप्लाइड फिजियोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में प्रतिभागियों को एक भारी डम्बल से तीन सेकेंड प्रयास वाला बाइसेप करते देखा गया।

# खेल जगत

## सुपर चार चरण के लिए फिट हुए लिटन

**ढाका,** 5 सितंबर (एजेंसियां)। बंगलादेश के सलामी बल्लेबाज लिटन दास बुखार से पूरी तरह उबर गए हैं और एशिया कप 2023 के सुपर चार मैचों में हिस्सा लेने के लिए टीम में शामिल होंगे। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। बीसीबी ने एक बयान में कहा, सलामी बल्लेबाज लिटन कुमार दास वायरल बुखार से पूरी तरह ठीक हो गए हैं, जिसके कारण वह टूर्नामेंट के शुरुआती मैच के लिए टीम के साथ श्रीलंका की यात्रा नहीं कर पाए थे। वह एशिया कप के सुपर चार मैचों से पहले पाकिस्तान में टीम में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि रविवार को लाहौर में अपने आखिरी ग्रुप मैच में अफगानिस्तान पर 89 रनों की जीत के बाद बंगलादेश ने सुपर चार चरण में जगह बना ली। बीसीबी के मुख्य चयनकर्ता मिन्हाजुल आबेदीन ने बताया कि एशिया कप के शुरुआती दो मैचों में कुछेक खिलाड़ियों को चोट लगी है।



# रोहित-शुभमन के अर्द्धशतकों से भारत सुपर 4 में



■ भारत ने नेपाल को डकवर्थ लुइस नियम के आधार दस विकेट से हराया

**नई दिल्ली,** 5 सितंबर (देशबन्धु)। कप्तान रोहित शर्मा और उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल के शानदार अविजित अर्द्धशतकों के साथ अपनी रंगत पाने तथा बाएं हाथ के अनुभवी लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा (3/40) और मोहम्मद सिराज (3/61) के गेंद से कमाल से भारत ने नेपाल को पालीकेल(श्रीलंका) में वन डे एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में ग्रुप ए में बारिश की आंखमिचौनी के बीच अपने दूसरे मैच में सोमवार देर रात डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर दस विकेट से हरा कर दो मैचों में पह पहली जीत साथ सुपर 4 में जगह बना ली। बारिश के कारण धीमी पिच पर नमी के कारण नेपाल के कर्ण केसी ने रोहित को अपने पहले ओवर में अपने मूवमेंट से जरूरी कुछ परेशान किया लेकिन एक बार रंगत पाने के बाद उन्होंने मैच के मिजाज की जरूरत के मुताबिक बल्लेबाजी कर दर्शनीय स्ट्रोक खेले। नेपाल के बल्लेबाजों की तारीफ करनी होगी उन्होंने भारत से पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने पर सम्मानजनक स्कोर बनाया।

भारत का चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप ए में पहला मैच बारिश के चलते अधूरा बेनतीजा खत्म हो गया था। पाकिस्तान ने नेपाल को 238 रन के बड़े अंतर से हराया था। भारत और पाकिस्तान दोनों ने नेपाल को हराया और ग्रुप ए में दोनों के दो दो मैचों में एक-एक जीत और एक मैच बेनतीजा रहने से समान रूप से तीन तीन अंक रहे। पाकिस्तान अपने बेहतर नेट रन रेट के कारण ग्रुप ए में पहले और भारत दूसरे स्थान पर रहा और अब ये दोनों टीमें 10 सितंबर को सुपर 4 में फिर आमने-सामने होंगी।

भारत को बारिश के कारण जीत के लिए डकवर्थ नियम के आधार पर जीत के लिए 23 ओवर में 145 रन बनाने का संशोधित लक्ष्य मिला। मैन ऑफ द' मैच रोहित शर्मा (अविजित 74 रन, 59 गेंद, पांच छक्के, छह चौके और शुभमन गिल (67 रन,62 गेंद, एक छक्का, आठ चौके) की सलामी जोड़ी की असमाप्त 147 रन भागीदारी की भारत ने बिना कोई विकेट खोए मैच जीत लिया। रोहित और शुभमन की सलामी जोड़ी की भारत के लिए वन डे में यह तीसरी शतकीय भागीदारी थी।

इससे पूर्व सलामी बल्लेबाज आसिफ शेख (58 रन, 97 गेंद, 8 चौके) के अर्द्धशतक और आठवें नंबर पर उतरे ऑलराउंडर सोमपाल कामी के दो छक्कों और एक चौकों की मदद से 56 गेंद 48 रन की बेशकीमती पारी की बदौलत नेपाल ने भारत के ढीले क्षेत्ररक्षण का लाभ उठाकर पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर 230 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। भारत के शीर्ष क्रम के पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में लडखड़ाने के बाद नेपाल के बल्लेबाजों ने भारत के तेज गेंदबाजों -मोहम्मद सिराज और शार्दूल ठाकुर के खिलाफ आक्रामक तेवर दिखाकर अपने स्ट्रोक खेल शुरू के दस ओवर में उन पर दबाव बनाया। भारत के लिए मैच के शुरू में श्रेयस अय्यर, विराट कोहली और विकेटकीपर इशान किशन ने तीन आसान कैच टपकाए और इसका नेपाल के बल्लेबाजों ने लाभ उठाया लेकिन दोनों स्पिनरों -खासतौर पर लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप ने कंजूसी से गेंदबाजी कर भारत की मैच में वापसी कर दी।

आसिफ शेख व उनके सलामी जोड़ीदार कुशल भुरतल (38 रन,25 गेंद, दो छक्के व तीन चौके) ने पहले विकेट के लिए शुरू के दस ओवर में तेज शुरुआत 65 रन जोड़ नेपाल को बढिया़ शुरूआत दी लेकिन तभी शार्दूल ठाकुर ने भुरतल को विकेटकीपर इशान किशन के हाथों कैच करा नेपाल को पहला झटका दिया। भारत के लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा ने 16 से 22 वें ओवर के बीच भीम शर्की(7), कप्तान रोहित पौडल (5) और कुशल मल्ला (2) को आनन फानन में आउट कर नेपाल का स्कोर 22 ओवर में चार विकेट पर 104 रन कर दिया। जडेजा का दूसरे छोर से कसी गेंदबाजी कर कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने खूब साथ निभाया। सिराज ने आसिफ को पारी के 30 वें ओवर में विराट कोहली के हाथों कैच करा उनकी बेहतरीन पारी का अंत करने के बाद बारिश आने से पहले गुलशन झा (23 रन, 35 गेंद, तीन चौके)को आउट किया।

बारिश के बाद खेल फिर शुरू होने पर हार्दिक ने दीपेंद्र सिंह ऐरी (29 रन, 25 गेंद, तीन चौके)के बढिया़ ऑफ कटर पर आउट कर नेपाल का स्कोर 42 ओवर में सात विकेट पर 194 कर दिया। हार्दिक और सिराज की शॉर्ट पिच पर सोमपाल कामी ने खुल कर शॉट खेले और मोहम्मद शमी की गेंद पर विकेटकीपर इशन को कैच थमा आउट होने से पहले संदीप लमिछाने के साथ मिलकर आठवें विकेट के लिए 34 रन जोड़ टीम के स्कोर को 228 रन पर पहुंचाया और दो गेंद पर लमिछाने (9) सब्सिटयूट फील्डर अक्षर पटेल ने रनआउट कर दिया। अंतिम पूर्व दूसरी गोल पर सिराज ने ललित राजबंशी(0) को बोल्ड कर नेपाल की पारी 230 रन पर समेट दी।

# जब भारत-पाकिस्तान का मैच होता है तो सब कुछ थम जाता है : रोजर बिन्नी



**लाहौर,** 5 सितंबर (एजेंसियां)। एशिया कप मैच देखने के लिए पाकिस्तान पहुंचे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने पीसीबी की सराहना की और भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट संबंधों पर विशेष चर्चा की। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, लाहौर में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्हें पीसीबी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जका अशरफ ने आमंत्रित किया था।

गवर्नर हाउस में पीसीबी गाला डिनर में बोलते हुए बिन्नी ने कहा, मैं आज रात के कार्यक्रम के निमंत्रण के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं आपके लिए बीसीसीआई और भारत के क्रिकेट प्रेमियों की ओर से शुभकामनाएं लाया हूं। भारत-पाकिस्तान मैच सबसे बड़े खेलों में से एक है। मैं आपको बता सकता हूं। जब भारत पाकिस्तान से खेलता है तो सब कुछ रुक सा जाता है।

बीसीसीआई प्रमुख ने आगे कहा, लोग काम नहीं करते हैं, सड़कें खाली रहती हैं। हर कोई टेलीविजन के सामने क्रिकेट देख रहा होता है। भारत और पाकिस्तान में क्रिकेट इतना बड़ा है। जब से हम सीमा पार कर के इस मुल्क में आए हैं, तब से हमें पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने किसी चीज की कमी नहीं होने दी और मैं उनके इस खास आतिथ्य के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने आखिरी में कहा, यह एक अद्भुत अनुभव था। अपने लाहौर दौरे के दौरान, बीसीसीआई अधिकारी मंगलवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में होने वाले एशिया कप मैच को देखेंगे।

दोनों अधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव युद्धवीर सिंह और बीसीसीआई के उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम भी हैं। बीसीसीआई ने भारत के सभी मैच पाकिस्तान में खेलने से मना कर दिया था, इसलिए 13 मैचों में से केवल चार ही वहां होंगे। शेष खेल सह-मेजबान श्रीलंका के पल्लेकेले और कोलंबो में खेले जा रहे हैं।

# वर्ल्ड कप से पहले क्विंटन डी कॉक ने किया संन्यास का ऐलान



**जोहान्सबर्ग,** 5 सितंबर (एजेंसियां)। स्टार बल्लेबाज और विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक वनडे विश्व कप 2023 के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। मंगलवार को साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम का ऐलान किया। इस दौरान क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने अपनी विश्व कप टीम की घोषणा में क्विंटन डी कॉक की संन्यास लेने की खबर की पुष्टि की और कहा, हम दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लिए उनकी सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहते हैं। दक्षिण अफ़्रीका के क्रिकेट निदेशक एनोच एनकेवे ने कहा, क्विंटन डी कॉक दक्षिण अफ़्रीकी क्रिकेट के लिए वास्तव में एक अच्छे साथी रहे हैं। उन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी शैली से कई रिकॉर्ड बनाए और टीम के कई सालों तक मुख्य बल्लेबाज रहे। डी कॉक ने 2013 में टीम में डेब्यू किया था और अब तक 140 मैच खेले हैं। 44.85 की औसत और 96.08 की स्ट्राइक रेट के साथ डी कॉक ने 5966 रन बनाए हैं। उनके नाम पर 17 शतक और 29 अर्द्धशतक हैं, जिसमें 178 का उच्च स्कोर है जो 2016 में सेंचुरियन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आया था। एक विकेटकीपर के रूप में उनके नाम 183 कैच और 14 स्टंपिंग हैं। डी कॉक ने आठ वनडे मैचों में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी भी की, जिनमें से उन्होंने चार जीते और तीन हारे। दक्षिण अफ्रीका अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 7 अक्टूबर को दिल्ली में श्रीलंका के खिलाफ करेगा।

# सिनर पर कड़ी जीत के साथ क्वार्टरफाइनल में ज्वेरेव



**न्यूयॉर्क,** 5 सितंबर (एजेंसियां)। जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिकी ओपन 2023 के कड़े और रोमांचक शीर्ष 16 मुकाबले में इटली के यानिक सिनर को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। चार सेट के समापन के बाद दोनो खिलाड़ी 2-2 की बराबरी पर थे, जिसके बाद ज्वेरेव ने पांचवें सेट में बाज़ी मारकर सिनर को चार घंटे 41 मिनट में 6-4, 3-6, 6-2, 4-6, 6-3 से मात दी।

सिनर ने दूसरे और तीसरे सेट में संघर्ष करने के बावजूद ज्वेरेव को कड़ी टक्कर दी और चौथे सेट में वापसी करते हुए जीत भी हासिल की। दूसरे सेट के दौरान सिनर को दोनों पैरों में ऐंठन की समस्या होने लगी और तीसरे सेट के बीच तक उनकी हालत इतनी खराब हो गई कि ज्वेरेव उनकी स्थिति जानने के लिए उनके पास आए।

चौथे और पांचवें सेट में सिनर की स्थिति में सुधार हुआ, लेकिन ज्वेरेव ने अंतिम सेट में 14 विनर खेलते हुए क्वार्टरफाइनल का टिकट कटा लिया। ज्वेरेव ने जीत के बाद कहा, मैं नहीं जानता कि यह कैसे हुआ क्योंकि मैं चौथे सेट में पूरी तरह से थक चुका था। मुझे लगता है कि वह (सिनर) मुझसे ज्यादा फिट था, भले ही उसे ऐंठन हो रही थी, फिर भी मुझे लगता है कि वह बेहतर स्थिति में था। पांचवें सेट में मैंने किसी तरह इसे फिर से हासिल कर लिया। इस ऊर्जा के बिना, दर्शकों के बिना, यह संभव नहीं होता। अगले दौर में सिनर का सामना स्पेन के शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज से होगा, जो इटली के मैटियो अर्नाल्डी को 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर आ रहे हैं। आंद्रे अगासी के बाद ओपन एरा में अल्काराज़ 21 साल की उम्र में तीन बार अमेरिकी ओपन क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं।

इस बीच, रूस के दानिल मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनॉर को 2-6 6-4 6-1 6-2 से हराया। क्वार्टरफाइनल में मेदवेदेव अपने युवा हमवतन आंद्रे रूबलेव से भिड़ेंगे।

# भारतीय मुक्केबाज मुस्तफा मेमोरियल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए तैयार



**नई दिल्ली,** 5 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय मुक्केबाजों की 11 सदस्यीय टीम बोस्निया और हर्जेगोविना की राजधानी साराजेवो में 21वां मुस्तफा हजरूलाहोविक मेमोरियल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए तैयार हैं। इस टूर्नामेंट में छह पुरुष और पांच महिला मुक्केबाज शामिल हैं।

इस बार भारतीय महिला टीम का नेतृत्व 2019 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी (50 किग्रा) और युवा विश्व चैंपियन ज्योति (54 किग्रा) और शशि चोपड़ा (60 किग्रा) कर रही हैं। उनके अलावा, विनाक्षी (57 किग्रा) और जिज्ञासा राजपूत (75 किग्रा) सहित अन्य मुक्केबाज प्रतिष्ठित प्रतियोगी मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। पुरुष टीम का नेतृत्व 2019 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मनीष कौशिक (63.5) के साथ-साथ 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आकाश कुमार (57 किग्रा) करेंगे।

इस टूर्नामेंट में टोक्यो ओलंपियन और अनुभवी मुक्केबाज सतीश कुमार (92+किग्रा) लंबे समय के बाद नजर आएंगे जबकि राष्ट्रीय चैंपियन नवीन कुमार 92 किग्रा वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। युवा मुक्केबाज बरुण सिंह (51 किग्रा) और निखिल दुबे (71 किग्रा) को भी अपनी प्रतिभा दिखाने और देश के लिए पदक जीतने का मौका मिलेगा। यह मुकाबला छह सितंबर से शुरू होगा और नौ सितंबर को फाइनल टूर्नामेंट खेला जाएगा।

वरुण सिंह शगोलशेम (51 किग्रा), आकाश कुमार (57 किग्रा), मनीष कौशिक (63.5 किग्रा), निखिल प्रेमनाथ दुबे (71 किग्रा), नवीन कुमार (92 किग्रा), सतीश कुमार (92+ किग्रा) मुक्केबाज पुरुषों में शामिल हैं जबकि महिला मुक्केबाज में मंजू रानी (50 किग्रा), ज्योति (54 किग्रा), विनाक्षी (57 किग्रा), शशि चोपड़ा (60 किग्रा), जिज्ञासा राजपूत (75 किग्रा) हैं।

# झेंग किनवेन यूएस ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहरी बार खेलेंगी



**न्यूयॉर्क,** 5 सितंबर (एजेंसियां)। चीनी स्टार झेंग किनवेन ने ट्यूनीशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त ओन्स जाबेउर को 6-2, 6-4 से सीधे सेटों में हराकर यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह शीर्ष 10 खिलाड़ी के खिलाफ झेंग की पहली जीत है और वह पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता के अंतिम आठ में पहुंची है।

21 वर्षीय झेंग ने अपनी शानदार जीत के बाद कहा, फिलहाल, मैं इस बड़े स्टेडियम में खेलने के लिए बेहद खुश और उत्साहित महसूस कर रही हूं और आज मैंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। जब झेंग से उनके लोकप्रिय उपनाम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे क्वीन वेन नाम बेहद पसंद है। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए झेंग का सामना बुधवार को आर्यना सबालेंका से होना तय है।

पुरुष एकल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने 22 वर्षीय इतालवी माटेओ अर्नाल्डी को सीधे सेटों में 6-3, 6-3, 6-4 से हराया। तीसरी वरीयता प्राप्त रूस के डेनियल मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 2-6, 6-4, 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यह मैच दो घंटे और 40 मिनट तक चला, जो पिछले पांच वर्षों में मेदवेदेव की न्यूयॉर्क में चौथी क्वार्टर फाइनल उपस्थिति थी।

दो साल पहले उन्होंने सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में हराकर अपना पहला और एकमात्र ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। मेदवेदेव के हमवतन और आठवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव भी आगे बढ़े, उन्होंने ब्रिटान जैक ड्रेपर को 6-3, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया।

# एशिया कप के सुपर-4 शेड्यूल में बारिश के कारण होगा बदलाव : रिपोर्ट



**नई दिल्ली,** 5 सितंबर (एजेंसियां)। बारिश के बीच हो रहे एशिया कप ने एशियन क्रिकेट काउंसिल के मैनेजमेंट की मुश्किलें बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि सुपर-4 के मैच कोलंबो से हंबनटोटा शहर में शिफ्ट कर दिए गए हैं। एशिया कप में बारिश बार-बार बाधा बन रही है। भारत और पाकिस्तान की टक्कर पहले ही बारिश की भेंट चढ़ चुकी है। ऐसे में अब मैनेजमेंट को कई बड़े फैसले लेने होंगे।

सुपर-4 स्टेज के 6 में से 5 मैच कोलंबो में खेले जाने थे। लेकिन, शहर में बाढ़ जैसे हालात हैं और अगले 10 दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी है। इस कारण सुपर-4 के मैच कोलंबो से हंबनटोटा शहर में शिफ्ट किए जा सकते हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) द्वारा जल्द ही आधिकारिक घोषणा करने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में कहा गया है, एसीसी ने हंबनटोटा में मौसम के मिजाज को भी ध्यान में रखा है। यह देखा गया है कि वहां वर्षा का स्तर सुपर 4 चरण के मूल स्थल कोलंबो की तुलना में कहीं अधिक अनुकूल है। एशिया कप के सुपर 4 चरण में रविवार को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में भारत बनाम पाकिस्तान मैच खेला जाएगा। लेकिन, मौसम अपडेट के अनुसार कोलंबो में 20 सितंबर तक बहुत बारिश होगी। ऐसे में वेन्यू को बदलने के लिए मैनेजमेंट मजबूर है।

## हमारा फोकस सिर्फ पाकिस्तान पर नहीं वर्ल्ड कप ट्रॉफी पर होना चाहिए : गंभीर

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर का मानना है कि भारतीय टीम को चाहिए कि वो अपना फोकस केवल पाकिस्तान के मैच पर ना रखे बल्कि वर्ल्ड कप जीतने पर ध्यान दे। भारत-नेपाल एशिया कप मुकाबले के बाद स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए गौतम गंभीर ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच विश्व कप जीतने की दिशा में महज एक कदम है। गंभीर ने कहा, यह केवल 14 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बारे में नहीं है। मुझे उम्मीद है कि यह भारत के विश्व कप फाइनल खेलने और कप जीतने के बारे में है, क्योंकि आप कभी नहीं जानते कि इस विश्व कप टीम से कितने लोग अगले विश्व कप का हिस्सा होंगे और यह 4 साल के बाद होता है।

उन्होंने आगे कहा, एक राष्ट्र के रूप में हमारे लिए, प्रशंसकों के रूप में हमारे लिए और प्रसारक के रूप में हमारे लिए, सब कुछ केवल भारत और पाकिस्तान पर केंद्रित नहीं होना चाहिए। यह विश्व कप जीतने के बारे में है। पाकिस्तान सिर्फ एक बाधा है। यह विश्व कप जीतने की दिशा में महज एक कदम है।

गंभीर ने 2007 और 2011 विश्व कप में चैंपियनशिप जीतने वाली भारतीय टीमों को भी याद किया और इस बात पर जोर दिया कि उनका प्राथमिक ध्यान ट्रॉफी पर था। गंभीर ने कहा, 2007 में टी20 विश्व कप में हमने अपना अभियान पाकिस्तान के खिलाफ शुरू किया। हमने पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल खेला। यह कभी भी केवल पाकिस्तान के बारे में नहीं था। 2011 में भी यह कभी पाकिस्तान के बारे में नहीं था, पाकिस्तान को हराना बस एक कदम था। इसलिए, जब एक प्रसारक, विशेषज्ञ के रूप में अगर हम केवल भारत बनाम पाकिस्तान के बारे में बात करना बंद कर दें और विश्व कप जीतने के बारे में सोचें, तो मुझे लगता है कि टीम इंडिया काफी बेहतर स्थिति में होगी।

दोनों देशों के बीच बड़ा मुकाबला जो पहले 15 अक्टूबर को होने वाला था। अब एक दिन पहले यानी 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा।

## सार संक्षेप

### शाह ने बच्चन को दिया क्रिकेट विश्व कप 223 का गोल्डन टिकट

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने मंगलावार को बॉलीवुड के सुपरस्टार अमिताभ बच्चन को क्रिकेट विश्व कप 223 का गोल्डन टिकट दिया। श्री शाह ने ट्वीट किया, हमारा स्वर्णिम टिकट किसी और को नहीं बल्कि 'सदी के महानायक' को देने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा, फिल्मी जगत के बिग बी का भारतीय टीम के प्रति अटूट समर्थन है, जो हम सभी को प्रेरित करता रहता है। वह आईसीसी विश्व कप 223 के लिए हमारे साथ जुड़े हैं, जिससे हम और अधिक रोमांचित हैं। उल्लेखनीय है कि आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 223 पांच अक्टूबर से शुरु हो रहा है और इसका फाइनल मुकाबला 19 नवंबर को होगा। भारतीय टीम विश्व कप 223 सीजन में अपना पहला मुकाबला आठ अक्टूबर को खेलेगी। यह मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में खेला जाएगा।

### एक्स गर्लफ्रेंड के लगाए गए आरोपों के बाद एंटनी ब्राजील टीम से बाहर

**नई दिल्ली।** ब्राजील ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के विंगर एंटनी सैंटोस को उनकी एक्स गर्लफ्रेंड गैब्रिएला कैवलिन द्वारा लगाए गए मारपीट के आरोपों के बाद 226 विश्व कप क्वालीफायर के पहले दो मैच से बाहर कर दिया है। ब्राज़ीलियाई फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने घोषणा की है कि तथ्यों के सार्वजनिक होने के बाद एंटनी राष्ट्रीय टीम से हट गए हैं, जिनकी जांच की आवश्यकता है। सीबीएफ ने एक बयान में कहा, एंटनी, को ब्राजीलियाई राष्ट्रीय टीम से हटा दिया गया है। ब्राजीलियाई समाचार आउटलेट यूओएल के अनुसार, जिसने सोमवार को एंटनी के पूर्व साथी द्वारा लगाए गए आरोपों को प्रकाशित किया था। 23 वर्षीय फारवर्ड की साओ पाउलो सिविल पुलिस द्वारा एक्स गर्लफ्रेंड गैब्रिएला कैवलिन द्वारा लगाए गए घरेलू हिंसा के आरोपों की जांच की जा रही है। हालांकि, एंटनी ने आरोपों से इनकार करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। उन्होंने कहा, गैब्रिएला के साथ मेरा रिश्ता उतार-चढ़ाव वाला था। लेकिन मैंने कभी कोई फिजिकली टॉर्चर नही किया। एंटनी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, मुझे भरोसा है कि चल रही पुलिस जांच मेरी बेगुनाही के बारे में सच्चाई सामने लाएगी। बोलिविया और पेरू के खिलाफ आगामी विश्व कप क्वालीफायर के लिए एंटनी की जगह आर्सेनल के स्ट्राइकर गेब्रियल जीसस को ब्राजील टीम में शामिल किया गया है।

देशबन्धु

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



नई दिल्ली, 5 सितम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## मौद्रिक नीति को दूरदर्शी होना चाहिए : शक्तिकांत

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मंगलवार को कहा कि मौद्रिक नीति को दूरदर्शी होना चाहिए, क्योंकि पीछे देखने का दृष्टिकोण दुर्घटनाओं को जन्म दे सकता है। दास, जिन्होंने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स डायमंड जुबली विशिष्ट व्याख्यान देते हुए कार ड्राइविंग की उपमा दी, ने कहा कि मौद्रिक नीति का संचालन संभावित गड्ढों और गति बाधाओं वाली सड़क पर कार चलाने जैसा है। चूंकि मौद्रिक नीति लंबे और परिवर्तनीय अंतराल के साथ काम करती है, प्रमुख व्यापक आर्थिक चर के पूर्वानुमान मौद्रिक नीति के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यही कारण है कि मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढांचे को 'मुद्रास्फीति पूर्वानुमान लक्ष्यीकरण' ढांचे के रूप में भी कहा जाता है।

उन्होंने कहा, 'वास्तविक जीवन में सादृश्य लेने के लिए मौद्रिक नीति का संचालन संभावित खाइयों और गति अवरोधों वाली सड़क पर कार चलाने जैसा है। चालक को अपनी कार की गति को नियंत्रित करने और बातचीत करते समय खाई या स्पीड बम्प पर



**मौद्रिक नीति का संचालन संभावित गड्ढों और गति बाधाओं वाली सड़क पर कार चलाने जैसा है। चूंकि मौद्रिक नीति लंबे और परिवर्तनीय अंतराल के साथ काम करती है, प्रमुख व्यापक आर्थिक चर के पूर्वानुमान मौद्रिक नीति के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं:-शक्तिकांत दास, गवर्नर**

नजर रखने की जरूरत है। यदि ड्राइवर अचानक स्पीड बम्प पर प्रतिक्रिया करता है, तो वह नियंत्रण खोने और दुर्घटना होने का जोखिम उठाता है। इसलिए, मौद्रिक नीति का सफल संचालन मुद्रास्फीति और विकास जैसे प्रमुख चर के विश्वसनीय पूर्वानुमानों पर निर्भर करता है। दूसरे शब्दों में, मौद्रिक नीति को दूरदर्शी होना चाहिए। रियर व्यू मिरर से नीतिगत त्रुटियां हो सकती हैं।'

आरबीआई गवर्नर ने यह भी कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के लिए मूल्य स्थिरता पर नज़र रखना और उसके अनुसार कार्य करना महत्वपूर्ण है। दास ने कहा, 'इसके अलावा, एमपीसी यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहती है कि मूल्य वृद्धि के सामान्यीकरण के रूप में मुद्रास्फीति के दूसरे क्रम के प्रभावों को बढ़ने न दिया जाए।' उन्होंने कहा, 'मूल्य स्थिरता पर नजर रखना और उचित तरीके से कार्य करना जरूरी है। हम अब 4 फीसदी के लक्ष्य पर मजबूती से केंद्रित हैं।' दास ने आगे कहा कि आरबीआई ने कोविड के बाद के युग में मूल्य स्थिरता को बाधित न करने के लिए तरलता प्रबंधन की योजना बनाई। उन्होंने कहा, 'हमारे अधिकांश तरलता इंजेक्शन उपायों की घोषणा एक साल या तीन साल की अवधि के लिए की गई थी। इससे उन्हें (बाजार सहभागियों को) एक साल या तीन साल में केंद्रीय बैंक को पैसा वापस करने के लिए अपनी गतिविधियों की योजना बनाने में मदद मिली।'

## 1.3 बिलियन तक पहुंचा ग्लोबल 5जी मोबाइल सब्सक्रिप्शन, भारत ने सबसे अधिक यूजर्स जोड़े

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। दूसरी तिमाही में ग्लोबल 5जी सब्सक्रिप्शन में 175 मिलियन की वृद्धि हुई, जबकि इस अवधि में सात मिलियन से अधिक नए यूजर्स के साथ भारत में

**■ दूसरी तिमाही में ग्लोबल 5जी सब्सक्रिप्शन में 175 मिलियन की वृद्धि हुई**

समग्र मोबाइल सब्सक्रिप्शन में सबसे अधिक वृद्धि हुई। एरिक्सन मोबिलिटी रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी तिमाही में शामिल होने से 5जी सब्सक्रिप्शन की वैश्विक संख्या 1.3 बिलियन के करीब पहुंच गई है। दूसरी तिमाही में, मोबाइल सब्सक्रिप्शन की संख्या कुल 8.3 बिलियन हो गई, जिसमें तिमाही के दौरान 40 मिलियन सब्सक्रिप्शन की शुद्ध वृद्धि हुई। यूनिक मोबाइल सब्सक्राइबर्स की संख्या 6.1 बिलियन थी।

तिमाही के दौरान भारत में सबसे अधिक शुद्ध वृद्धि (7 मिलियन से अधिक) हुई। भारत के बाद चीन (पांच मिलियन) और अमेरिका (तीन मिलियन) मोबाइल सब्सक्राइबर्स रहे। रिपोर्ट में कहा गया है, लगभग 260 कम्युनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर्स (सीएसपी) ने कमर्शियल 5जी सर्विस लॉन्च की हैं। लगभग 35 सीएसपी ने 5जी स्टैंडअलोन (एसए) नेटवर्क लॉन्च किया है।

दूसरी तिमाही में ग्लोबल मोबाइल सब्सक्रिप्शन



पहुंच 105 प्रतिशत थी। तिमाही में मोबाइल ब्रॉडबैंड सब्सक्रिप्शन की संख्या में लगभग 100 मिलियन की वृद्धि हुई, जो कुल 7.4 बिलियन हो गई, जो साल-दर-साल 5 प्रतिशत की वृद्धि है। निष्कर्षों से पता चला कि अब सभी मोबाइल सब्सक्रिप्शन में मोबाइल ब्रॉडबैंड की हिस्सेदारी 88 प्रतिशत है। दूसरी तिमाही 2022 और दूसरी तिमाही 2023 के बीच मोबाइल डेटा ट्रैफिक में 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 4जी सब्सक्रिप्शन में 11 मिलियन की वृद्धि हुई, जो कुल मिलाकर लगभग 5.2 बिलियन है और सभी मोबाइल सब्सक्रिप्शन का 62 प्रतिशत है। तिमाही में मोबाइल ब्रॉडबैंड सब्सक्रिप्शन की संख्या में लगभग 100 मिलियन की वृद्धि हुई, जो कुल 7.4 बिलियन हो गई, जो साल-दर-साल 5 प्रतिशत की वृद्धि है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब सभी मोबाइल सब्सक्रिप्शन में मोबाइल ब्रॉडबैंड की हिस्सेदारी 88 प्रतिशत है।

## जोहो ने 1 मिलियन यूजर्स के आंकड़े को किया पार

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। ग्लोबल सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस (सास) कंपनी जोहो ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अपने 55 से ज्यादा बिजनेस ऐप्लिकेशन में 100 मिलियन यूजर्स को पार कर लिया है। पिछले साल कंपनी का वार्षिक राजस्व 1 अरब डॉलर तक पहुंचने के बाद यह वृद्धि हुई है।



जोहो ने कहा कि 2008 में इनकी संख्या 1 मिलियन से बढ़कर 15 साल बाद 100 मिलियन हो गई है, जबकि आखिरी 50 मिलियन यूजर्स पिछले पांच सालों में जुड़े हैं। जोहो के सह-संस्थापक और सीईओ श्रीधर वेम्बू ने कहा, 'यह किसी भी संगठन के लिए प्रभावशाली है, लेकिन एक बूटस्ट्रैप्ड कंपनी के रूप में हमारे लिए विशेष रूप से सुखद है जिसने कभी भी बाहरी पूंजी नहीं जुटाई और हमने अभी तक काम पूरा नहीं किया है।'

उन्होंने कहा, 'हमारे पास अगले 10 सालों के लिए प्रभावशाली इनोवेशन पाइपलाइन है और हम दुनिया भर के अरबों यूजर्स को सेवा प्रदान करने के लिए टेक्नोलॉजी में निवेश कर रहे हैं।' जोहो के 150 से ज्यादा देशों में 700,000 से अधिक बिजनेस हैं। भारत सबसे तेजी से बढ़ते देशों में से एक है, जहां कंपनी ने अपमार्केट सेगमेंट में तीन साल की सीएजीआर 65 प्रतिशत देखी है। विशेष रूप से मध्य-बाजार और उद्यम खंड अब भारत में जोहो के वार्षिक आवर्ती राजस्व (एआरआर) का 50 प्रतिशत से अधिक के लिए जिम्मेदार है।

## अब भारतपे के चीफ बिजनेस ऑफिस निशांत जैन एंजेल वन ने छोड़ा पद

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। फिनटेक लीडर भारतपे से टॉप लेवल के लोगों के जाने का सिलसिला जारी है। अब, इसके चीफ बिजनेस ऑफिसर (सीबीओ) निशांत जैन कंपनी में 3.5 साल के बाद आगे बढ़ गए हैं। निशांत जैन एंजेल वन (पहले एंजेल ब्रोकिंग) में कार्यकारी निदेशक और सीबीओ (सहायता प्राप्त व्यवसाय) के रूप में शामिल हुए। वह मई 2020 में भारतपे में शामिल हुए थे और भारतपे के व्यापारी आधार को 10 मिलियन तक बढ़ा दिया था। उन्होंने प्रोफेशनल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म लिंक्डइन पर पोस्ट किया, 'मैं एंजेल वन में कार्यकारी निदेशक और सीबीओ (सहायक व्यवसाय) के रूप में एक नया पद शुरू कर रहा हूं! मैं उत्साहित हूं क्योंकि मैं इस नई यात्रा पर निकल रहा हूं, जो इस तरह के अग्रणी संगठन में योगदान देने से



प्रेरित है।' उन्होंने कहा, 'भारतपे के साथ पिछले 3.5 साल शानदार रहे हैं। यह एक रोमांचक अनुभव रहा है, जो सार्थक प्रभाव डालने की संतुष्टि से भरा है।' जैन ने पहले जोमैटो (बिक्री और विकास में अग्रणी), पेप्सी और कोका कोला के साथ काम किया था।

पिछले हफ्ते, भारतपे के पूर्व सीओओ ध्रुव धनराज बहल ने इस्तीफा दे दिया। उन्हें हाल ही में कंपनी के मर्चेंट लेंडिंग डिवीजन के लिए मुख्य व्यवसाय अधिकारी (सीबीओ) के रूप में फिर से नियुक्त किया गया था। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा, 'वह संगठन का अभिन्न अंग रहे हैं और उन्होंने कंपनी के विकास में योगदान दिया है। हम भारतपे की यात्रा में उनके योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं और भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं।' बहल का इस्तीफा हाल के महीनों में फिनटेक फर्म द्वारा देखे गए उच्च-स्तरीय इस्तीफों की एक सीरीज के मद्देनजर था।

मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी विजय अग्रवाल, उपभोक्ता उत्पाद-पोस्टपे के प्रमुख नेहुल मल्होत्रा, ऋण और उपभोक्ता उत्पाद के मुख्य उत्पाद अधिकारी रजत जैन और प्रौद्योगिकी के उपाध्यक्ष गीतांशु सिंगला ने हाल ही में भारतपे से इस्तीफा दे दिया। भारतपे के सीईओ सुहैल समीर ने जनवरी में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

## 87 लाख उपकरणों की तैनाती के साथ पेटीएम की इन-स्टोर भुगतान सेवा और मजबूत

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। अग्रणी भुगतान और वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम ने मंगलवार को तिमाही (जुलाई-अगस्त अवधि) के लिए अपने बिजनेस ऑपरेटिंग परफॉर्मेंस मेट्रिक्स की घोषणा की। फिनटेक दिग्गज ने 87 लाख उपकरणों की तैनाती के साथ भुगतान मुद्रीकरण के अपने नेतृत्व को मजबूत करना जारी रखा है। महीने में 4.9 लाख उपकरणों की वृद्धि देखी गई, इसके भुगतान मुद्रीकरण को और मजबूत किया गया। अपने अभूतपूर्व नवाचारों के साथ, पेटीएम देश भर के छोटे व्यापारियों के लिए नई तकनीक ला रहा है। कंपनी ने हाल ही में नए साउंडबॉक्स उपकरणों की एक श्रृंखला लॉन्च की है - पेटीएम म्यूजिक साउंडबॉक्स, पेटीएम पॉकेट साउंडबॉक्स, इसके बाद अगस्त में पेटीएम कार्ड साउंडबॉक्स का एक और लॉन्च हुआ। पेटीएम ने कहा, 'एक सेवा मॉडल के रूप में हमारी सदस्यता के साथ, उपकरणों को मजबूती से अपनाने से सदस्यता राजस्व और उच्च





भुगतान मात्रा में वृद्धि होती है।' टेक इनोवेटर अपने ग्राहक आधार के निरंतर विस्तार और (जुलाई-अगस्त अवधि) के लिए मासिक लेनदेन उपयोगकर्ताओं (एमटीयू) में 9.4 करोड़ तक 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ ग्राहक जुड़ाव में वृद्धि को दर्शाता है। पेटीएम ने जीएमवी के साथ कुल व्यापारियों की मात्रा में भी वृद्धि देखी, जो सालाना आधार पर 43 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3 लाख करोड़ रुपये (36.3 बिलियन डॉलर) हो गई।

नवीनतम एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, कंपनी ने कहा कि ईएमआई और कार्ड जैसे गैर-यूपीआई उपकरणों के जीएमवी में वृद्धि देखी जा रही है, और उनका ध्यान भुगतान मात्रा पर केंद्रित है जो कंपनी के लिए शुद्ध भुगतान के माध्यम से लाभप्रदता उत्पन्न करता है। अग्रणी बैंकों और एनबीएफसी के साथ साझेदारी में, इसके प्लेटफॉर्म के माध्यम से वितरित कुल ऋण के साथ पेटीएम के ऋण वितरण में भी वृद्धि हुई है, जो सालाना 137 प्रतिशत बढ़कर 10,710 करोड़ रुपये (1.3 बिलियन डॉलर) हो गया है। अब तक की तिमाही में पेटीएम ऐप के माध्यम से वितरित ऋणों की संख्या सालाना आधार पर 47 प्रतिशत बढ़कर 88 लाख हो गई है। वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के परिणामों के अनुसार, पेटीएम ने परिचालन से राजस्व में 39 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की, जो 2,342 करोड़ रुपये थी, जो व्यापारी सदस्यता राजस्व में वृद्धि, जीएमवी में महत्वपूर्ण उछाल और ऋण वितरण में उच्च वृद्धि से प्रेरित थी।

ईएसओपी की लागत बढ़कर 84 करोड़ रुपए होने से पहले कंपनी की परिचालन लाभप्रदता का सिलसिला उसके ईबीआईटीडीए के साथ लगातार तीन तिमाहियों तक जारी रहा।

## डिजिटल ऋण देने वाले प्लेटफॉर्म खाताबुक ने की 40 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। घरेलू डिजिटल ऋण प्लेटफॉर्म खाताबुक ने कथित तौर पर लागत में कटौती और अपने संचालन को सुव्यवस्थित करने के लिए विभिन्न विभागों से 40 से अधिक कर्मचारियों को निकाल दिया है। सूत्रों के मुताबिक, प्लेटफॉर्म ने टाउन-हॉल मीटिंग में सेल्स, मार्केटिंग और एनालिटिक्स और टेक्नोलॉजी वर्टिकल में कर्मचारियों को नौकरी में कटौती की सूचना दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन लोगों ने अपनी नौकरी खो दी है, उन्हें तीन महीने के वेतन समेत सेवरन्स पैकेज दिए गए हैं। खाताबुक ने नवंबर 2021 में अपने ई-कॉमर्स इनेबलमेंट प्रोडक्ट माईस्टोर को बंद कर दिया था। प्लेटफॉर्म ने अब तक 187 मिलियन डॉलर जुटाए हैं, जिसमें ट्राइब कैपिटल और मूर स्ट्रैटेजिक के नेतृत्व में 100 मिलियन डॉलर का सीरीज सी राउंड भी शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, इसके निवेशकों के रूप में पीकएक्सवी और बेटर कैपिटल भी हैं। खाताबुक के सह-संस्थापक और सीईओ रवीश नरेश ने पिछले साल कहा था कि कंपनी अक्टूबर 2023 तक 1,000 करोड़ रुपए की लोन बुक साइज हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

## बिंग, आईमैसेज को यूरोपीय संघ की 'गेटकीपर' लिस्ट का हिस्सा नहीं बनाना चाहते माइक्रोसॉफ्ट व एप्पल

**लंदन,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। यूरोपीय आयोग 6 सितम्बर को नए डिजिटल मार्केट एक्ट (डीएमए) के हिस्से के रूप में नामित 'गेटकीपर्स' की एक लिस्ट प्रकाशित करने की तैयारी कर रहा है। माइक्रोसॉफ्ट और एप्पल कथित तौर पर बिंग और आईमैसेज को लिस्ट से दूर रखने पर जोर दे रहे हैं। एक बार जब यूरोपीय संघ अपने गेटकीपर्स को नामित कर देता है, तो उनके पास डीएमए के नियमों का पालन करने के लिए छह महीने या मार्च 2024 तक का समय होगा। द फाइनेंशियल टाइम्स के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट और एप्पल निजी तौर पर यह तर्क दे रहे हैं कि उनकी सेवाएं इतनी बड़ी या शक्तिशाली नहीं हैं कि डिजिटल बाज़ार अधिनियम के प्रतिबंधों को उचित ठहरा सकें। माइक्रोसॉफ्ट का विंडोज प्लेटफॉर्म गेटकीपर की परिभाषा को पूरा करता है। हालांकि, इसका तर्क है कि ग्लोबल सर्च मार्केट में बिंग की अपेक्षाकृत छोटी हिस्सेदारी (गूगल की तुलना में) नए नियमों के साथ और भी कम हो सकती है। कथित तौर पर एप्पल उन तरीकों पर भी काम कर रहा है जो आईओएस को थर्ड पार्टी ऐप स्टोर के लिए खोलेंगे और नए नियमों का पालन करने के लिए साइडलोडिंग करेंगे। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार, टेक दिग्गज का तर्क है कि आईमैसेज को अन्य मैसेजिंग सेवाओं के साथ इंटरऑपरेट नहीं करना चाहिए। एप्पल और माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन, अल्फाबेट, मेटा, बाइटडांस और सैमसंग के साथ, यूरोपीय संघ 'गेटकीपर्स' लिस्ट का हिस्सा होंगे और यह निर्धारित करेंगे कि किन प्रोडक्ट को डीएमए के तहत कवर किया जाना चाहिए। डीएमए 'गेटकीपर्स' की पहचान करने के लिए स्पष्ट रूप से परिभाषित उद्देश्य मानदंडों का एक सेट स्थापित करता है। गेटकीपर बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म हैं जो तथाकथित कोर प्लेटफॉर्म सर्विस प्रदान करते हैं, जैसे उदाहरण के लिए ऑनलाइन सर्च इंजन, ऐप स्टोर, मैसेंजर सर्विस।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों सहित सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट फिसलकर 3875 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.10 सेंट की तेजी लेकर 63.57 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना , मसूर दाल , मूंग दाल और उड़द दाल, अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## फोनपे ने अपने स्मार्टस्पीकर पर अमिताभ बच्चन के साथ सेलिब्रिटी वॉयस फीचर लॉन्च किया

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (एजेंसियां)। फोनपे ने प्रतिष्ठित भारतीय अभिनेता अमिताभ बच्चन के सहयोग से अपने स्मार्टस्पीकर पर अपनी तरह का पहला सेलिब्रिटी वॉयस फीचर लॉन्च किया है। नई सुविधा भारत भर में फोनपे स्मार्टस्पीकरों को अमिताभ बच्चन की विशिष्ट आवाज़ में पेमेंट के सफल होने की जानकारी देगी। यह इंडस्ट्री-फर्स्ट सेलिब्रिटी वॉयस फीचर वर्तमान में हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। इसे भविष्य में अन्य भाषाओं में शुरू करने की योजना है। फोनपे स्मार्टस्पीकर एक साल पहले लॉन्च किया गया था और तबसे 19,000 पोस्टल कोड (देश के 90 प्रतिशत से अधिक को कवर करते हुए) में व्यापारी भागीदारों ने चार मिलियन डिवाइस का उपयोग किया है। कंपनी ने कहा है कि स्मार्टस्पीकर देश भर में 100 करोड़ (1,000 मिलियन) लेनदेन को मान्य करते हैं। अमिताभ बच्चन की विशेषता वाली एक सेलिब्रिटी आवाज के शामिल होने से व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए भुगतान अनुभव बेहतर हो जाएगा, जिससे यह पहले से कहीं अधिक इंटरैक्टिव होगा।





फोनपे के ऑफलाइन बिजनेस के प्रमुख विवेक लोहचेब ने कहा कि हमें पूरे भारत में व्यापारी भागीदारों के लिए अपने स्मार्टस्पीकर पर एक अद्वितीय सेलिब्रिटी वॉयस फीचर लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। अमिताभ बच्चन की आवाज तुरंत और सार्वभौमिक रूप से याद की जाती है। यह देश भर में लाखों भारतीयों के साथ गूंजती है। उन्होंने कहा कि चार में से एक भारतीय फोनपे ऐप को यूज करता है। इस नाते हमारा मानना है कि यह सहयोग व्यापारियों और ग्राहकों के लिए फोनपे स्मार्टस्पीकर की लोकप्रियता को और बढ़ाएगा। फोनपे फॉर बिजनेस ऐप से नई सुविधा को सक्षम करने के लिए व्यापारियों को पहले फोनपे फॉर बिजनेस ऐप खोलना होगा और फिर होम स्क्रीन पर स्मार्टस्पीकर अनुभाग पर जाना होगा।

'माई स्मार्टस्पीकर' के तहत 'स्मार्टस्पीकर वॉयस' पर क्लिक करें, फिर पसंदीदा भाषा में अमिताभ बच्चन की आवाज चुनें। आवाज को एक्टिव करने के लिए 'कन्फर्म' पर क्लिक करें। डिवाइस कुछ ही घंटों में अमिताभ बच्चन की आवाज में अद्यतन भाषा के साथ रीबूट हो जाएगा। इसके अलावा फोनपे स्मार्टस्पीकर को बाजार में खड़ा करने वाली कुछ अन्य विशेषताओं में पोर्टेबिलिटी, श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ बैटरी, सबसे शोर वाले वातावरण में भी शानदार ऑडियो स्पष्टता और कॉम्पैक्ट और बहुमुखी फॉर्म फैक्टर शामिल हैं, जो व्यापारियों को उपयोग करने की अनुमति देता है। यह सबसे भीड़भाड़ वाले काउंटर स्थानों में भी है।

### सार संक्षेप

## एमएसएमई प्रमोशन काउंसिल ने तमिलनाडु में बढ़ाये अपने कदम

चेन्नई। एमएसएमई प्रमोशन काउंसिल ने तमिलनाडु में अपने दायरे को बढ़ाया और उसके नए पदाधिकारियों ने कार्यभार संभाला है। संगठन ने आज यहां जारी बयान में कहा कि एमएसएमई बिजनेस स्केल अप शिखर सम्मेलन के दौरान तमिलनाडु टीम के सभी सदस्यों ने शपथ ली। तमिलनाडु अध्यक्ष एम वी चौधरी समेत अन्य पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में तमिलनाडु समेत अन्य राज्यों से उद्योगपति शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य तमिलनाडु समेत भारत के उद्योग जगत से जुड़े उद्यमियों को हो रही परेशानी और उन्हें बिजनेस से जुड़ी जानकारियां, सरकारी योजना का लाभ पहुंचाना है।

## पीएफसी देगा असम पेट्रोकेमिकल्स को 1229 करोड़ की कर्ज सहायता

नई दिल्ली। पावर फाइनेंस कार्पोरेशन (पीएफसी) और असम पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एपीएल) के बीच सोमवार को 1229 करोड़ रुपए के सावधि ऋण के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। पीएफसी की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह ऋण असम में नामरूप में एपीएल की 5 टन प्रति दिन (टीपीडी) मेथनॉल संयंत्र और 11 मेगावाट कैप्टिव बिजलीघर (सीपीपी) परियोजना तथा बोइटामारी में कंपनी के 2 टीपीडी फॉर्मेलिन प्लांट और`.9 मेगावाट क्षमता के कैप्टिव बिजलीघर के लिए दिया जा रहा है। इनकी लागत 1827 करोड़ रुपए अनुमानित है। नामरूप में एपीएल के 11 मेगावाट सीपीपी सहित 5 टीपीडी मेथनॉल संयंत्र का उद्घाटन इसी वर्ष 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।

## सैमसंग को पछाड़कर एप्पल बन सकता है ग्लोबल स्मार्टफोन लीडर

नई दिल्ली। अपकमिंग आईफोन 15 सीरीज के बाजार में बेहतर परफॉर्मेंस के साथ एप्पल के पास सैमसंग को ग्लोबल मार्केट लीडर के रूप में हटाने का अच्छा मौका है। मार्केट इंटेलिजेंस कंपनी ट्रेंडफोर्स के अनुसार, 223 की दूसरी तिमाही में, सैमसंग ने 53.9 मिलियन यूनिट्स की डिलीवरी के साथ प्रोडक्शन रैंकिंग में नेतृत्व करना जारी रखा, जबकि एप्पल की दूसरी तिमाही प्रोडक्शन के मामले में सबसे कमजोर रही, जिसने 42 मिलियन यूनिट्स की डिलीवरी की। हालांकि, सैमसंग को 12.4 प्रतिशत (तिमाही-दर-तिमाही) गिरावट का सामना करना पड़ा, जबकि एप्पल ने पिछली तिमाही की तुलना में 21.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्लोबल स्मार्टफोन प्रोडक्शन में लगातार गिरावट देखी गई है। शोधकर्ताओं ने कहा, '223 की पहली तिमाही में लगभग 2 प्रतिशत की गिरावट के बाद, दूसरी तिमाही में संख्या लगभग 66 प्रतिशत और कम हो गई, जो मामूली 272 मिलियन यूनिट पर आ गई।

# कांग्रेस ने किया एसईसीएल मुख्यालय के सामने जंगी प्रदर्शन

## राष्ट्रपति के नाम सीएमडी को सौंपा ज्ञापन

## जमीन हमारी,जंगल,पानी हमारा पर उसका लाभ अडानी को क्यों? -केशरवानी





बिलासपुर , 5 सिंतबर (देशबन्धु)। ज़िला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज एसईसीएल मुख्यालय के सामने धरना ,प्रदर्शन और घेराव करने के बाद महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसईसीएल के सीएमडी को ज्ञापन सौंपा गयाऔर मांग की गई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अडानी ग्रुप को खदान आबंटन किया गया है उसे निरस्त किया जाए । घेराव में बिल्हा ,तखतपुर, बेलतरा, कोटा,रतनपुर, मस्तूरी, सकरी , बेलगहना,से हजारो की संख्या में कांग्रेसजन आये थे , एसईसीएल में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त थे , गेट के सामने बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी तैनात थे , मुख्य द्वार को बन्द कर एंगल से लॉक कर दिया गया था ,भीड़ इतनी थी कि सड़के पूरी तरह जाम हो गई थी जैसे कोई चक्का जाम किया हो , घेराव को समर्थन देने के लिए गारे पेलमा क्षेत्र के सरपंच चक्रधर राठिया ,राजेश त्रिवेदी बड़ी संख्या में घेराव को समर्थन देने के लिए आये थे। ज्ञापन सौंपने वालो में जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, संसदीय सचिव श्रीमति रश्मि आशीष सिंह , पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला ,पूर्व महापौर राजेश पांडेय आदि थे । मंच संचालन प्रदेश प्रवक्ता विनय शुक्ला और जगदीश कौशिक ने किया ।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश के हित मे कोल खदानों को अडानी को नही देना चाह रहे है जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अडानी को देने में लगे हुए है ,भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के रक्षा कवच के रूप में चट्टान की तरह खड़े हुए है इससे परेशान प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ सरकार को बदनाम करने ,डर-भय पैदा करने के लिए लगातार ईडी ,सीबीआई आईटी की रेड डलवा रही है , विजय केशरवानी ने कहा कि जमीन हमारी ,जंगल हमारा ,पानी हमारा पर उसका लाभ अडानी को क्यो ? केंद्र की मोदी सरकार देश की सभी केंद्रीय प्रतिष्ठानो को एक एक कर बेच रही है , एयर पोर्ट, रेल , एयर लाइन्स, बीएसएनएल , एलआईसी ,एनटीपीसी ,बंदरगाह,जो नवरत्न कम्पनियो के नाम से जाने जाते है , जब नरेंद्र मोदी सत्तासीन हुए है तब कांग्रेस के द्वारा बनाई गई प्रतिष्ठानों को अपने मित्र अडानी को ही बेच रहे है ,जब देश की पूरी संपत्ति बिक जाएगी फिर देश की अर्थ व्यवस्था कैसे चलेगा ? क्या केंद्र सरकार अडानी के रहमोकरम पर चलेगा? इन 9 वर्षों में देश का कुल कर्ज़ 155 लाख करोड़ हो गया जो 66 वर्ष में 55 लाख करोड़ थी ,नरेंद्र मोदी की गलत आर्थिक नीति का दुष्परिणाम है कि आज देश सभी क्षेत्रों में अफगानिस्तान, पाकिस्तान, श्रीलंका , बांग्लादेश जैसे देशों से पिछड़ गया है। विजय केशरवानी ने कहा छत्तीसगढ़ एक संसाधन सम्पन्न प्रदेश है जिसके पास खनिज संपदा की प्रचुरता है ,पानी है ,जंगल है, जमीन है, और भोलीभाली जनता है इसलिए केंद्र सरकार हर हाल में छत्तीसगढ़ को अडानी के हवाले करने के लिए ईडी ,सीबीआई ,आईटी के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार पर दबाव बना रही है। विजय केशरवानी ने कहा कि नरेंद्र मोदी अपने मित्र उद्योगपति गौतम अडानी को 8 कोल् ब्लॉक को दे चुका है ,जिसका देखरेख, खनन , रखरखाव सभी अडानी समूह करेगा ,गारे पेलमा देश का सबसे बड़ा खदान में तीसरे नम्बर का है ,जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कौड़ी के दाम पर अडानी को सौप दिया। है , इससे छत्तीसगढ़ को बड़ी हानि होगी ,युवा बेरोजगार हो जाएगा ,जंगल काट दिए जाएंगे, पानी दूषित होगा ,बिजली महंगी हो जाएगी , प्रधानमंत्री के इस निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पार्टी आंदोलन करती रहेगी जब तक लीज निरस्त न हो जाये । शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि चूंकि भाजपा या उसके पूर्ववर्ती पार्टी या संस्थाओ का आज़ादी की लड़ाई में कोई भूमिका नही रही है ये लोग अंग्रेजो के मुखबिर बने घूम रहे थे ,और ये चाह रहे थे कि देश कभी आज़ाद न हो इसलिए देश की सम्पत्ति को बेचने में कोई पीड़ा नही हो रही है ,कांग्रेस देश को शून्यता से शिखर तक पहुंचाया है ,इसलिए आज भी कांग्रेस देश को एक मजबूत और सशक्त राष्ट्र के रूप में देखना चाहती है ,भाजपा का व्यवहार देशहित में बिल्कुल नही है जब पुरखु संपत्ति को अडानी खरीद लेगा और अन्य मोदियो की तरह विदेश चला जायेगा तब देश की स्थिति क्या होगी कोई भी भाजपा का नेता नही सोच रहा है। संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिलासपुर के सांसद अरुण साव से सीधा प्रश्न है कि गारे पेलमा की खदान को अडानी समूह को देना क्या छत्तीसगढ़ की अस्मिता और हित मे है? छत्तीसगढ़ के युवाओं से उनका अधिकार छीना जा रहा है , यदि अरुण साव के अंदर छत्तीसगढ़िया पन है तो इस खदान आबंटन का विरोध करे और जिस भी प्लेटफार्म में खदान आबंटन की निरस्त करने के लिए जाएंगे हम खड़े रहेंगे । मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, जगजीत मक्कड़, पूर्व महापौर राजेश पांडेय, भुवनेश्वर यादव, राजेन्द्र साहू ने भी सम्बोधित किया। घेराव में जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, संसदीय सचिव रश्मि आशीष सिंह, मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, जगजीत मक्कड़, नरेंद्र बोलर, पूर्व महापौर राजेश पांडेय, भुवनेश्वर यादव, विनय शुक्ला,जगदीश कौशिक, विनोद साहू, झगगर राम सूर्यवंशी, पिंकी निर्मल बत्रा, सीमा घृटेश, रामरतन कौशिक, रमेश सूर्या, राजू देवांगन, लक्की मिश्रा,जावेद मेमन, चक्रधर राठिया,राजेश त्रिवेदी, महेंद्र गंगोत्री, सिद्धांशु मिश्रा,राकेश शर्मा,नाजिम खान, नीरज जायसवाल,मनीष गडवाल , सुरेश टण्डन, राम प्रसाद साहू, शैलेन्द्र जायसवाल ,आदि उपस्थित थे।

# आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप काम करें अधिकारी




## कलेक्टर ने नोडल अफसरों की बैठक लेकर की चुनाव तैयारियों की समीक्षा

**बिलासपुर** , 5 सिंतबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव झा ने आज विधानसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त नोडल अफसरों की बैठक लेकर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप जिले में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिहीन चुनाव संपन्न कराने के लिए उपयोगी टिप्स दिए। कलेक्टर ने कहा कि वरिष्ठ अफसरों को नोडल अधिकारी बनाकर हर काम के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे सभी पूर्व में काम कर चुके मातहत कर्मियों की सेवाएं लेकर सफलतापूर्वक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। उन्होंने मार्गदर्शी किताबों के अलावा निर्वाचन आयोग की वेबसाईट में जाकर अपनी जिम्मेदारी का अच्छी तरह समझकर काम करने की सबसे अपेक्षा की है।

कलेक्टर ने बैठक में प्रमुख रूप से जनशक्ति प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, निर्वाचन सामग्री प्रबंधन, परिवहन प्रबंधन, कम्प्यूटरीकरण, साईबर सेक्यूरिटी एवं आईटी, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधन, ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट सुरक्षा, आदर्श आचरण संहिता, निर्वाचन व्यय लेखा मॉनीटरिंग, डाक मतपत्र, मीडिया प्रबंधन एवं एमसीएमसी, संचार प्रबंधन, निर्वाचक नामावली प्रबंधन, शिकायत एवं समाधान, प्रेक्षक के साथ समन्वय, वेबकॉस्टिंग, यातायात व्यवस्था, वीडियोग्राफी, लेखा एवं मतदान दलों का मानदेय वितरण तथा भोजन व्यवस्था आदि के संबंध में नियुक्त नोडल अधिकारियों को उनके कर्तव्यों के प्रति सचेत किया एवं सावधानी से ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। बैठक में निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल, एडीएम आरए कुरूवंशी, अपर कलेक्टर शिवकुमार बनर्जी सहित सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# सार-संक्षेप



## राधा कृष्ण मंदिर में हलषष्टी व खमरछठ धूमधाम से मना

**बिलासपुर** , 5 सिंतबर (देशबन्धु)। जूना बिलासपुर राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण मे हलषष्टी पूजा एवम् खमर छठ पर्व बड़े उल्लास व धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम पुत्र की लंबी आयु की कामना लिए सभी व्रती महिलाएं सात्विक भाव से हलधर भगवान श्री बलराम के जन्मोत्सव को श्रद्धा पूर्वक मनाने कुमार भुइयां (बिना हल जुताई) से एकत्र पसहर चावल एवं छह प्रकार के पंचमिंझ्चरा भाजी एवम् मिर्च सहित लाई, महुआ, कुश के पौधे, भैंस के दूध, दही और घी को पीतल के बर्तन एवम् पत्तल दोना में लेकर पीतल के पात्र में ही जल लेकर मंदिर प्रांगण मे बनाए गए तालाब एवम् पैठू के प्रतीकात्मक कुंड के चारो तरफ एकत्र होकर विधि विधान से पूजन किए । मंदिर के पुजारी पंडित जी द्वारा हलशाष्ठी व्रत का महात्यम बताते हुए परंपरानुसार विधि विधान से सामूहिक पूजन वैदिक मंत्रोच्चार एवम् कथा वाचन कर सम्पन्न कराया। पुत्रों की लंबी आयु की कामना से उपवास रहकर सभी महिलाओं ने पूजन पश्चात अपने बच्चों के पीठ में छह नए कपड़े की टुकड़ों से बने पोती को जल कुंड के पानी से भिगोकर भगवान बलभद्र के आशीर्वाद स्वरूप कंधे मै पोती थपकी देकर आशीर्वाद दिया एवम् बच्चो में प्रसाद एवम् खिलौना वितरण किया। बड़ी संख्या मे व्रती महिलाए एवम बच्चे उपस्थित थे।

## शिक्षक दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए चंद्रप्रकाश



**बिलासपुर** , 5 सिंतबर (देशबन्धु)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सूर्या शिक्षक दिवस के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत महमंद एवं धुर्वाकारी के शिक्षक दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए गुरुजनों को शाल श्रीफल देकर उनका सम्मान किया। उसके पश्चात अनेकों स्कूल में जाकर और भी गुरुजनों से मिलकर उन्हें शिक्षक दिवस की बधाई दी, एवं सम्मान किया स्कूल में बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की पुस्तकस्था तू या विद्या, परहस्त गतम् धनंम, कार्यकाले समुतपन्ने न शा विद्या न तद् धनम,, पुस्तक में रखे हुए विद्या और दूसरों के हाथ में गया । हुआ धन समय पढ़ने पर न विद्या काम आती है ना धन इसलिए हमको विद्या को पुस्तक में नहीं रखना है बल्कि हमें ज्ञान अर्जन करना है शिक्षा ही जीवन का सार है ज्ञान जहां से मिले मिले उसे ग्रहण करना चाहिए, इस कार्यक्रम में तिलक साहू, ओमप्रकाश ,बाला यादव ,नरेंद्र शांडिल्य, जसवंत जांगड़े ,सूर्य प्रकाश ,जितेन पाटले शामिल हुए।

## मूक बधिर विद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस

**बिलासपुर**,5 सिंतबर (देशबन्धु)। श्रवण बाधित बालिका आवासीय विद्यालय में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान किया गया। नूतन चौक स्थित सत्य साई हेल्प वे श्रवण बाधित बालिका आवासीय आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अविनाश मिश्रा थे। संस्था संचालिका ममता मिश्रा ने संस्था के विषय में बताया एवं विद्या गोवर्धन, रेणु गौतम एवं ममता पाण्डेय को उनके विशेष समाजिक कार्य हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रंजना पाण्डेय, अल्पी सिदारा, प्रगति सिंह, संध्या चंद्रसेन, रविन्दु कुमार सिंह उपस्थित थे।

# राधा कृष्णन को कांग्रेसियों ने किया याद



**बिलासपुर** , 5 सिंतबर (देशबन्धु)। ज़िला कांग्रेस कमेटी ( शहर/ग्रामीण ) ने 5 सितम्बर को सर्वपल्ली राधा कृष्णन की जयंती मनाई और उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद की गईं। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि सर्वपल्ली राधा कृष्णन एक फिलॉस्फर , शिक्षक थे ,जिनका राजनीति से कोई सरोकार नही रहा किन्तु नेहरू जी ने उनकी योग्यता और काबिलियत को देखते हुए राष्ट्र विकास में उनके सहभागिता सुनिश्चित की ,उन्हें सोवियत रूस में राजदूत बनाकर भेजा गया ,वे दो बार उपराष्टपति बनाये गए और देश का दूसरा राष्टपति बने उन्हें कई सम्मानों से नवाजा गया ,उन्हें भारतरत्न की उपाधि भी दी गई।

संयोजक ज़फ़र अली, एसएल रात्रे,हरीश तिवारी, चंद्र प्रकाश देवरस ने कहा कि सर्व पल्ली राधा कृष्णन का जन्म एक कुलीन ब्राम्हण परिवार में हुआ , पिता राजस्व विभाग में सेवा रत थे, राधा कृष्णन तीक्ष्ण बुद्धि के मेघावी छात्र रहे ,उनका प्रिय विषय रहा भारतीय दर्शन , वे दर्शन शास्त्र के प्रोफेसर रहे ,चार विश्वविद्यालयो में वाईस चांसलर भी रहे ,उन्हीने विवेकानन्द के बाद भारतीय दर्शन को विश्वपटल पर स्थापित करने वाले थे , उनका दर्शन अद्वैत वेदान्त पर आधारित था । जहां पश्चिम दर्शन का प्रभाव था ,ऐसे में भारतीय दर्शन को विश्व स्तर पर स्थापित करना बड़ी चुनौती थी । कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, संयोजक ज़फ़र अली,हरीश तिवारी, एसएल रात्रे,विनोद श्रम,त्रिभुवन कश्यप, चंद्र प्रकाश देवरस, माधव ओतलवार, चंद्र शेखर मिश्रा,विनोद साहू,सुभाष ठाकुर,अरविंद शुक्ल,पिंकी बत्रा, सावित्री सोनी, अफ़रोज़ खान,शांति उपाध्याय,त्रिवेणी भोई,अनिल घोरे,गणेश रजक,चन्द्रहास केशरवानी,बद्री जायसवाल,राजेन्द्र वर्मा,मनोज शर्मा,मनोज सिंह,मनोज शुक्ला,अनिल सिंह,लक्ष्मी जांगड़े आदि उपस्थित थे ।

# अमृत की पहली बूंदः अमृत मिशन योजना की हुई सफल टेस्टिंग

## शाम के वक्त सरकंडा के 7 हजार घरों में पहुंचा अमृत मिशन का शुद्ध पानी

### सरकंडा के चारों टंकी में भरा गया,खूंटाघाट से पहुंचा पानी

### योजना के शुरू होने से बोर होंगे बंद,भूजल का बढ़ेगा स्तर 37 हजार घरों तक पहुंचेगा खूंटाघाट का पानी

### जल्द ही होगा लोकार्पण



**बिलासपुर**, 5 सिंतबर (देशबन्धु)। खूंटाघाट बांध से शहर के 37 हजार घरों तक शुद्ध पानी पहुंचाने की बिलासपुर शहर की महत्वाकांक्षी योजना अमृत मिशन का आज सफल परीक्षण किया गया। मंगलवार को शाम के वक्त खूंटाघाट बांध से सप्लाई किया हुआ पानी सरकंडा के 7 हजार घरों तक पहुंचा। निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत के निर्देश पर आज से अमृत मिशन योजना के तहत घरों तक पानी सप्लाई करने की टेस्टिंग शुरू की गई,सरकंडा के चारों पानी टंकी से इसकी शुरूआत की गई है। घरों तक शुद्ध पानी पहुंचाने का परीक्षण सफल होने के बाद अब इसके लोकार्पण की तैयारी शुरू कर दी गई है।

शहर में उपयोग करने के लिए भू जल आधारित पानी सप्लाई के विकल्प में खूंटाघाट बांध के ज़रिए पानी घरों तक पहुंचाने की केंद्र शासन की अमृत मिशन योजना के तहत बिलासपुर में सन 2017 में 301 करोड़ की लागत से नगर निगम द्वारा काम प्रारंभ किया गया था। शुरूआत में अशोक नगर(बिरकोना) में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया गया और खूंटाघाट बांध से ट्रीटमेंट प्लांट तक 27 किमी पाइपलाइन बिछाने का काम किया गया। शहर के 37 हजार घरों तक पानी सप्लाई के लिए शहर के अंदर भी पाइपलाइन और कनेक्शन देने का काम भी पूरा किया गया। अशोक नगर स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में 2090 केएल और 4680 केएल क्षमता के दो पानी टंकी (एमबीआर)बनाए गए है,जहां सबसे पहले पानी पहुंचता है। उसके बाद बांध से आए पानी का ट्रीटमेंट कर शहर के टंकियों के माध्यम से घरों तक पहुंचाया जा रहा है।

### सरकंडा क्षेत्र में की गई टेस्टिंग

टेस्टिंग के तहत सरकंडा क्षेत्र की चार टंकी जिसमें 2000 केएल क्षमता के अशोक नगर,1150 केएल क्षमता के नूतन चौक,450 केएल क्षमता के चांटीडीह और 1375 केएल क्षमता के पटवारी ट्रेनिंग सेंटर स्थित पानी टंकी में पानी पहुंचाया गया। जिसके ज़रिए सरंकडा क्षेत्र के 7 हजार घरों में निर्बाध रूप से पानी पहुंची।

### खूंटाघाट से पहुंचेगा पानी

अमृत मिशन योजना के तहत शहर के 37 हजार घरों में खूंटाघाट बांध का पानी पहुंचेगा। इसके लिए शहर को 31 एमसीएम पानी की जरूरत है जिसकी आपूर्ति खूंटाघाट बांध से की जाएगी। अमृत मिशन के तहत पानी सप्लाई शुरू हो जाने से बोरिंग के ज़रिए टंकी में होने वाली पानी सप्लाई बंद हो जाएगी जिससे शहर का भू जल स्तर रिचार्ज होगा और पानी की समस्या से निजात मिलेगी खासकर गर्मी के मौसम में भी शहर का जल स्तर गिरेगा नहीं।

# युवाओं में जन जागृति पैदा करना प्रेरणादायक

## जन जागृति समारोह में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष सुभाष परते

**बिलासपुर** , 5 सिंतबर (देशबन्धु)। जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ छत्तीसगढ़ वनांचल क्षेत्र के ग्राम पर्रापथर्रा (बोड़ा) में सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग द्वारा वनांचल ग्राम में संवैधानिक हक अधिकार के लिए जन जागरूकता अभियान चला रखा है, जहां युवा पदाधिकारीयो द्वारा मूल निवासियों को प्रशिक्षण देकर युवाओं में अपनी संस्कृति रीति, रिवाज, वेशभूषा, नशा मुक्ति शिक्षा के प्रति जागरूकता को लेकर युवाओं की टीम तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष परते आमंत्रित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बिलाईगढ़ से युवा साथियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत फूल माला गाजे बाजे पटाखों के साथ बिलाईगढ़ से रैली निकालकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे जहां सभा सम्मेलन एवं संगोष्ठी आयोजित थी। इस अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियों ने देव पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बालिकाओं ने मनमोहन लोक संगीत पर अपनी प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को मनमोहक बना दिया एवं अपनी संस्कृति को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया।




इस अवसर पर क्षेत्र के समाज प्रमुखों ने अपने भाषणों में सामाजिक एकता पर बोल दिए अंत में मुख्य अतिथि युवा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष परते ने अपने भाषण में कहा सूदूर ग्रामीण वनांचल जहां विकास एक सपना है, ऐसे ग्रामों में संगठन के द्वारा युवाओं में जन जागृति जैसे कार्यक्रम आयोजित करना निश्चित ही तारीफ एवं प्रेरणादायक कार्य है । आज के परिदृश्य में युवा साथी समाज को आगे बढ़ाने के लिए जो यह सराहनीय कार्य कर रहे हैं वह निश्चित ही एक स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा एवं समाज में बदलाव लाएगा आप सभी आगे बढ़ते रहें पूरा संगठन आपके संवैधानिक मांगो में मदद करेगा । इस अवसर पर इस कार्यक्रम को लेकर समाज प्रमुखों ने भी समाज के युवा साथियों की भूरि भूरि प्रशंसा की एवं अपने-अपने संदेशों में समाज के सामाजिकता पर बोल दिए कार्यक्रम द्वारा प्रतिभावान युवा युवतियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सहदेव सिद्धार्थ ने मंच संचालन किया साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में महेतर सिदार, संजय कंवर, सतीश नेताम, जवाहिर खैरवार, अर्चना सिदार, जय सिंह ओटी, विश्वनाथ सिदार, भुवनेश्वर खैरवार एवं जिले के प्रमुख कर रहे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र गणमान्य हजारों की संख्या में सम्मिलित हुए जिनमें उत्साह देखा गया।

# समरसता भोज 22 समाज के प्रतिनिधि हुए शामिल

## असम विधायक दीपायन ने जूठी पत्तल उठाई , दिया सामाजिक समरसता का संदेश



बिलासपुर , 5 सिंतबर (देशबन्धु)। मस्तूरी विधानसभा के प्रवासी विधायक कार्यक्रम के तहत मस्तूरी पहुंचे असम के विधायक दीपायन चक्रवर्ती व मस्तूरी विधायक डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी देवरीखुर्द के गदा चौक स्थित क्षत्रिय बिल्डिंग के प्रथम तल में आयोजित समरसता भोज में शामिल हुए। इसमें सभी समाज के लोगों ने एक साथ बैठ कर भोजन किया। विधायक दीपायन ने भोज में शामिल लोगों की पत्तलें उठाई। विधायक चक्रवर्ती और डा बांधी ने समाज के माते- मुखियांजनों का श्रीफल से सम्मान किया। उन्होंने कहा कि छुआ-छूत और भेद-भाव जैसी सामाजिक बुराईयों भाषण देने से दूर नहीं होगी। इसके लिए जमीनी स्तर पर कार्य करना होगा। इस दौरान डॉ. बांधी ने कहा कि समाज में समरसता लाने के लिए सामाजिक समरसता कुटुम्बकम तैयार किये जायेंगे। ऐसे एक हजार कुटुम्बकम का निर्माण किया जाएगा। जिनके जरिये सामाजिक समरसता बनाएं रखने का कार्य किया जाएगा। समरसता कुटुम्बकम में लोग बिना किसी भेद भाव के सुख दुख में शामिल होंगे। उन्होंने कहा यदि हम किसी को अपना परिवार माने तो उसके हर सुख-दुख में बराबरी के भागीदार बनें, उनकी मदद करें। विधानसभा के संयोजक बी पी सिंह ने कहा भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो सभी समाज सभी धर्म पंथ का सम्मान करती है आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एजेंडे में हम सभी समान है हम सभी एक है । डॉ बांधी हमारे क्षेत्र के विकास पुरुष है जिन्होंने सभी समाज के हर मांग को पूरा करने का प्रयास किया है ।

**NECC**

| 06.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.80 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 6.00 | 95 | 190 |

डिलीवरी 4.95 सैकड़ा

दर्जन अंडा 70 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188